रजिस्ट्री सं० डी०—(डी)—73

REGISTERED NO. D.(D)—73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 47] नई दिल्ली, शनिवार, नवम्बर 21, 1981 (कार्तिक 30, 1903)

No. 47] NEW DELHI, SATURDAY, NOVEMBER 21, 1981 (KARTIKA 30, 1903)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

भाग III—खण्ड 4
[PART III—SECTION 4]

विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिसमें कि आदेश, विज्ञापन और सूचनाएं सम्मिलित हैं

[Miscellaneous Notifisations including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies]

भारतीय स्टेट बैंक

केन्द्रीय कार्यालय

बम्बई, दिनांक 25 सितम्बर 1981

सूचनाएं

इसके द्वारा बैंक में की गई स्टाफ की नियुक्ति की निम्नलिखित सूचना दी जाती है ।

श्री एन० एन० महाजन ने कानपुर सर्किल के मुख्य महाप्रबन्धक के पद का पदभार 10 सितम्बर 1981 से ग्रहण किया ।

श्री एन० अग्रवाल ने महाप्रबन्धक श्रेणी में, केन्द्रीय कार्यालय में मुख्य सतर्कता अधिकारी का पदभार 22 सितम्बर, 1981 से ग्रहण किया ।

आर० पी० गोयल
उप प्रबंध निदेशक
कार्मिक एवं सेवाएं

कृषि ऋण विभाग

केन्द्रीय कार्यालय

गारमेंट हाउस, पो०आ०सं० 16575

बम्बई-400018, दिनांक 22 अक्तूबर 1981

सं० ए० सी०डी०. 59/ए० 18-81/82—बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 56 के खन्ड (यक) के साथ पठित धारा 36 'क की उपधारा (2) के अनुसरण में भारतीय रिजर्व बैंक इसके द्वारा यह अधिसूचित करता है कि निम्नलिखित वेतन भोगियों की समितिया उक्त अधिनियम के प्रयोजन के लिए सहकारी बैंक नही रह गयी हैं : —

क्रम सं०	समिति का नाम	राज्य
1.	वेस्टर्न रेलवे एम्प्लाईज को-आपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड उदयपुर	राजस्थान
2.	बी०वाई कंजरवेसी एम्प्लाईज को-आपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड बम्बई	महाराष्ट्र

रमेशचन्द्र प्रधान
अपर मुख्य अधिकारी

कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम
बम्बई, दिनांक 13 अक्तूबर 1981

सं. जी. एस. आर.—कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम अधिनियम, 1963 (1963 का 10) की धारा 32(2) के अनुसरण में 30 जून, 1981 को समाप्त हुए वर्ष के लिये निगम के कार्य तथा 30 जून, 1981 को समाप्त हुए वर्ष के लिए निगम के तुलन-पत्र तथा लाभ हानि लेखे पर बोर्ड की रिपोर्ट नीचे प्रकाशित की जाती है।

करोड़ रुपये

साधन	30 जून को समाप्त हुए वर्ष को			उपयोग	30 जून को समाप्त हुए वर्ष को		
	1979	1980	1981		1979	1980	1981
चुकता शेयर पूंजी, प्रारक्षित निधि और अन्य निधियां	85	90	103	निम्नलिखित को प्रदान किया गया पुनर्वित्त (बकाया)			
भारत सरकार से उधार (जिसमें अंविसंघ/अंपुवि बैंक की सहायता)	502 (444)	645 (548)	879 (679)	राज्य भूमि विकास बैंक (जिसमें से अंविसंघ/अंपुवि बैंक परियोजनाओं के अधीन)	663 (435)	750 (484)	859 (559)
भारतीय रिजर्व बैंक की दीर्घकालीन प्रवर्तन निधि से	264	315	366	अनुसूचित वाणिज्य बैंक (जिसमें से अंविसंघ/	372	539	715
अल्पावधि				अंपुवि बैंक परियोजनाओं के अधीन)	(184)	(269)	(358)
खुले बाजार से	246	286	321	राज्य सहकारी बैंक (जिसमें से अंविसंघ/	11	15	18
				परियोजनाओं के अधीन)	(3)	(8)	(12)

करोड़ रुपये

विवरण	जून के अंत की विद्यमान स्थिति							
	1969	1974	1976	1977	1978	1979	1980	1981
चुकता शेयर पूंजी, प्रारक्षित निधि और अन्य निधियां	5	17	29	42	59	85	90	103
विशेष जमा	1	1	2	3	4	5	7	7
उधार :								
भारत सरकार से	26	164	250	340	428	502	645	879
भारतीय रिजर्व बैंक से	—	66	140	173	217	264	315	366
अल्पावधि	—	12	2	—	—	—	—	—
दीर्घावधि	—	54	138	173	217	264	315	366
खुले बाजार से	—	66	138	182	202	246	286	321
मंजूर की गई योजनाओं की संख्या	233	1457	2905	4487	6221	8655	12225	16574
कृपुविनि के कुल वायदे	156	704	1147	1465	1770	2303	3077	3860
दिया गया पुनर्वित्त (निवल)	30	310	549	722	874	1046	1304	1592
डिबेंचर	28	272	426	525	590	661	749	857
ऋण	2	38	123	197	284	385	555	735
निवेश और प्रारक्षित नकदी	1	—	—	—	23	32	26	70
सकल आय	1	16	30	41	55	69	85	105
निवल लाभ	—	1	3	5	12	14	16	18
अदा किया गया लाभांश	—	1	1	2	2	3	3	3

करोड़ रुपये

सारणी 1 –पुनर्वित्त का वितरण—प्रयोजनवार (जुलाई–जून)

प्रयोजन	निम्नलिखित वर्षों में								30 जून 1981 तक
	1963–69£	1969–74£	1974–76£	1976–77	1977–78	1978–79	1979–80	1980–81	
लघु सिंचाई	13 (43.3)	242 (84.6)	192 (69.3)	142 (64.3)	143 (61.1)	171 (60.0)	227 (55.1)	265 (53.1)	1394 (62.7)
भूमि विकास *	14 (46.7)	14 (4.9)	7 (2.5)	6 (2.7)	4 (1.7)	11 (3.8)	10 (2.4)	13 (2.6)	79 (3.5)
कृषि मशीनीकरण*	–	7 (2.5)	58 (20.9)	52 (23.5)	28 (12.0)	41 (14.4)	92 (22.4)	110 (22.1)	389 (17.5)
बागान/बागवानी	2 (6.7)	9 (3.1)	5 (1.8)	5 (2.3)	8 (3.4)	12 (4.2)	21 (5.1)	24 (4.8)	86 (3.9)
मुर्गीपालन/भेड़पालन/सूअरपालन	–	–	1 (0.4)	1 (0.4)	2 (0.9)	4 (1.4)	11 (2.7)	14 (2.8)	33 (1.5)
मत्स्यपालन	–	2 (067)	4 (1.4)	2 (0.9)	5 (2.2)	8 (2.8)	10 (2.4)	10 (2.0)	42 (1.9)
डेरी विकास	–	2 (0.7)	4 (1.8)	3 (1.4)	4 (1.7)	7 (2.5)	10 (2.4)	11 (2.2)	42 (1.9)
भंडार और बाजार केन्द्र	1 (3.3)	10 (3.5)	6 (2.2)	10 (4.5)	38 (16.2)	27 (9.5)	15 (3.7)	16 (3.2)	122 (5.5)
वन उद्योग	–	–	–	–	1 (0.4)	1 (0.4)	1 (0.2)	1 (0.2)	4 (0.2)
एकीकृत कई विकास परियोजना (म० अ०)	–	–	–	–	1 (0.4)	3 (1.0)	5 (1.2)	6 (1.2)	—
गोबर गैस संयंत्र	–	–	–	–	–	–	1 (0.2)	1 (0.2)	2 (0.1)
अन्य	–	–	–	–	–	–	9 (2.2)	28 (5.6)	30 (1.3)
जोड़	30 (100.0)	286 (100.0)	277 (100.0)	221 (100.0)	234 (100.00)	285 (100.0)	412 (100.0)	499 (100.0)	2223 (100.0$

करोड़ रुपये)

सारणी 2—पुनर्वित्त का वितरण—एजेंसीवार (जुलाई–जून)

एजेंसी	निम्नलिखित वर्षों में								30 जून 1981 तक $
	1963–69£	1969–74£	1974–76£	1976–77	1977–78	1978–79	1979–80	1980–81	
राज्य भूमि विकास बैंक	28 (93.4)	246 (86.0)	176 (63.5)	127 (57.4)	112 (47.9)	131 (46.0)	164 (39.8)	212 (42.5)	1186 (53.4)
जिसमें से अंपुवि बैंक परियोजना के अधीन	–	–	–	–	–	1	1	1	3
जिसमें से अंविसंघ परियोजनाओं के अधीन	–	122	143	100	86	88	109	113	781
अनुसूचित वाणिज्य बैंक	1 (3.3)	28 (9.8)	98 (35.4)	93 (42.1)	120 (61.3)	150 (52.6)	239 (58.0)	278 (55.7)	1005 (45.2)
जिसमें से अंपुवि बैंक परियोजनाओं के अधीन	–	1	1	—	–	–	1	1	4
जिसमें से अंविसंघ परियोजनाओं के अधीन	–	4	51	55	46	72	120	139	484
राज्य सहकारी बैंक	1 3.3	12 (4.2)	3 (1.1)	1 (0.5)	2 (0.8)	4 (1.4)	9 (2.2)	9 (1.8)	32 (1.4)
जिससें से अंविसंघ परियोजनाओं के अधीन	–	–	–	–	2	4	8	9	12
जोड़	30 (100.0)	286 (100.0)	277 (100.0)	221 (100.0)	234 (100.0)	285 (100.0)	412 (100.0)	499 (100.0)	2223 (100.0)

कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े जोड़ के प्रतिशत हैं। £वर्षवार आंकड़े इसके पहले के प्रकाशनों में दिये गये हैं। $इसमें अल्पावधि वित्त शामिल नहीं है।

*कृपया पृष्ठ 59 में व्याख्यात्मक टिप्पणी के अधीन टिप्पणी 2 देखें।

कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम

18 वीं वार्षिक रिपोर्ट 1980-81

पिछले वर्ष के 412 करोड़ रुपयों के मुकाबले इस वर्ष के दौरान कुल वितरण 499 करोड़ रुपये हुआ जो अब तक के वितरणों में सबसे अधिक रहा। इससे 21 प्रतिशत बढ़ोतरी का रिकार्ड स्थापित हुआ है।

इसी प्रकार, कृपुविनि ने 800 करोड़ रुपयों के वायदों की नई योजनाएं अनुमोदित कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

2 जनवरी 1980 से लागू हुई तीसरी कृपुविनि ऋण परियोजना के अंतर्गत जून 1981 के अंत तक, संचयी वितरण 377 करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंच गया जो अंविसंघ के 335 करोड़ रुपये के अंदाज से भी 42 करोड़ रुपये अधिक हो गया है।

इस वर्ष पश्चिम बंगाल में कृषि विकास के लिए अंतर्राष्ट्रीय निधि (कृविअंनि) की सहायता से सुंदरबन विकास परियोजना के बारे में समझौता हुआ।

अपेक्षित संसाधन ऐसे जुटाए गए : भारत सरकार से 245 करोड़ रुपये, भारतीय रिजर्व बैंक से 95 करोड़ रुपये, बाजार से 35 करोड़ रुपये उधार लिए गये और बाकी की राशि सदस्य बैंकों से चुकौती के रूप में प्राप्त हुई।

1980-81 में कृपुविनि ने 133 करोड़ रुपये के बराबर की राशि द्विपक्षीय दाताओं से ऋण के रूप में प्राप्त की। इससे पहले कभी इतनी राशि प्राप्त नहीं की थी।

कार्यकलाप

कृषि की स्थिति

1979-80 में अभूतपूर्व सूखा पड़ा जिससे 380 लाख हेक्टेयर भूमि प्रभावित हुई, इसके परिणामस्वरूप कृषि उत्पादन का सूचकांक (1969-70 को समाप्त हुई त्रैवार्षिकी-100) 21 दर्जा गिरकर 116.5 रह गया। 1980-81 के दौरान भी देश के कुछ भाग सूखे से प्रभावित रहे। तमिलनाडु, पूर्वी और पश्चिमी राजस्थान तथा आन्ध्र प्रदेश के रायलसीमा क्षेत्र में खरीफ के मौसम के दौरान हुई कम वर्षा से 223 लाख हेक्टेयर से भी अधिक क्षेत्र प्रभावित हुआ, तथा रबी के मौसम में 260 जिलों, विशेषकर तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, राजस्थान, महाराष्ट्र और हरियाणा में उत्पन्न हुई, सूखे या आधे सूखे की स्थिति का उल्लेख भी यहां विशेष रूप से किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त पूर्वी उत्तर प्रदेश, उड़ीसा और असम में भी बाढ़ के कारण फसलों को नुकसान हुआ।

1.2 देश के कुछ भागों में मौसम की विपरीत परिस्थितियों के बावजूद कुल मिलकर पिछले वर्ष के मुकाबले इस वर्ष कृषि उत्पादन का सूचकांक 19 प्रतिशत बढ़कर 138.6 हो गया। अकेले खाद्यान्न का उत्पादन हो 22 प्रतिशत बढ़ा और 1330 लाख टन की एक नई सीमा तक पहुंच गया। गैर-खाद्यान्न उत्पादन में भी लगभग 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई। मगर यहां यह ध्यान देने योग्य बात है कि 1980-81 के दौरान खाद्यान्न उत्पादन में हुई वृद्धि का लगभग दो तिहाई भाग मुख्य रूप से 3 राज्यों अर्थात् उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और बिहार में था। कर्नाटक और तमिलनाडु में अनाज का उत्पादन पिछले वर्ष के मुकाबले इस गिर गया। 5 प्रमुख राज्यों अर्थात आंध्र प्रदेश, हरियाणा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश और राजस्थान में, बल्कि विशिष्ट रूप से राजस्थान में, 1980-81 में अनाज का उत्पादन, 1978-79 के रिकार्ड स्तर से नीचा रहा।

1.3 1980-81 के दौरान कृषि उत्पादन में हुई वृद्धि, देश के अधिकतर भागों में अच्छे मौसम के परिणामस्वरूप ही नहीं बल्कि उन सतत प्रयासों के कारण भी हुई जो कि 1979-80 के दौरान हुए नुकसान को पूरा करने के लिए किए गए। जिन प्रयासों का उल्लेख यहां किया जा सकता है वे हैं—अतिरिक्त सिंचाई सुविधाओं का निर्माण, अधिक उपज देनेवाली किस्मों (अधिउकि) के बीजों के अन्तर्गत आनेवाले क्षेत्र का विस्तार, समय पर और उपयुक्त मात्रा में उपलब्ध होने वाले खेत निवेश, कीटानाशक दवाइयां और अधिक मात्रा में ऋण की उपलब्धता। इस प्रकार 1980-81 में 25 लाख हेक्टेयर भूमि के लिए सिंचाई की अतिरिक्त संभावनाओं का पता लगाया गया। सिंचाई क्षमता का संचयी स्तर अब 590 लाख हेक्टेयर तक पहुंच गया है। इस वर्ष "अधिउकि" के अन्तर्गत आनेवाले क्षेत्र में लगभग 100 लाख हेक्टेयर की वृद्धि हो गई और यह बढ़कर 452 लाख हेक्टेयर हो गया जो कि सकल फसल क्षेत्र का एक चौथाई से भी अधिक है। सरकार ने खाद का भी भारी आयात किया। परिणामस्वरूप इनकी कीमतों में 38 प्रतिशत वृद्धि हो जाने के बावजूद भी वर्ष के दौरान खाद की खपत 3.2 लाख टन बढ़ गई और बढ़कर 55.8 लाख टन हो गई। कृषि उत्पादन में वृद्धि के लिए बनाए जानेवाले कार्यक्रमों को संस्थागत ऋण की बढ़ी हुई मात्रा से भी काफी समर्थन मिला।

1.4 रिकार्ड उत्पादन के बावजूद भी सप्लाई में रूकावटें आईं। इसके परिणामस्वरूप प्राथमिक वस्तुओं की थोक कीमतों का वार्षिक औसत सूचकांक (1970-71=100) 15% और ऊपर हो गया और 1980-81 के दौरान 237 तक पहुंच गया। कृषि उत्पादन की कीमतों की बढ़ती हुई प्रवृत्ति के बावजूद वर्ष के दौरान कृषि व्यापार में गिरावट जारी रही। इस प्रकार निर्मित वस्तुएं के मूल्य सूचकांक के प्रतिशत के रूप में प्राथमिक वस्तुओं का मूल्य सूचकांक जो 1978-79 में 101.1 से 1979-80 में घटकर 95.7 रह गया था, वह 1980-81 के दौरान और भी घटकर 92.3 रह गया। कृषि व्यापार में हुए परिवर्तनों को देखते हुए अनाज और महत्वपूर्ण नकदी फसलों, दोनों के समर्थन/वसूली मूल्य पिछले वर्ष के मुकाबले, 1980-81 के दौरान अधिक निर्धारित किए गए।

मंजूरियां

1.5 पिछले वर्ष की स्थिति के मुकाबले इस वर्ष के दौरान निगम द्वारा मंजूर की गई योजनाएं और किए गए वायदों की संख्या काफी अधिक थी। 1979-80 की 3657 योजनाओं के मुकाबले इस वर्ष निगम द्वारा सदस्य बैंकों को 4494 योजनाएं मंजूर की गईं। इन योजनाओं के अन्तर्गत किए गए कुल वायदे भी इस साल अधिक थे अर्थात् 819 करोड़ रुपये के थे, जबकि पिछले वर्ष ये वायदे 757 करोड़ रुपये के ही थे। असम, पंजाब, बिहार, केरल, मध्य प्रदेश और तमिलनाडु को छोड़कर, वायदों में हुई इस वृद्धि के हिस्सेदार सभी प्रमुख राज्य थे। वर्ष के दौरान की गई मंजूरियों और वितरणों का राज्यवार और क्षेत्रवार ब्यौरा विवरण 1 में दिया गया है।

1.6 वायदों के आकार-वर्ग के अनुसार मंजूर की गई योजनाओं का आकार-वार वर्गीकरण विवरण-3 में दिया गया है। इसका सारांश सारणी - 3 में दिया गया है :

सारणी 3—1979-80 और 1980-81 के दौरान मंजूर की गई योजनाओं का आकारवार वर्गीकरण

योजनाओं का आकार	1979-80£		1980-81	
	योजनाओं की संख्या	वायदे (करोड़ रु०)	योजनाओं की संख्या	वायदे (करोड़ रु०)
5 लाख रुपये तक (रुपये)	1182	31	1449	40
5 से 10 लाख रु० तक (रुपये)	897	68	1349	102
10 से 25 लाख रुपये तक (रुपये)	1031	169	1197	180
25 से 50 लाख रुपये तक (रुपये)	372	130	294	101
50 से 100 लाख रुपये तक (रुपये)	93	63	122	86
100 लाख रुपये से ऊपर	82	235	83	224
	3657	696	4494	733

£एग्राविका वायदों को छोड़कर ।

1.7 आकार-वार, 10 लाख रुपये के वायदा वाली 2798 योजनाएं बनी जो कुल मंजूर योजनाओं की संख्या का 62 प्रतिशत है किन्तु वायदों की दृष्टि से ये कुल योजनाओं का 19 प्रतिशत ही बनती है। अधिकतर योजनाएं 10 से 25 लाख रुपये के वर्ग में ही आती है। प्रति योजना 100 लाख रुपये से अधिक वायदों वाली योजनाओं की संख्या पिछले साल जितनी ही थी। प्रयोजनवार, लघु सिंचाई की 1756 योजनाएं पहले तीन वर्गों में आती है। इस प्रयोजन में योजना का आकार पिछले वर्ष के 28 लाख रुपयों के मुकाबले इस वर्ष 22 लाख रुपये था अर्थात थोड़ा था। मुर्गीपालन, भेड़पालन, डेरी विकास और मत्स्यपालन के अन्तर्गत अधिकतर योजनाएं छोटी थी अर्थात् 10 लाख रुपये तक की थी।

1.8 वर्ष के दौरान मंजूर की गई सभी योजनाओं के लिए वायदों का आकार और घट गया था तथा 1979-80 के 19 लाख रुपये से घटकर 1980-81 में 16 लाख रुपये रह गया जिससे यह संकेत मिलता है कि अधिकतर योजनाओं के लिए अपेक्षाकृत कम वायदे किए गए । वाणिज्य बैंकों के मुकाबले, राभूवि बैंकों के लिए मंजूर की गई योजनाओं का औसत आकार बड़ा था।

1.9 वर्ष के दौरान रास बैंकों को छोड़कर कृपुवित्त कार्यक्रम में भाग लेनेवाली सभी एजेंसियों की मंजूर की गई योजनाओं की संख्या में वृद्धि हुई जबकि राभूवि बैंकों और रास बैंकों को मंजूर की गई योजनाओं के सम्बन्ध में किए गए वायदों में पिछले वर्ष के मुकाबले इस वर्ष मामूली गिरावट आई। लेकिन वाणिज्य बैंकों को किए गए वायदों में बढ़ोतरी हुई। मंजूरियों और वायदों का एजेंसीवार बटवारा सार रूप में सारणी—4 में दिखलाया गया है।

सारणी 4—मंजूर की गई योजनायें—एजेंसीवार@

वर्ष	राभूवि बैंक वाणिबैंक	क्षेग्रावैंक	रासबैंक	जोड़
क योजनाओं की संख्या				
1979-80	919 2553	84	101	3657
	(25) (70)	(2)	(43)	(100)
1980-81	1346 2978	98	72	4494
	(30) (66)	(2)	(2)	(100)
ख कृपुवित्त के वायदे (करोड़ रुपये)				
1979-80	296 371	15	14	696
	(43) (53)	(2)	(2)	(100)
1980-81	294 415	14	10	733
	(40) (56)	(2)	(2)	(100)
ग योजनाओं का औसत आकार (लाख रुपये)				
1979-80	32 15	18	14	19
1980-81	22 14	14	14	16

@एग्राविका को छोड़कर ।
(कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े जोड़ के प्रतिशत हैं)

1.10 हालांकि क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों ने वर्ष के दौरान अधिक योजनाएं प्रायोजित की, मगर उनके अन्तर्गत किए गए वायदे पिछले साल के मुकाबले थोड़े कम थे। इस वर्ष क्षेग्रा बैंकों के लिए 98 योजनाएं मंजूर की गई जिनमें कृपुवित्त के वायदे (एग्राविका को छोड़कर) 14 करोड़ रुपये के थे, जबकि पिछले साल के दौरान 84 योजनाएं मंजूर की गई थी और उनके लिए 15 करोड़ रुपयों के वायदे थे। कृपुवित्त के कार्यकलापों में भाग लेने वाले क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की संख्या भी वर्ष के दौरान बढ़कर 30 जून, 1981 को 36 से 55 तक पहुंच गई जिनके लिए 50 करोड़ रुपये के वायदे थे। इनमें से कुल मिलाकर 22 करोड़ रुपये का आहरण कर लिया गया था। कृपुवित्त के पुनर्वित्त का उपयोग करनेवाले क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की राज्यवार स्थिति विवरण 6 में और सार स्थिति सारणी-5 में दी गई है।

सारणी 5—1979-80 और 1980-81 के दौरान क्षेग्रा बैंकों को मंजूर किया गया पुनर्वित्त

(करोड़ रुपये)

वर्ष	वायदे	वितरण	30 जून 1981 को संचयी स्थिति	
			वायदे	वितरण
1979-80	20	9	27	12
1980-81	22	10	50	22

1.11 पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी, प्रयोजनवार, मंजूर की गई योजनाओं और वायदों का सबसे बड़ा हिस्सा लघु सिंचाई का रहा। वर्ष के दौरान कुल 819 करोड़ रुपये के पुनर्वित्त का वादा किया गया जिसमें से लघु सिंचाई का हिस्सा 53 प्रतिशत अर्थात् 434 करोड़ रुपये का था जबकि पिछले वर्ष यह 50 प्रतिशत था। लघु सिंचाई के बाद कृषि मशीनीकरण और बागान/बागबानी की योजनाओं का हिस्सा भी काफी रहा अर्थात क्रमशः 13 प्रतिशत और 6 प्रतिशत। फिर भी पिछले वर्ष के क्रमशः 16 और 9 प्रतिशत के हिस्से के मुकाबले इस वर्ष प्रतिशत कम रहा। विभिन्न एजेंसियों द्वारा अपनी गतिविधियों में विविधता लाने के परिणामस्वरूप विविध प्रयोजन

के लिए मंजूर की गई योजनाओं की संख्या वर्ष के दौरान बढ़ गई। भूमि विकास से सम्बन्धित योजनाओं में, संख्या और वायदों दोनों दृष्टियों से गिरावट आई। योजनाओं की मंजूरी का प्रयोजनवार वितरण सारणी-6 में दिया गया है:

सारणी 6—1980-81 के दौरान की गई मंजूरियां—प्रयोजनवार

(करोड़ रुपये)

प्रयोजन	योजनाओं की संख्या (एग्रा-विका को छोड़कर)	कृषुविनि वायदे एग्राविका सहित
लघु सिंचाई	2011	434
भूमि विकास	93	26
कृषि मशीनीकरण	536	107
बागान/बागवानी	370	48
मुर्गीपालन/भेड़पालन/सुअर पालन	486	28
मत्स्यपालन	171	16
डेरी विकास	378	28
भंडार और बाजार केन्द्र	126	24
अन्य	323	108
जोड़	4494	819

1.12 एग्राविका के अन्तर्गत कृषुविनि ने 1980-81 के दौरान पर्याप्त वायदे किये। 1979-80 के 61 करोड़ रुपयों के मुकाबले 1980-81 के दौरान 85 करोड़ रुपये के अतिरिक्त वायदे किये। क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा किए गये प्रयासों द्वारा यह संभव हो सका। 30 जून 1981 तक जो बैंकिंग योजनाएं मंजूर की गई थी उनमें 1538 खण्डों को शामिल किया गया था जिनमें कृषुविनि के कुल वायदे 146 करोड़ रुपये के थे। कृषुविनि द्वारा अनुमोदित एग्राविका बैंकिंग योजनाओं की राज्यवार और एजेंसीवार स्थिति विवरण 8 और 9 में बताई गई है। संक्षेप में यह स्थिति सारणी-7 में दिखाई गई है।

सारणी 7—1979-80 और 1980-81 के दौरान एग्राविका के अन्तर्गत मंजूरियों की क्षेत्रवार स्थिति

क्षेत्र	निम्नलिखित वर्षों के दौरान एग्राविका बैंकिंग योजनाओं के अन्तर्गत शामिल किए गए खण्डों की संख्या		निम्नलिखित वर्षों के दौरान मंजूर किए गए वायदे (करोड़ रुपये)	
	1979-80	1980-81	1979-80	1980-81
उत्तरी	6	153	1	10
उत्तर-पूर्वी	—	—	—	—
पूर्वी	3	174	1	31
मध्यवर्ती	217	329	15	25
पश्चिमी	81	131	9	12
दक्षिणी	364	80	35	7
जोड़	671	867	61	85

पिछले वर्ष दक्षिणी क्षेत्र में विशेषकर तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में, एग्राविका के अधिक क्षेत्र शामिल कर लिए जाने के परिणामस्वरूप इस वर्ष कम खण्ड शामिल किए गए और वायदे भी कम रहे।

1.13 जुलाई 1963 में अपनी स्थापना से लेकर 30 जून 1981 तक मंजूर की गई सभी योजनाओं के अन्तर्गत कृषुविनि के कुल वायदे 3860 करोड़ रुपये तक पहुंच गए (देखें विवरण 2)। इनमें से राभूवि बैंक का हिस्सा 1906 रुपये का था और वाणिज्य बैंकों (क्षेग्रा बैंकों सहित) का हिस्सा 1881 करोड़ रुपये का रहा (देखें विवरण 5)। संचयी वायदों का अधिकतम (60%) हिस्सा लेकर लघु सिंचाई प्रमुख प्रयोजन रहा।

1.14 कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम की बराबर यह कोशिश रही कि देश में जिन खण्डों को अभी तक शामिल नहीं किया गया है उन्हें किसी न किसी योजना के अन्तर्गत लाया जाए। 30 जून, 1981 तक देश (सिक्किम को छोड़कर) के 5004 विकास खण्डों में से 4884 खंडों में, किसी न किसी तरह की कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम योजना कार्यान्वयन के लिए मंजूर की जा चुकी है। 30 जून, 1980 को सिक्किम को छोड़कर 190 ऐसे खण्ड थे जिन्हें शामिल नहीं किया गया था, किन्तु जून 1981 के अन्त तक यह संख्या घटकर 121 रह गई। यहां यह उल्लेखनीय है कि पिछली रिपोर्ट में जम्मू और कश्मीर, लक्षद्वीप, मध्य प्रदेश, उड़ीसा, राजस्थान, त्रिपुरा और उत्तर प्रदेश के जिन 27 खण्डों का जिक्र किया गया था उन्हें भी इस वर्ष कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम की किसी न किसी प्रकार की योजना के अन्तर्गत शामिल कर लिया गया है। शामिल न किए गए खंडों की राज्यवार स्थिति नीचे दी गई है:

राज्य/संघ शासित क्षेत्र	कृषुविनि योजनाओं में शामिल न किये गये खण्डों की संख्या
अण्डमान और निकोबार द्वीपसमूह	4
पश्चिम बंगाल	4
अरुणाचल प्रदेश	48
असम	9
मणिपुर	11
मेघालय	12
मिजोरम	18
नागालैण्ड	15
जोड़	121

वितरण:

1.15 पिछले वर्ष के 412 करोड़ रुपये के मुकाबले 30 जून, 1981 को समाप्त हुए वर्ष के दौरान वितरण 499 करोड़ रुपये तक पहुंच गया जो पिछले वर्ष की तुलना में 21 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। 1979-80 के मुकाबले सभी प्रमुख राज्यों में वितरण अधिक हुआ, हालांकि बिहार और गुजरात में कुछ कमी आई। अपनी स्थापना से लेकर अब तक, कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम का संचयी वितरण कुल 2223 करोड़ रुपयों का हो गया है (इसमें वर्ष के दौरान दिया गया 15 करोड़ रुपये का अल्पावधि वित्त शामिल नहीं है)। पिछले सालों की तरह ही इस बार भी जून के महीने में 156 करोड़ रुपयों का भारी वितरण हुआ जबकि पिछले साल इसी महीने में 142 करोड़ रुपये का वितरण हुआ था 499 करोड़ रुपये के कुल वितरण में से 284 करोड़ रुपये अर्थात् कुल वितरण का 57 प्रतिशत, विश्व बैंक/अंविसंघ/के एफ डब्ल्यू समूह की सहायता प्राप्त परियोजनाओं के अन्तर्गत किया गया और इसके प्रति कृषि-पुनर्वित्त और विकास निगम, भारत सरकार से 1680 लाख डालर तक की राशि की

विदेशी मुद्रा प्राप्त करने का पात्र बन गया। इसके अलावा इस वितरण से, दानी देशों से द्विपक्षीय सहायता के अन्तर्गत 1620 लाख डॉलर के बराबर की और अधिक सहायता का उपयोग करने की पात्रता प्राप्त हो गई। विदेशी सहायता वाली परियोजनाओं के अन्तर्गत 1979-80, 1980-81 और 30 जून, 1981 तक किए गए वितरणों की तुलनात्मक स्थिति और कुल वितरणों में उनका प्रतिशत हिस्सा सारणी 8 में दिया गया है:

सारणी 8.—पुनर्वित्त का वितरण

(करोड़ रुपये)

वितरण	निम्नलिखित वर्षों के दौरान		30 जून 1981 तक*
	1979-80	1980-81	
अंतर्राष्ट्रीय/अंपुवि बैंक/ अन्य दानियों से सहायता प्राप्त परियोजनाओं के अंतर्गत	240 (58)	284 (57)	1287 (58)
अन्य परियोजनाएं	172 (42)	215 (43)	936 (42)
जोड़	412 (100)	499 (100)	2223 (100)

*अल्पावधि वित्त को छोड़कर।

विभिन्न परियोजनाओं के अन्तर्गत अंपुवि बैंक समूह और अन्य दानियों की सहायता से संचयी वितरण का कुल योग 1287 करोड़ रुपये हुआ। जिससे भारत सरकार को 12000 लाख डॉलर से भी अधिक की विदेशी मुद्रा आहरित करने की योग्यता प्राप्त हो गई। इसमें दोनों देशों से मिली द्विपक्षीय सहायता भी शामिल है।

1.16 सबसे अधिक वितरण (72 करोड़ रुपये) उत्तर प्रदेश को किया गया और उसी के करीब-करीब (71 करोड़ रुपये) आंध्र प्रदेश को किया। पंजाब, महाराष्ट्र और हरियाणा सहित इन दोनों राज्यों ने कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम द्वारा वर्ष के दौरान किए गए वितरणों का 63 प्रतिशत हिस्सा प्राप्त किया। वितरित पुनर्वित्त की कुल राशि में कम विकसित राज्यों का हिस्सा 1979-80 के 164 करोड़ रुपये से बढ़कर 1980-81 में 192 करोड़ रुपये हो गया जो कुल राशि का 39 प्रतिशत बनता है जबकि पिछले वर्ष यह 40 प्रतिशत था। अन्य राज्यों की कुल वृद्धि पिछले वर्ष की राशि से 59 करोड़ रुपये अधिक थी। उत्तर पूर्वी राज्यों का अशान्त स्थिति और उत्तर-पूर्वी तथा पूर्वी राज्यों में अनुपयुक्त मूलभूत सुविधाएं, इस क्षेत्र में पुनर्वित्त की कम मात्रा के उपयोग का निरन्तर कारण बनी रहीं। फिर भी कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम कम विकसित क्षेत्रों के काफी पिछड़े हुए कृषि विकास कार्य में तेजी लाने के लिए आवश्यक सहायता प्रदान कराने हेतु, सम्बन्धित राज्य सरकारों को राजी कराने में सतत प्रयत्नशील रहा है। वर्ष के दौरान मंजूर की गई योजनाओं के अन्तर्गत इनमें से अधिकतर राज्यों में किए गए वायदों में उत्साहजनक वृद्धि हुई है।

1.17 वर्ष के दौरान पुनर्वित्त की अधिकतर राशि का उपयोग, राज्य सहकारी बैंकों को छोड़कर, निगम के कार्यकलापों में भाग लेनेवाली अन्य सभी एजेंसियों अर्थात् राज्य भूमि विकास बैंक, वाणिज्य बैंक और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों ने किया। राज्य सहकारी बैंकों द्वारा आहरित की गई राशि पिछले वर्ष के स्तर तक अर्थात् 9 करोड़ रुपये ही रही। एजेंसीवार वितरण सारणी 2 में दिए गए हैं। पिछले दो वर्षों के दौरान और 30 जून, 1981 तक के एजेंसीवार वितरण की सार स्थिति और जोड़ में प्रत्येक एजेंसी के हिस्से का प्रतिशत, सारणी 9 में दिया गया है.

सारणी 9—एजेंसीवार वितरण

(करोड़ रुपये)

एजेंसी	निम्नलिखित वर्षों के दौरान		30 जून 1981 तक$
	1979-80	1980-81	
राज्य भूमि विकास बैंक	164 (40)	211 (42)	1186 (53)
वाणिज्य बैंक	230 (56)	268 (54)	983 (44)
क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	9 (2)	10 (2)	22 (1)
राज्य सहकारी बैंक	9 (2)	9 (2)	32 (2)
	412 (100)	499 (100)	2223 (100)

$इसमें अल्पावधि वित्त शामिल नहीं है।

1.18 वर्ष के दौरान एक उल्लेखनीय बात यह रही कि राज्य भूमि विकास बैंकों ने कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के पुनर्वित्त का उपयोग करने में काफी प्रगति दिखाई। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष के दौरान उनका हिस्सा केवल राशि की दृष्टि से ही नहीं, बल्कि किए गए कुल वितरण के प्रतिशत की दृष्टि से भी बढ़ा है। इन संस्थाओं को वितरित किए गए पुनर्वित्त की राशि भी 1979-80 के 164 करोड़ रुपये के मुकाबले समीक्षाधीन वर्ष में 212 करोड़ रुपये हो गई जो कुल राशि का 42 प्रतिशत बनता है। किन्तु पिछले वर्ष यह प्रतिशत 40 था। राजस्थान, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, गुजरात और तमिलनाडु को छोड़कर अन्य राज्यों, विशेषकर महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, बिहार और कर्नाटक के राज्य भूमि विकास बैंकों ने पिछले वर्ष के मुकाबले इस वर्ष अपने कार्य में काफी सुधार किया। कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम से निधियां प्राप्त करने में आंध्र प्रदेश सहकारी केन्द्रीय कृषि विकास बैंक का प्रथम स्थान रहा। वर्ष के दौरान महाराष्ट्र, बिहार और कर्नाटक में कमजोर राज्य भूमि विकास बैंकों की पुनर्प्रतिष्ठा के लिए किए गए विभिन्न उपायों के परिणामस्वरूप इन बैंकों ने पुनर्वित्त की काफी राशि आहरित की।

1.19 वाणिज्य बैंकों द्वारा आहरित की गई राशि 1979-80 के 230 करोड़ रुपये से बढ़कर 259 करोड़ रुपये हो गई जो कुल राशि का 54 प्रतिशत बनता है। पिछले वर्ष यह प्रतिशत 56 था। बिहार, गुजरात और कर्नाटक को छोड़कर पुनर्वित्त की इस बढ़ी हुई राशि के हिस्सेदार प्रायः सभी प्रमुख राज्य बने। वर्ष के दौरान 10 करोड़ का आहरण कर, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों ने केवल थोड़ी सी प्रगति दिखाई जबकि पिछले वर्ष 9 करोड़ रुपये का उपयोग किया गया था।

1.20 पुनर्वित्त का प्रयोजनवार वितरण सारणी-1 में दिखाया गया है। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष सभी प्रमुख प्रयोजनों

के अन्तर्गत वितरण में वृद्धि दर्ज की गई। पिछले दो वर्षों के और 30 जून, 1981 तक के वितरणों की सार स्थिति सारणी 10 में बतलाई गई है।

सारणी 10—प्रयोजनवार वितरण

(करोड़ रुपये)

प्रयोजन	निम्नलिखित वर्षों के दौरान		30 जून 1981 तक
	1979-80	1980-81	
लघु सिंचाई	227 (55)	265 (53)	1394 (63)
भूमि विकास	10 (3)	13 (3)	79 (3)
कृषि मशीनीकरण	92 (22)	110 (22)	389 (18)
बागान/बागबानी	21 (5)	24 (5)	86 (4)
भंडार और बाजार केन्द्र	15 (4)	16 (3)	122 (5)
अन्य	47 (11)	71 (14)	153 (7)
जोड़	412 (100)	499 (100)	2223 (100)

*अल्पावधि वित्त को छोड़कर।

(कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े जोड़ के प्रतिशत हैं)

समीक्षाधीन वर्ष में वितरित 499 करोड़ रुपयों में से लघु सिंचाई के हिस्से में 265 करोड़ रुपये आए। हालांकि पुनर्वित्त के अकेले सबसे बड़े प्रयोजन के रूप में इसका स्थान सबसे ऊंचा बना रहा मगर कुल पुनर्वित्त में इसका हिस्सा 1978-79 के 60 प्रतिशत से घटकर 1979-80 में 55 प्रतिशत रह गया और समीक्षाधीन वर्ष में यह और भी घटकर 53 प्रतिशत रह गया. बताया जाता है कि ऊर्जा और सीमेंट, ईंट जैसी आवश्यक सामग्री की कमी ने लघु सिंचाई कार्यक्रमों के कार्यान्वयन और कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम से निधियों के आहरण को प्रभावित किया है। अंशतः विविध प्रयोजनों के लिए बढ़ते हुए वितरण से इस प्रवृत्ति को बल मिला। इसके अतिरिक्त, ग्रामीण विद्युतीकरण के लिए विशेष कृषि परियोजना कार्यक्रमों के अन्तर्गत वाणिज्य बैंकों को उपलब्ध करवाए गए 23 करोड़ रुपयों के पुनर्वित्त की राशि और पंपसेटों के ऊर्जीकरण के लिए राज्य बिजली बोर्डों के वित्तपोषण के लिए सदस्य बैंकों को उपलब्ध कराई गई 53 करोड़ रुपये की राशि भी इस वर्ग के वितरण में शामिल है। एजेंसीवार, लघु सिंचाई के लिए, राज्य भूमि विकास बैंकों ने ज्यादातर पुनर्वित्त (148 करोड़ रुपये) का उपयोग किया, जबकि क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों सहित वाणिज्य बैंकों द्वारा 115 करोड़ रुपये का उपयोग किया गया।

1.21 वर्ष के दौरान, कृषि मशीनीकरण के अन्तर्गत वितरण पिछले वर्ष (22 प्रतिशत) जितना ही रहा हालांकि निरपेक्ष रूप में यह 92 करोड़ रुपये से 110 करोड़ रुपये हो गया। कृषि के आधुनिकीकरण से कृषि मशीनीकरण उपकरणों की भारी मांग रही और वह भी विशेषकर पंजाब (43 करोड़ रुपये) हरियाणा (18 करोड़ रुपये) और उत्तर प्रदेश (17 करोड़ रुपये) में।

1.22 भूमि विकास योजनाओं के अन्तर्गत वितरण थोड़ा बढ़ा। पिछले वर्ष यह 10 करोड़ था जबकि समीक्षाधीन वर्ष के दौरान यह 13 करोड़ रुपये हो गया। 13 करोड़ रुपयों में से 8 करोड़ रुपये कमाण्ड क्षेत्र परियोजनाओं के अन्तर्गत वितरित किए गए जिनमें से 5 करोड़ रुपये अकेले महाराष्ट्र राज्य को दिए गए। अन्य भूमि विकास योजनाओं के अन्तर्गत 5 करोड़ रुपये का वितरण किया गया जिसके अधिकतर हिस्से का उपयोग पंजाब और केरल राज्य ने किया।

1.23 अन्य विविध प्रयोजनों के अन्तर्गत किए गए वितरण में वर्ष के दौरान थोड़ा सुधार हुआ। इस वर्ष यह कुल वितरित राशि का 22 प्रतिशत बना जबकि पिछले वर्ष के दौरान यह 20 प्रतिशत ही था। इस श्रेणी के अन्तर्गत विकास की जिन मदों के लिए वित्त प्रदान किया गया उनमें से बागान और बागबानी के अन्तर्गत किया गया वितरण पिछले वर्ष के 21 करोड़ रुपये से बढ़कर चालू वर्ष के दौरान 24 करोड़ रुपये हो गया। इस वर्ष के अन्तर्गत किए गए वितरण का अधिकतर हिस्सा असम और पश्चिम बंगाल के साथ-साथ दक्षिणी क्षेत्र का रहा। मुर्गी-पालन/भेड़पालन/सूअरपालन और डेरी विकास योजनाओं के अन्तर्गत उपयोग में लाया गया पुनर्वित्त भी वर्ष के दौरान बढ़कर क्रमशः 3 करोड़ रुपये और 1 करोड़ रुपये हो गया।

1.24 एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत किए वितरणों में भी महत्वपूर्ण सुधार हुआ। एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रमों के अन्तर्गत उपयोग किए गए पुनर्वित्त की राशि 1979-80 में 4 करोड़ रुपये थी जबकि 1980-81 में बढ़कर यह राशि 13 करोड़ रुपये हो गई। मगर वायदों के मुताबिक आहरण नहीं हुआ। इसके मुख्य कारण थे—वाणिज्य बैंकों द्वारा लक्ष्य वर्ग तक ब्याज की विभेदक दर योजना के अधीन ऋण वितरण, पहले किए गए वितरण के सम्बन्ध में बैंकों के प्रधान कार्यालयों और कार्यान्वयन करने वाले बैंकों की शाखाओं के बीच सूचना में देरी और राज्य सरकारों द्वारा दी जाने वाली सहायता को जारी करने में प्रक्रियागत देरी।

1.25 भंडार और बाजार केन्द्रों के अन्तर्गत किए गए वितरण में वर्ष के दौरान 1 करोड़ रुपये की मामूली वृद्धि हुई। वितरित किए गए 16 करोड़ रुपयों में से 11 करोड़ रुपये भंडारण के लिए थे और शेष 5 करोड़ रुपये मुख्यतः अंविसंघ की सहायता प्राप्त कर्नाटक बाजार केन्द्र परियोजना के अन्तर्गत बाजार केन्द्रों के लिए थे।

1.26 वर्ष के दौरान सभी क्षेत्रों में पुनर्वित्त की वास्तविक राशि में काफी वृद्धि हुई है। किन्तु पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशतवार उनका हिस्सा कमोबेश स्थिर ही रहा (देखें सारणी 11)। क्षेत्रवार वितरणों की सार स्थिति सारणी 12 में दी गई है।

सारणी 11—पुनर्वित्त का वितरण—राज्यवार (जुलाई—जून)

लाख रुपये

क्षेत्र/राज्य/संघ शासित क्षेत्र	निम्नलिखित वर्षों के दौरान								30 जून 1981 तक
	1963–69£	1969–74£	1974 76	1976–77	1977–78	1978–79	1979–80	1980–86	
1. उत्तरी क्षेत्र									
चण्डीगढ़	–	–	–	–	–	–	–	–	3
					(—)				(—)
दिल्ली	–	13	40	10	19	15	14	17	129
		(0.1)	(0.1)	(0.1)	(0.1)	(—)	(—)	(—)	(0.1)
हरियाणा	303	2774	2644	1770	1111	2101	3946	4934	18576
	(9.9)	(9.7)	(9.5)	(8.0)	(4.7)	(7.4)	(9.6)	(9.9)	8.4
हिमाचल प्रदेश	–	4	20	2	23	50	180	194	480
		(—)	(0.1)	(—)	(0.1)	(0.2)	(0.5)	(0.4)	(0.2)
जम्मू और कश्मीर	32	38	17	6	15	14	12	59	194
	(1.0)	(0.1)	(0.1)	(—)	(0.1)	(—)	(—)	(0.1)	(0.1)
पंजाब	653	2692	1713	1731	1177	1625	5018	6752	2109
	(21.4)	(9.4)	(6.2)	(7.8)	(5.0)	(5.7)	(12.2)	(13.6)	(9.5)
राजस्थान	6	656	886	787	1312	1616	1815	1890	8974
	(0.2)	(2.3)	(3.2)	(3.6)	(5.6)	(5.7)	(4.4)	(3.8)	(4.0)
	994	6177	5320	4306	3660	5421	10990	1384	49453
	(32.5)	(21.6)	(19.2)	(19.5)	(15.6)	(19.0)	(26.7)	(27.8)	(22.3)
11. उत्तर-पूर्वी क्षेत्र									
असम	70	65	5	70	273	235	286	609	1613
	(2.4)	(0.2)	(—)	(0.3)	(1.2)	(0.8)	(0.7)	(1.2)	(0.7)
मणिपुर	–	–	5	8	23	43	10	9	998
			(—)	(0.1)	(0.1)	(0.2)	(—)	(—)	(0.1)
मेघालय	–	–	–	–	–	–	–	1	
			(—)					(—)	(-)
मिजोरम	–	–	–	–	–	–	–	4	4
								(—)	(—)
नागालैण्ड	–	4	1	3	5	–	–	–	18
		(—)	(0.1)	(—)	(—)				(—)
त्रिपुरा	–	–	6	2	8	1	11	7	30
			(—)	(—)	(-)	(—)	(—)	(—)	(—)
	70	69	17	83	309	279	307	630	1764
	(2.4)	(0.2)	(0.1)	(0.4)	(1.3)	(1.0)	(0.7)	(1.2)	(0.8)
111. पूर्वी क्षेत्र									
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह							1	1	2
							(—)	(—)	(—)
बिहार	18	980	2250	1696	1864	2253	2468	2446	13969
	(0.6)	(3.4)	(8.1)	(7.7)	(8.0)	(7.9)	(6.0)	(4.9)	(6.3)
उड़ीसा	4	51	420	565	816	875	1315	1979	6021
	(0.1)	(0.2)	(1.5)	(2.6)	(3.5)	(3.1)	(3.2)	(4 0)	(2.7)
पश्चिम बंगाल	2	42	228	590	996	1045	981	984	47 65
	(0.1)	(0.1)	(0.8)	(2.7)	(4.3)	(3.7)	(2.4)	(2.0)	(2.1)
	24	1073	2898	2851	3676	4173	4765	5410	24757
	(0.8)	(3.7)	(10.4)	(13.0)	(15.8)	(14.7)	(11.6)	(10.9)	(11.1)

लाख रुपये

क्षेत्र/राज्य/संघ शासित क्षेत्र	निम्नलिखित वर्षों के दौरान								30 जून 1981 तक$
	1963–69£	1969–79£	1974–76£	1976–77	1977 78	1978–79	1979–80	1980–81	
IV. मध्यवर्ती क्षेत्र									
मध्य प्रदेश	29	1291	3166	2610	1670	1666	3647	3801	17889
	(1.0)	(4.5)	(11.4)	(11.8)	(7.1)	(5.9)	(8.9)	(7.6)	(8.0)
उत्तर प्रदेश	122	3794	4447	3720	4317	4877	5660	7249	33484
	(4.0)	(13.3)	(16.0)	(16.9)	(18.4)	(17.1)	(13.7)	(14.5)	(15.1)
	151	5085	7613	6330	5987	6543	9307	11050	51373
	(5.0)	(17.8)	(27.4)	(28.7)	(25.5)	(23.0)	(22.6)	(22.1)	(23.1)
V. पश्चिमी क्षेत्र									
दादरा और नगर हवेली	–	–	–	–	–	–	–	–	–
गोवा	–	3	28	24	68	84	121	133	461
		(—)	(0.1)	(0.1)	(0.3)	(0.3)	(0.3)	(0.2)	(0.2)
गुजरात	207	4165	760	402	1319	1516	2497	2040	12906
	(6.8)	(14.6)	(2.7)	(1.8)	(5.6)	(5.3)	(6.1)	(4.1)	(5.8)
महाराष्ट्र	189	3041	3606	1928	1974	2431	3688	5171	21993
	(6.2)	(10.6)	(13.0)	(8.7)	(8.4)	8.5)	(8.9)	(10.4)	(9.9)
	396	7209	4394	2354	3361	4031	6306	7344	35360
	(13.0)	(25.2)	(15.8)	(10.6)	(14.3)	(14.1)	(15.3)	(14.7)	(15.9)
VI. दक्षिणी क्षेत्र									
आंध्र प्रदेश	809	2504	2187	2122	3853	4958	6193	7113	29737
	(26.5)	(8.8)	(7.9)	(9.6)	(16.4)	(17.4)	(15.0)	(14.3)	(13.4)
कर्नाटक	261	2269	2954	2190	1320	1429	1387	1796	13587
	(8.6)	(7.9)	(10.6)	(9.9)	(5.6)	(5.0)	(3.4)	(3.6)	(6.1)
केरल	17	345	308	247	370	960	998	1416	4561
	(0.5)	(1.2)	(1.1)	(1.1)	(1.6)	(3.4)	(2.4)	(2.8)	(2.1)
लक्षद्वीप	–	–	–	–	–	–	–	–	–
पांडिचेरी	–	8	19	–	–	–	6	3	36
		(—)	(0.1)				(—)	(—)	(—)
तमिलनाडु	325	3877	2045	1599	894	693	964	1291	11682
	(10.7)	(13.6)	(7.4)	(7.2)	(3.9)	(2.4)	(2.3)	(2.6)	(5.2)
	1412	9003	7513	6158	6437	8040	95 8	11589	59603
	(46.3)	(31.5)	(27.1)	(27.8)	27.5)	(28.2)	(23.1)	(23.3)	(26.8)
जोड़ :	3047	28618	27755	22082	23430	28487	41223	49879	22230$
(I से IV तक)	(100.0)	(100.0)	(100.0)	(100.0)	(100.0)	(100.0)	100.0)	(100.0)	(100.0)

कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े जोड़ के प्रतिशत हैं।
£वर्षवार आंकड़े इसके पहले के प्रकाशनों में दिये गये हैं।
$इसमें अल्पावधि वित्त शामिल नहीं है।

सारणी 12—वितरण—क्षेत्रवार

(करोड़ रुपये)

क्षेत्र	निम्नलिखित वर्षों के दौरान		30 जून 1981 तक*
	1979-80	1980-81	
उत्तरी	110 (27)	139 (28)	494 (22)
उत्तर-पूर्वी	3 (1)	6 (1)	18 (1)
पूर्वी	48 (12)	54 (11)	247 (11)
मध्यवर्ती	93 (22)	111 (22)	514 (23)
पश्चिमी	63 (15)	73 (15)	354 (16)
दक्षिणी	95 (23)	116 (23)	596 (27)
जोड़	412 (100)	499 (100)	2223 (100)

*अल्पावधि वित्त को छोड़कर

(कोष्टकों में दिये गये आंकड़े जोड़ के प्रतिशत हैं)

उत्तर पूर्वी क्षेत्र में वितरित किया गया पुनर्वित्त 1979-80 के 3 करोड़ रुपयों से बढ़कर चालू वर्ष में दुगुना अर्थात् 6 करोड़ रुपये हो गया है।

2. आर्थिक प्रभाव

कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के ऋण वितरणों का कृषि पर आर्थिक प्रभाव दो तरह से दिखाई पड़ता है : (1) भौतिक परिसम्पत्तियों के निर्माण में तथा (2) वृद्धिशील उत्पादन, आय और नियोजन के रूप में। कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने कई क्षेत्र अध्ययन किए हैं, जिनमें मुख्य हैं यथार्थ मूल्यांकन अध्ययन। इन अध्ययनों से देश के विभिन्न भागों में पूरी की गई योजनाओं के अन्तर्गत निवेशों के वास्तविक प्रभाव का संकेत मिलता है। ऐसे कुछ अध्ययनों के परिणाम सारणी 13 और 14 में दिए गए हैं।

सारणी 13 —लघु सिंचाई और भूमि विकास निवेशों से उठाए गए लाभ

निवेश का प्रकार	राज्य/जिला/क्षेत्र/अध्ययन का सन्दर्भ वर्ष	प्रति इकाई निवेश							
		निवेश की लागत	निवल लाभान्वित क्षेत्र	फसलित क्षेत्र में वृद्धि	अनाज का प्रतिवर्ष अतिरिक्त उत्पादन	अतिरिक्त उत्पादन का सकल मूल्य (सभी फसलें) प्रतिवर्ष	प्रतिवर्ष वृद्धिशील निवल आय	प्रतिवर्ष अतिरिक्त कृषि रोजगार	वित्तीय वापसी की दर
		(रु०)	(हे०)	(हे०)	(क्विंटल)	(रु०)	(रु०)	(श्रम दिवस)	(%)
लघु सिंचाई									
उथलेनलकूप	हरियाणा/करनाल/ 1973-74	6,210	3.57	1.43	लागू नहीं	8,686	4,617	343	50 से अधिक
	उत्तर प्रदेश/पूर्वी उत्तर प्रदेश के 6 जिले/ 1976-77	6,965	2.47	1.81	50	5,229	2,090	232	33
	बिहार/सारण/ 1978-79	6,600	1.65	0.56	57	8,800	2,365	316	22
पंपसैट लगे कुएं	महाराष्ट्र/शोलापुर/ 1973-74	9,066	2.00	0.28	लागू नहीं	3,794	2,569	300	29
	मध्य प्रदेश 6 जिले/1977-78	10,210	3.20	0.61	35	8,653	4,960	170	37
	कर्नाटक तटीय जिलों को छोड़कर समूचा राज्य 1976-77	11,790	1.20	0·481	121	3,040	1,603	145	21
भूमि विकास	कर्नाटक/भद्रा परियोजना-चित्रदुर्ग/ 1973-74	3,005	3.07	लागू नहीं	लागू नहीं	14,557	7,939	744	50 से अधिक
	आन्ध्र प्रदेश/नागार्जुन सागर नलगोंडा/ 1973-74	3,435	3.06	लागू नहीं	लागू नहीं	12,646	5,806	755	50 से अधिक

*इसमें पानी की बिक्री से हुई आय भी शामिल है।

सारणी] सारणी 14—विविध निवेशों से उठाए गए लाभ

निवेश का प्रकार	निवेश इकाई का आकार	राज्य/जिला/क्षेत्र/ अध्ययन का संवर्ष वर्ष	निवेश की लागत	प्रति इकाई निवेश						
					वार्षिक उत्पादन		प्रतिवर्ष उत्पादन का सकल मूल्य	प्रतिवर्ष नकल आय	अतिरिक्त नियोजन	वित्तीय वापसी की दर
				मद	इकाई	मात्रा	(रु०)	(रु०)	(श्रम दिवस)	(%)
मुर्गी पालन										
लेयर इकाई	100 लेयर्ज	आंध्र प्रदेश/ करीमनगर/ 1974-75	'4,885	अंडे	'000	22.5	7,290+	1,165	40	29
समुद्री मत्स्यपालन										
मशीनीयुक्त नाव	30' नाव	कर्नाटक/दक्षिण केनरा/1975-76	85,430	मीगा	किंवटल	50.3	68,540	26,260	1,480	41
				अन्य	किंवटल	220.5				
	32' नाव		1,02,840	मीगा	किंवटल	62.3	83,940	35,410	1,950	42
				अन्य	किंवटल	255.8				
डेरी विकास										
भैंसों की खरीद	1 भैंस	हरियाणा/अंबाला/ 1976-77	2,171	दूध	लिटर	1,207	1,890‡	544	200	40
	1 भैंस	पंजाब/फरीदकोट/ 1976-77	1,554	दूध	लिटर	1,182	1,415‡	430	लागू नहीं	49
बागबानी										
खट्टे के बागों का विकास	1.23 हे०@	आन्ध्र प्रदेश/ नेल्लूर/1978-79	16,430	खट्टे*	'000	405	21,125	14,945	345	28
अंगूरों के बागों का विकास£/अनाबे शाही	0.40 हे०	कर्नाटक/बीजापुर/ 1979-80	23,836	अंगूर	टन	5.79	18,110	7,480	500	22
थॉमसन बीजरहित	0.40 हे०		27,505	अंगूर	टन	5.99	28,050	12,610	600	39

*सिंचाई सहित संमिश्र निवेश

@इसमें क्षेत्र फसलों के अन्तर्गत छोटा हिस्सा (0.18 हे०) शामिल है।

£आंकड़े अनन्तिम हैं।

+इसमें खाद और चुने हुए पक्षियों की बिक्री शामिल है।

‡इसमें खाद की बिक्री शामिल है।

कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के संचयी वितरण

2.2 मार्च 1981 के अन्त तक, कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम द्वारा उपलब्ध करवाई गई पुनर्वित्त की कुल राशि 2028 करोड़ रुपये हुई। लघु सिंचाई (64%) और कृषि मशीनीकरण (17%) दो ऐसे महत्वपूर्ण प्रयोजन थे जिन्होंने कुल पुनर्वित्त का 81 प्रतिशत हिस्सा प्राप्त किया।

फार्म स्तर पर संचयी निवेश लागत

2.3 बैंकों द्वारा उपलब्ध करवाए जा रहे ऋण, निवेश लागत में किसानों के अपने अंशदान और लक्षित/सीमान्त क्षेत्रों में सरकारी सहायता को मिलाकर, वर्तमान मूल्यों के आधार पर निवेशों की मूल लागत 2,865 करोड़ रुपये आती है।

भौतिक परिसम्पत्तियों का निर्माण

2.4 कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम पुनर्वित्त के अनुरूप, पूर्ण निवेशों की भौतिक इकाइयां सारणी 15 में दिखाई गई हैं। ऐसी इकाइयों का अंदाजा लगाने के लिए, उन इकाइयों का उचित समायोजन कर लिया गया है जिनका वित्तपोषण अप्रैल 1980 से मार्च 1981 के बीच किया गया है मगर ये बाद की तारीख तक पूरी नहीं हुई हैं। अधिक समय लेने वाले इन बागान, बागबानी, भण्डार और बाजार केन्द्रों के लिए इसी प्रकार का समायोजन किया गया था, जिनका वित्तपोषण अप्रैल 1980 से भी पहले किया गया है और जिनके मार्च 1981 से पहले पूरे होने की संभावना नहीं है।

आर्थिक प्रभाव

2.5 सारणी 13 और 14 में आर्थिक प्रभाव से सम्बन्धित दिए गए आंकड़ों में लघु सिंचाई, भूमि विकास, मुर्गीपालन डेरी, समुद्री मत्स्यपालन और बागबानी शामिल है। अध्ययनों की सन्दर्भ अवधि 1973-74 से 1979-80 तक फैली हुई है। चूंकि प्रत्येक अध्ययन में लागत और मुनाफे का मूल्यांकन सम्बन्धित वर्ष के दौरान योजना क्षेत्र में चालू कीमतों के आधार

सारणी 15—वित्तपोषित और पूर्ण की गई भौतिक इकाइयां

निवेश	इकाइयां	निम्नलिखित तारीखों तक वित्तपोषित भौतिक इकाइयां		31 मार्च 81 तक पूरी की गई भौतिक इकाइयां
		31 मार्च 1980	31 मार्च 1981	
1. लघु सिंचाई				
पंप लगे नलकूप	'000 संख्या	325	445	385
पंप लगे कुएं	'000 संख्या	430	448	439
पानी उठाने के परम्परागत उपकरण लगे कुएं	'000 संख्या	93	119	106
2. भूमि विकास	'000 हे०	1118	1206	1162
3. कृषि मशीनीकरण				
ट्रैक्टर	संख्या	53107	75800	75800
पावर टिलर्ज	संख्या	1871	1914	1914
कृषि मशीनीकरण के अन्य उपकरण	संख्या	1386	1922	1922
4. बागान और बागवानी	'000 हे०	112	143	71
5. भंडारण	'000 टन	6100	7100	5500
6. बाजार केन्द्र	संख्या	152	195	121
7. मुर्गीपालन	'000 पक्षी	2346	4224	3285
8. भेड़पालन	'000 पशु	553	907	907
9. डेरी	'000 पशु	135	176	176
10. मत्स्यपालन	मशीनयुक्त नावों की संख्या	3400	4300	4300

टिप्पणी : अनुमान लगाने की प्रणाली में संशोधन किये जाने के कारण हो सकता है वित्तपोषित भौतिक इकाइयों से संबंधित ऊपर दिये गये आंकड़े पिछली रिपोर्टों में प्रकाशित आकड़ों से मेल न खाते हों।

पर करने का प्रयास किया गया है इसलिए इन वर्षों की लागत और मुनाफे के मुद्रा-मूल्यों और योजना के अन्तर्गत शामिल किए गए क्षेत्रों की सही तुलना नहीं की जा सकती; न ही उनसे मात्रा का पता चलता है। लघु सिंचाई निवेशों के सम्बन्ध में तुलनात्मक तस्वीर उपलब्ध करवाने की दृष्टि से प्रतिनिवेश इकाई के वृद्धिशील अनाज उत्पादन से सम्बन्धित आकड़े भी प्रस्तुत किए गए हैं। चूंकि सभी जिंसों (अनाज, रूई, गन्ना, आदि) के वृद्धिशील उत्पादन का औसत भौतिक दृष्टि से नहीं निकाला जा सकता, अतः इसे सकल और शुद्ध मूल्यों में इंगित किया गया है। परिवर्तनशील भौतिक मात्राएं जैसे प्रति कुएं से सिंचित निवल क्षेत्र, फसल क्षेत्र में वृद्धि और अनाज उत्पादन में वृद्धि, कीमतों की दृष्टि से तटस्थ हैं। मगर ये परिवर्तनशील भौतिक मात्राएं समय के प्रति तटस्थ नहीं हैं, क्योंकि कृषि परिवर्तन एक निरन्तर प्रक्रिया है और किसी विशेष समय में मापे गए भौतिक परिमाण किसी दूसरे समय में भिन्न हो सकते हैं। भिन्न भिन्न क्षेत्रों में निवेशों के प्रभाव को नीचे प्रस्तुत किया गया है।

लघु सिंचाई

2.6 "लघु सिंचाई" में, खादे गए कुएं, नलकूप, नदी लिफ्ट इकाइयां और पंपसेट शामिल हैं। फसल प्रणाली, फसलों की बारम्बारता, फसलों की उपज और तकनीक में सुधार लाकर ये निवेश, फार्म उत्पादन, आय और रोजगार को बढ़ावा देते हैं। कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम अध्ययनों से अब तक प्राप्त अनुभवजन्य आंकड़े उथले नलकूपों और पंपसेटों सहित कुओं से सम्बन्धित हैं। भिन्न भिन्न अध्ययनों में मूल्यांकन के लिए प्रयुक्त किए गए मूल्यों में, विभिन्नता के प्रभाव को लागू करने के बावजूद भी, इन दो निवेशों से जुड़ी लागत और मुनाफे का स्तर आपस में भी तथा क्षेत्रों के बीच भी परिवर्तनशील रहा। एक उथले नलकूप से वार्षिक वृद्धिशील निवल आय, उत्तर प्रदेश में 2100 रुपये तथा हरियाणा में 4,600 रुपये हुई। अनाज के अतिरिक्त उत्पादन, निवल सिंचित क्षेत्र और प्रति निवेश इकाई फसल क्षेत्र में वृद्धि की तुलना करने से ज्ञात होता है कि ये उतार चढ़ाव केवल कीमतों की विभिन्नताओं के कारण नहीं थे। वृद्धिशील अनाज उत्पादन उत्तर प्रदेश में 5.00 टन से लेकर बिहार में 5.70 टन तक था। इसी तरह प्रति इकाई फसल लेनेवाले सकल क्षेत्र में यह विभिन्नता बिहार में 0.56 हेक्टेयर से लेकर उत्तर प्रदेश के 1.81 हेक्टेयर तक थी। मोटे तौर पर ये विभिन्नताएं प्रति इकाई निवल लाभान्वित (सिंचित) क्षेत्र में मिलती-जुलती थीं जो कि बिहार के 1.65 हेक्टेयर से लेकर हरियाणा के 3.57 हेक्टेयर तक थी। एक उथले नलकूप में निवेश से, आवर्ती आधार पर प्रति वर्ष 232 से 343 श्रम दिवस के अतिरिक्त चालू खेत नियोजन का निर्माण हुआ। दूसरे शब्दों में, एक उथले नलकूप ने साल भर के लिए कम से कम एक व्यक्ति के लिए अतिरिक्त चालू कृषि रोजगार का निर्माण किया।

2.7 जहां तक पंपसैट लगे कुओं का प्रश्न है, प्रति इकाई वार्षिक वृद्धिशील निवल आय में काफी उतार चढ़ाव रहा जो कि कर्नाटक के 1600 रुपये से लेकर मध्य प्रदेश के 4,960 रुपये तक था। ये विभिन्नताएं प्रति इकाई अनाजों के वृद्धिशील उत्पादन में भी दिखाई दी जो कि कर्नाटक के 1.20 टन से लेकर मध्य प्रदेश के 3.50 टन तक थी। प्रति इकाई सकल फसल क्षेत्र में वृद्धि महाराष्ट्र में सब से कम अर्थात् 0.28 हेक्टेयर थी और मध्य प्रदेश में सबसे अधिक अर्थात् 0.61 हेक्टेयर। निवल लाभान्वित क्षेत्र में ये विभिन्नताएं कर्नाटक के 1.20 हेक्टेयर से लेकर मध्य प्रदेश के 3.20 हेक्टेयर तक थी। प्रत्येक इकाई द्वारा आवर्ती आधार पर निर्मित अतिरिक्त वार्षिक कृषि-रोजगार, जो निवल लाभान्वित क्षेत्र और प्रति इकाई फसल क्षेत्र में वृद्धि के मिश्रित प्रभावों की विभिन्नताओं पर निर्भर था, 145 से 300 श्रम दिवसों तक फैला हुआ है। 2.8 उथले नलकूपों के लिए वित्तीय वापसी की दर 22% से 50% के बीच थी और पंपसेट लगे कुओं के लिए यह 21 प्रतिशत से 37 प्रतिशत के बीच थी।

भूमि विकास

2.9 प्रमुख नहर सिंचाई परियोजनाओं के कमाण्ड क्षेत्रों के भीतर दो भूमि विकासयोजनाओं का अध्ययन किया गया। ये अध्ययन कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में किये गये थे। इनसे ज्ञात हुआ कि औसतन, लगभग 3 हेक्टेयर क्षेत्र में किए गए भूमि विकास पर, किए गए निवेश से 5,800 रुपये से 7,900 रुपये तक की वार्षिक वृद्धिगत निवल आय हुई है और आवर्ती आधार पर लगभग 250 श्रम दिवस प्रति हेक्टेयर, अतिरिक्त वार्षिक कृषि रोजगार का निर्माण हुआ है। दोनों परियोजनाओं के अन्तर्गत वित्तीय वापसी की दर 50 प्रतिशत से भी अधिक हो गई। इस निवेश से वापसी की दर इतनी अच्छी मिलने का कारण यह है कि कुल निवेश लागत के एक भाग की अवहेलना की गई। प्रमुख नहर प्रणालियों के कमाण्ड क्षेत्रों में भूमि विकास से हुआ लाभ दोनों से हुआ है—सिंचाई प्रणाली पर सरकारी परिव्यय से और भूमि विकास पर हुए निजी परिव्यय से मगर भूमि विकास योजनाओं का अलग अलग से लागत–मुनाफा सम्बन्ध स्थापित करते समय (वित्तीय विश्लेषण) सरकारी परिव्यय को शामिल नहीं किया जाता क्योंकि यह व्यक्तिगत लाभार्थियों द्वारा वहन नहीं किया जाता।

मुर्गीपालन

2.10 आंध्र प्रदेश की 100 लेयरोवाली एक मुर्गीपालन इकाई में किए गए निवेश से प्रति वर्ष 22,500 अण्डे प्राप्त हुए (लगभग 5 दर्जन प्रति दिन) जोकि 1974-75 की कीमतों के अनुसार 7,290 रुपये मूल्य के बनते हैं। इस प्रकार की इकाई से 1,165 रुपये की शुद्धि वार्षिक आय हुई। निवेश पर वित्तीय वापसी की दर 29 प्रतिशत थी।

समुद्री मत्स्यपालन

2.11 मशीनयुक्त नावों की खरीद इस क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण मद है, जिसका वित्तपोषण करने का उद्देश्य मछली पकड़ने के कार्य को बढ़ावा देना है, विशेषकर झींगा मछली जैसी निर्यात करने योग्य किस्मों को। कर्नाटक में 30 फुट लंबी एक मशीनयुक्त नाव से हर वर्ष 50 क्विंटल झींगा मछलियां और 220 क्विंटल अन्य प्रकार की मछलियां पकड़ी गईं, कुल मिलाकर जिनकी कीमत, 1975-76 की कीमतों के आधार पर 68,000 रुपये बनती है। दूसरी ओर 32 फुट लंबी एक मशीनयुक्त नाव से वर्ष में 62 क्विंटल झींगा और 260 क्विंटल अन्य प्रकार की मछलियां पकड़ी गईं जिनकी कीमत 84,000 रुपये थी। इस निवेश में आवर्ती आधार पर प्रति नाव 1480 से 1950 श्रम दिवसों का अतिरिक्त वार्षिक रोजगार निर्मित हुआ जिससे कि 6 से 8 मछुआरों को सालभर काम मिल सकता था। निवेश पर वित्तीय वापसी की दर 41% – 42% थी।

डेरीविकास

2.12 दुधारू पशुओं अर्थात् श्रेणीकृत भैंसों और संकर गायों की खरीद के लिए धन उपलब्ध करवाना डेरी विकास का एक प्रमुख घटक है। दो राज्यों अर्थात् पंजाब और हरियाणा जहां डेरी कार्य की समान स्थितियां हैं वहां के उपलब्ध आंकड़ों से पता चलता है कि भैंस की एक इकाई ने प्रतिवर्ष 1180 से 1,200 लिटर दूध का उत्पादन किया और इससे 1976-77 की कीमतों के आधार पर प्रतिइकाई 430 रुपये से 550 रुपये की शुद्ध आय हुई। इससे प्रति वर्ष लगभग 200 श्रम दिवसों के अतिरिक्त कृषि रोजगार का निर्माण हुआ है।

बागबानी

2.13 इस वर्ग में कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम द्वारा सेब, अनन्नास, संतरा, आम, अंगूर, जैसी बागबानी की विभिन्न किस्मों का वित्तपोषण किया जाता है। मगर निवेश के प्रभाव से सम्बन्धित केवल दो फसलों, अर्थात् खट्टों (सिटरस) और अंगूरों के अध्ययन ही उपलब्ध हैं।

2.14 आन्ध्र प्रदेश में एक एकड से थोड़े बड़े खट्टों के एक बाग के विकास के लिए किए गए निवेश से, उसके पूरे विकसित होने पर, प्रति वर्ष 4 लाख फल प्राप्त हुए और 1978-79 की कीमतों के आधार पर 15,000 रुपये की वृद्धिशील शुद्ध आय हुई। इससे प्रति वर्ष 345 श्रम दिवसों के अतिरिक्त कृषि रोजगार का भी निर्माण हुआ।

2.15 अंगूरों के मामले में कर्नाटक में एक एकड (0.40 हेक्टेयर) के एक बाग के पूरी तरह से विकसित होने पर 5.80 टन (1979-80 की कीमतों के आधार पर 18,000 रुपये) अनाबेशाही किस्म के और बीजरहित थाम्सन किस्म के 6.00 टन (28,000 रुपये) अंगूरों का वार्षिक उत्पादन हुआ। इस निवेश से, पहली किस्म के अन्तर्गत 7,500 रुपये की वृद्धिशील शुद्ध आय हुई जबकि बाद की किस्म से 12,600 रुपये की आय हुई। इन दो किस्मों की, वित्तीय वापसी की दर 22 और 39 प्रतिशत थी। अनाबेशाही किस्म से 500 श्रम दिवस और थाम्सन बीजरहित किस्म से 600 श्रम दिवस, आवर्ती प्रकृति के, अतिरिक्त वार्षिक कृषि रोजगार का निर्माण हुआ।

राज्यवार रूपरेखा

आन्ध्र प्रदेश

वर्ष के दौरान, राज्य में सदस्य बैंकों ने 71.1 करोड़ रुपये तक का पुनर्वित्त प्राप्त किया जबकि 1979-80 में 61.9 करोड़ रुपये तथा 1978-79 में 49 6 करोड़ रुपये ही प्राप्त किए गए थे। आन्ध्र प्रदेश केन्द्रीय सहकारी कृषि विकास बैंक का कार्य प्रशंसनीय रहा। इसने वाणिज्य बैंकों द्वारा प्राप्त की गई (18.9 करोड़ रुपए) राशि के दो गुने से भी अधिक अर्थात् 50.3 करोड़ रुपये का पुनर्वित्त लिया जो कुल राशि के 70% से अधिक बनता है। इसके अतिरिक्त, बैंक ने सूखे/बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में योजनाओं के कार्यान्वयन में सक्रिय रुचि ली है। 3 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों ने कुल मिलाकर 1.5 करोड़ रुपये की बड़ी रकम आहरित की। राज्य सहकारी बैंक ने भी अपने कार्य-कलाप में सुधार किया और पिछले वर्ष के 13 0 लाख रुपये के मुकाबले इस वर्ष में 39.0 लाख रुपये का पुनर्वित्त प्राप्त किया। अंविसंघ की सहायता से राज्य में कार्यान्वित की जा रही आन्ध्र प्रदेश मत्स्यपालन परियोजना में भी यह बैंक भाग ले रहा है।

3.2 कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम द्वारा वितरित की गई राशि में लघु सिंचाई का भाग (41.6 करोड़ रुपये) प्रमुख रहा। इसके बाद का स्थान कृषि मशीनीकरण (8.3 करोड़ रुपये) का रहा। भूमि विकास को छोड़कर विभिन्न प्रयोजनों के लिए दी जानेवाली पुनर्वित्त की राशि में भरपूर बढ़ोतरी हुई और पिछले वर्ष के 2.2 करोड़ रुपये की तुलना में इस वर्ष 19.7 करोड़ रुपये की बड़ी राशि वितरित की गई।

टिप्पणी : नक्शों में दर्शाए गए आंकड़े 30 जून 1981 तक वितरित करोड़ रुपये में हैं और इनमें केवल प्रमुख प्रयोजन शामिल हैं।

3.3 राज्य के 10 जिलों में गहन मुर्गीपालन विकास परियोजनाएं प्रारम्भ की गईं। वर्ष के दौरान, राज्य में मुर्गीपालन के लिए 4.9 करोड़ रुपये के पुनर्वित्त का उपयोग किया गया।

3.4 राज्य में एक दिलचस्प प्रगति यह हुई कि राज्य सरकार 100 बाजारों के विकास के लिए मास्टर प्लान बनाकर बाजार केन्द्र विकास कार्यक्रम में अत्यधिक रुचि ले रही है। एक पूरजोर योजना के अन्तर्गत कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के परामर्श से अलग-अलग प्रस्ताव बनाए गए थे।

3.5 वर्ष के दौरान किए गए 113.5 करोड़ रुपये के वायदे को मिलाकर वर्ष के अन्त तक कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के संचयी वायदे 498.9 करोड़ रुपये के हो गए जिसमें से कुल 297.4 करोड़ रुपये का संचयी वितरण किया गया।

असम

3.6 इस वर्ष वितरित पुनर्वित्त की 6.1 करोड़ रुपये की राशि पिछले वर्ष वितरित की गई (2.9 करोड़ रुपये) राशि से दो गुनी थी। यद्यपि वाणिज्य बैंकों ने ही अत्यधिक पुनर्वित्त प्राप्त किया। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और राज्य सहकारी बैंक ने भी सहायता प्राप्त की है। राज्य भूमि विकास बैंक को यह सलाह दी गई कि वह योजनाबद्ध तरीके से ऋण देना प्रारम्भ करे और इस प्रयोजन के लिए तकनीकी कक्ष की स्थापना करे। वितरित की गई पुनर्वित्त की राशि में बागान/बागवानी क्षेत्र में पहले की तरह अधिक राशि का उपयोग किया गया जबकि लघु सिंचाई के अन्तर्गत केवल 18 लाख रुपये लिए गए।

3.7 वर्ष के दौरान किए गए 19.8 करोड़ रुपये के पुनर्वित्त के वायदे, 1979-80 में किए गए 20.7 करोड़ रुपये के वायदों से कम थे। कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के सहयोग से असम राज्य लघु सिंचाई विकास निगम द्वारा असम के 7 जिलों में उथले नलकूपों और कुओं/तालाबों से पानी खींचने के लिए छोटे उद्वहन-स्थलों के निर्माण हेतु 8.3 करोड़ रुपये की परियोजना की मंजूरी दी गई। वर्ष 1980-81 और 1981-82 की दो वर्षों की अवधि में यह कार्य पूरा किया जाएगा।

3.8 कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने कुल 67.9 करोड़ रुपयों के वायदों में से कुल 16.1 करोड़ रुपये का संचयी वितरण किया।

बिहार

3.9 राज्य के बैंकों ने पिछले वर्ष 24.7 करोड़ रुपये प्राप्त किए और आलोच्य वर्ष के दौरान 24.5 करोड़ रुपये का पुनर्वित्त प्राप्त किया। वाणिज्य बैंकों ने, 8 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों सहित 16.1 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त की जो कुल राशि का 66 प्रतिशत बनती है। राज्य भूमि विकास बैंकों को पिछले वर्ष के 3.6 करोड़ रुपये के मुकाबले इस वर्ष 8.4 करोड़ रुपये का ऋण दिया गया।

3.10 लघु सिंचाई और भूमि विकास के लिए 18.9 करोड़ रुपये दिए गए जो पुनर्वित्त के समग्र भाग का 77 प्रतिशत बनता है। कृषि मशीनीकरण के लिए 4.0 करोड़ रुपये दिए गए हैं। अन्य विविध प्रयोजनों के लिए 1.6 करोड़ रुपये उधार दिए गए जो कमोबेश, पिछले वर्ष दी गई राशि के समकक्ष थे।

3.11. भारतीय रिजर्व बैंक और निगम के संयुक्त अध्ययन दल ने बिहार का दौरा किया और राज्य भूमि विकास बैंक को पुनः व्यवस्थित करने के लिए कुछ सिफारिशें प्रस्तुत की, जिन्हें स्वीकार कर लिया गया है। वर्ष के दौरान राज्य भूमि विकास बैंक की वसूली स्थिति में भी सुधार हुआ है।

3.12. अविसंघ की सहायता प्राप्त राष्ट्रीय बीज परियोजना और अन्तर्देशीय मत्स्यपालन परियोजना भी राज्य में कार्यान्वित की जा रही थी। बीज परियोजना के अन्तर्गत भारतीय स्टेट बैंक ने 5.9 लाख रुपये वितरित किए तथा 52 लाख रुपये का पुनर्वित्त प्राप्त किया; मत्स्यपालन परियोजना के अन्तर्गत 2 अण्डा-घरों (हेचरियों) के लिए स्थान निर्धारित कर लिया गया है और भारत सरकार ने इसे अनुमोदित कर दिया है।

3.13. वर्ष के दौरान कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम की 8.9 करोड़ रुपये की पुनर्वित्त सहायता से एकीकृत ग्रामीण परियोजना के अन्तर्गत 7 जिलों को शामिल करते हुए बैंकिंग योजनाओं को मंजूरी दी गई, इसमें राज्य भूमि विकास बैंक, 11 राष्ट्रीयकृत बैंकों और 3 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की सहभागिता रही।

3.14. जहां तक वायदों का सवाल है, 34.1 करोड़ रुपयों के पुनर्वित्त वायदों को मिलाकर वर्ष के अन्त तक संचयी वायदे 232.1 करोड़ रुपये के हो गए। जून 1981 के अन्त तक कुल 139.7 करोड़ रुपये का संचयी वितरण किया गया जो कुल का 60 प्रतिशत बनता है।

गुजरात

3.15 वर्ष 1980-81 के दौरान राज्य में 20.4 करोड़ रुपये का कुल पुनर्वित्त वितरित किया गया जो पिछले वर्ष (25 करोड़ रुपये) की तुलना में कम रहा। राज्य भूमि विकास बैंक ने नाममात्र के लिए 0.7 करोड़ रुपये का पुनर्वित्त प्राप्त किया, वाणिज्य बैंकों ने भी पिछले वर्ष आहरित 23.8 करोड़ रुपये के पुनर्वित्त की तुलना में केवल 19.7 करोड़ रुपये की राशि आहरित की। उच्चतर के अतिदेय तथा इस कारण शाखाओं को बड़ी राशि उधार देने की पात्रता न होने के कारण, राज्य भूमि विकास बैंक ने इस वर्ष भी कम आहरण किया। भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से बैंक को पुनः व्यवस्थित करने के लिए कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने इस बार भी उपाय सुझाये।

3.16 लघु सिंचाई के लिए किए गए निवेशों में पुनर्वित्त के बड़े हिस्से का उपयोग किया गया जो 14.5 करोड़ रुपये अथवा कुल राशि का 71% बनता है। दूसरा स्थान कृषि मशीनीकरण ने लिया जिसे 2.6 करोड़ रुपये मिले। शेष 3.3 करोड़ रुपये की राशि का उपयोग विविध प्रकार के अन्य निवेशों में किया गया।

3.17 अविसंघ की सहायता प्राप्त समुद्री मत्स्यपालन परियोजना कार्यान्वित की जा रही है, जिसमें चुने हुए वाणिज्य बैंक भाग ले रहे हैं। जून 1981 के अन्त तक इस परियोजना के अन्तर्गत 2.1 करोड़ रुपये का कुल पुनर्वित्त दिया गया।

3.18 राज्य में वन विकास की अच्छी सम्भावना है। वर्ष के दौरान एक वन विकास परियोजना मंजूर की गई है जिसमें 3 9 करोड रुपये के पुनर्वित्त वायदे थे। बांस और इमारती लकडी की उपलब्धता बढाने और अधिक दृष्टि से लाभकारी किस्मों की पैदावार बढाने तथा आदिवासियों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति सुधारने और मूलभूत सुविधाओं का जुटाने की अपेक्षा भी परियोजना के अन्तर्गत की गई है।

3.19 वर्ष के दौरान किए गए 29 4 करोड रुपयों के पुनर्वित्त के वायदों को मिलाकर वर्ष के अन्त में सचयी वायदे 175.9 करोड रुपये के हो गए जिसमें से 129 1 करोड रुपये का सचयी आहरण किया गया।

हरियाणा

3 20 यह राज्य कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम से लगातार अधिक पुनर्वित्त प्राप्त करता आ रहा है। इसका श्रेय बैंक की निरन्तर अच्छी वसूली स्थिति को जाता है। पुनर्वित्त के आहरण की राशि में वर्ष दर वर्ष वृद्धि होती गई और इस प्रकार 1978-79 में 21 0 करोड रुपये, 1979-80 में 39 5 करोड रुपये तथा 1980-81 में 49 3 करोड रुपये आहरित किए गए। राज्य भूमि विकास बैंक के 16 9 करोड रुपयों की तुलना में वाणिज्य बैंकों ने 27 5 करोड रुपयों के पुनर्वित्त का बडा भाग प्राप्त किया। अविसघ की सहायता प्राप्त एकीकृत रूई विकास परियोजना के अन्तर्गत राज्य सहकारी बैंक ने अल्पा-विधि वित्त से सम्बन्धित शेष 4 9 करोड रुपये की राशि प्राप्त की।

3 21 लघु सिचाई को बडा हिस्सा (21 0 करोड रुपये) मिला तथा कृषि मशीनीकरण को (18 3 करोड रुपये) दूसरा स्थान मिला अन्य विविध प्रयोजनों के लिए किया गया 10 0 करोड रुपये का वितरण पिछले वर्ष के वितरण से कुछ अधिक था।

3.22 अविसघ की सहायता प्राप्त हरियाणा सिचाई परि-योजना का कार्यान्वयन राज्य में 1978 से हो रहा है। कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने परियोजना के अन्तर्गत 2215 जलमार्गों के निर्माण, 325 नलकूपों को बिजली चालित करने तथा 26 बाजार केन्द्रों में से 24 का निर्माण करने की सहमति दी। विभिन्न कार्यक्रमों के अन्तर्गत वितरण तो बढ रहा है परन्तु सीमेण्ट, कोयला और ईंटों जैसे आवश्यक कच्चे माल की कमी के कारण परियोजना के कार्यान्वयन में धीमी प्रगति रही।

3.23 वर्ष के दौरान किए गए 62 6 करोड रुपये के पुनर्वित्त के वायदे को मिलाकर वर्ष के अन्त में सचयी वायदे 277 3 करोड रुपयों के हो गए जिसमें से जून 1981 के अन्त तक कुल 185 8 करोड रुपयों का सचयी आहरण किया गया।

हिमाचल प्रदेश

3 24 वर्ष के दौरान कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने 1 9 करोड रुपयों का वितरण किया जो पिछले वर्ष के दौरान किए गए 1 8 करोड रुपयों के वितरण से थोडा अधिक था। वाणिज्य बैंकों ने इस कार्य में करीब-करीब पूरा योगदान (97%) दिया। राज्य भूमि विकास बैंक ने लगभग 6 लाख रुपये का ही पुनर्वित्त प्राप्त किया।

3.25 अविसघ की सहायता प्राप्त सेब अभिसस्करण और विपणन परियोजना के अन्तर्गत वाणिज्य बैंकों ने बागान और बागबानी के लिए 1 5 करोड रुपये का पुनर्वित्त प्राप्त किया जो निगम द्वारा वितरित की गई राशि का एक बडा भाग बनता है। अन्य कार्यक्रमों में डेरी विकास (11 लाख रुपये), मुर्गीपालन (12 लाख रुपये) और एकीकृत ग्रामीण विकास कार्य-क्रम ने पुनर्वित्त वितरित किया है।

3 26 वर्ष के दौरान 11 योजनाए मजूर की गई जिसमें कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के 3 00 करोड रुपये के वायदे थे जबकि पिछले वर्ष 62 लाख रुपयों के कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम वायदे के साथ 8 योजनाए मजूर की गई। 30 जून 1981 को राज्य में कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के कुल वायदे 12 2 करोड रुपयों के हो गए जिसमें से 4 8 करोड रुपये के कुल पुनर्वित्त की सुविधा प्राप्त की गई।

3 27 अविसघ की सहायता प्राप्त सेब अभिसस्करण और विपणन परियोजना की प्रगति वर्ष के दौरान सतोषजनक रही। इस वर्ष 5 शीतगृहों सहित 6 श्रेणीकरण/पैकिंग केन्द्र, 4 श्रेणी-करण केन्द्र, एक वाहनान्तरण केन्द्र, एक सेब-रस सान्द्रीकरण सयत्र अर्थात् कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने परियोजना के अन्तर्गत कुल 12 योजनाओं को मंजूरी दी।

जम्मू और काश्मीर

3 28 वर्ष के दौरान राज्य में पुनर्वित्त की स्थिति में सुधार हुआ और 1979-80 में प्राप्त किए गए 12 लाख रुपये के मुकाबले इस वर्ष 59 लाख रुपये प्राप्त किए। वाणिज्य बैंक और राज्य भूमि विकास बैंक, दोनों ने समान रूप से अधिक राशि प्राप्त की। राज्य भूमि विकास बैंकों ने मुख्यता कृषि मशीनीकरण योजनाओं और बैलों की खरीद के लिए राशि आहरित की जबकि वाणिज्य बैंकों ने कृषि मशीनीकरण के अलावा डेरी विकास और बागबानी के वित्तपोषण के लिए भी आहरण किया। आहरणों का बडा हिस्सा (30 लाख रुपये) कृषि मशीनीकरण को मिला। बाद का स्थान बागबानी योजनाओं को (25 लाख रुपये) प्राप्त हुआ।

3.29 वर्ष के दौरान विकास की एक महत्वपूर्ण बात यह हुई कि अविसघ की सहायता प्राप्त जम्मू और कश्मीर बागबानी परियोजना के अन्तर्गत कुछ सेब श्रेणीकरण केन्द्रों की स्थापना करने के लिए अविसघ द्वारा दिए गए ऋण के सम्बन्ध में सहभागी बैंकों ने पुनर्वित्त प्राप्त किया। वर्ष के दौरान कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने इस परियोजना के अन्तर्गत 9 और सेब श्रेणीकरण केन्द्रों, 8 अखरोट केन्द्रों की स्थापना के लिए योजनाए मजूर की है जिनमें कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम की पुनर्वित्त सहायता 2.8 करोड रुपये की है। एक और सराहनीय बात यह है कि राज्य भर में पुनर्वित्त और विकास निगम की कोई न कोई योजना चल रही है।

3 30 वर्ष के दौरान कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने कुल 3 1 करोड रुपये की पुनर्वित्त सहायता की 21 योजनाए मंजूर की हैं जबकि पिछले वर्ष पुनर्वित्त के वायदों की 6 योजनाए मजूर की गई और उसमें 78 लाख रुपये के ही वायदे थे। जून 1981 के अन्त तक 37 योजनाओं के अन्तर्गत कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के सचयी वायदे 5 6 करोड रुपये के हो गए जिसमें से वित्तपोषक बैंकों ने 1.9 करोड रुपये आहरित किए।

कर्नाटक

3 31 वर्ष के दौरान राज्य में वित्त पोषक सस्थाओं ने 17 8 करोड रुपये की पुनर्वित्त सुविधा प्राप्त की जो 1978-79 और 1979-80 के प्रत्येक वर्ष के दौरान वितरित की गई लगभग 14 0 करोड रुपये की राशि से 27 प्रतिशत अधिक रही। वाणिज्य बैंकों और राज्य भूमि विकास बैंक ने करीब-करीब समान पुनर्वित्त प्राप्त किया। राज्य भूमि विकास बैंक

को आलोच्य वर्ष में वितरित की गई 8.5 करोड रुपये की राशि, पिछले वर्ष अर्थात 1979-80 में वितरित (4.0 करोड रुपये) राशि के दो गुने से भी अधिक थी। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों ने शेष 0.8 करोड रुपये की राशि प्राप्त की।

3.32 ग्रामीण विद्युतीकरण निगम के कार्यक्रम के अन्तर्गत पंपसैटों को बिजली से चलाने की योजनाओं को सम्मिलित करते हुए लघु सिंचाई के लिए 5.7 करोड रुपये आहरित किए गए, जबकि कृषि मशीनीकरण और विविध प्रयोजनों के लिए क्रमशः 3.4 करोड़ रुपये और 8.7 करोड़ रुपये आहरित किए गए। विविध प्रयोजनों के अन्तर्गत बागान/बागबानी के लिए 2.6 करोड़ रुपये वितरित किए गए तथा दूसरा और तीसरा स्थान क्रमशः मत्स्यपालन (1.8 करोड रुपये) और एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम (1.4 करोड़ रुपये) का रहा, तथा 2.9 करोड़ रुपये की शेष राशि बाजार केन्द्र, मुर्गीपालन, डेरी, भेड़पालन आदि योजनाओं के लिए वितरित की गई। इस वर्ष की एक उल्लेखनीय बात यह रही कि एकीकृत ग्रामीण विकास परियोजना के अन्तर्गत पिछले वर्ष के दौरान वितरित की गई 3 लाख रुपये की अल्प राशि के मुकाबले इस वर्ष अधिक राशि वितरित की गई।

3.33 कर्नाटक ही ऐसा राज्य है जिसमें अंविसंघ की सहायता प्राप्त 6 परियोजनाएं चल रही थी। वर्ष के दौरान कर्नाटक कृषि थोक बाजार परियोजना के अन्तर्गत कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के माध्यम से दिए गए अंविसंघ के ऋण का पूरा उपयोग कर लिया गया है। डेरी विकास और रेशम उत्पादन परियोजनाओं के अन्तर्गत वितरण की गति बढ़ रही है।

3.34 वर्ष के दौरान मंजूर की गई योजनाओं के अन्तर्गत 36.1 करोड़ रुपये के पुनर्वित्त वायदों से वर्ष के अन्त में कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के संचयी वायदे 248.7 करोड़ रुपये के हो गए जिसमें से कुल 135.9 करोड़ रुपये का संचयी आहरण किया गया।

केरल

3.35 वर्ष 1980-81 के दौरान राज्य में वित्तपोषक संस्थाओं द्वारा प्राप्त पुनर्वित्त की स्थिति में विशेष सुधार हुआ है। राज्य में 1979-80 के दौरान निगम द्वारा वितरित की गई 10.0 करोड़ रुपये की राशि 1980-81 के दौरान बढ़कर 14.2 करोड रुपये हो गई जो पिछले वर्ष पर 42% की वृद्धि है। राज्य भूमि विकास बैंकों ने 7.7 करोड़ रुपये (54%) की राशि ली जबकि वाणिज्य बैंकों ने 6.4 करोड़ रुपये (45%) ही प्राप्त किए। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों ने शेष 0.1 करोड रुपये की राशि प्राप्त की।

3.36 लघु सिंचाई के अन्तर्गत 1980-81 के दौरान 4.3 करोड़ रुपये आहरित किए गए जबकि 1979-80 में 4.1 करोड़ रुपये ही आहरित किए गए थे। बागान और बागबानी के अन्तर्गत पिछले वर्ष के दौरान आहरित 3.3 करोड़ रुपये की राशि की तुलना में इस बार 7.1 करोड़ रुपये आहरित किए गए जो कुल आहरण का 50% बनता है। अविसंघ की सहायता प्राप्त केरल कृषि विकास परियोजना को इस वर्ष वितरित (4.2 करोड़ रुपये) की गई राशि में बडा भाग मिला।

3.37 वर्ष के दौरान एकीकृत ग्रामीण कार्यक्रम बैंकिंग प्लान के अन्तर्गत एक जिले के लिए कुल 1.0 करोड़ रुपये की पुनर्वित्त की सहायता मंजूर की गई थी, जिसमें से 2.0 लाख रुपये की राशि का उपयोग किया गया।

3.38 पिछले दो वर्षों की भांति, राज्य भूमि विकास बैंक की वसूली स्थिति इस बार भी संतोषजनक रही और अतिदेय, मांग के 5% से कम रहे। एक प्राथमिक भूमि विकास बैंक को छोडकर बाकी सभी 29 इकाइयां निर्बाध ऋण वितरण की पात्र रही।

3.39 वर्ष के दौरान राज्य में मंजूरी की गई 8.9 करोड रुपये की पुनर्वित्त सहायता से, जून 1981 के अन्त तक कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के संचयी वायदे 100.3 करोड रुपये के हो गए, जिसमें से निगम ने 45.6 करोड़ रुपये की कुल राशि वितरित की।

मध्य प्रदेश

3.40 पिछले वर्ष वितरित की गई राशि (36.5 करोड़ रुपये) की तुलना में वर्ष के दौरान थोड़ी अधिक अर्थात् 38.0 करोड़ रुपये की राशि वितरित की गई। वितरण में अधिकतम राशि (71%) वाणिज्य बैंकों ने प्राप्त की। उन्होंने 1979-80 के 24.6 करोड़ रुपयों की तुलना में 1980-81 में 27.1 करोड़ रुपयों का आहरण किया, जबकि इसी अवधि के दौरान राज्य भूमि विकास बैंक ने 11.8 करोड़ रुपयों की तुलना में 10.9 करोड़ रुपये ही प्राप्त किए। कई प्राथमिक भूमि विकास बैंकों के अत्यधिक अतिदेयों तथा इसके परिणामस्वरूप उन्हें निर्बाध ऋण वितरण की पात्रता प्राप्त न होने के कारण, भूमि विकास बैंक के कार्य की प्रगति धीमी रही। लघु सिंचाई के लिए पहले की तरह अधिक राशि (84%) वितरित की गई, इसके बाद कृषि मशीनीकरण (6%) भण्डारण (4%) और भूमि विकास (4%) का स्थान रहा।

3.41 मध्य प्रदेश दो कमाण्ड क्षेत्र विकास परियोजनाओं से लाभान्वित हुआ है जिसमें से एक परियोजना के लिए अंविसंघ की तथा दूसरी के लिए पश्चिम जर्मनी सरकार (केएफडब्ल्यू) की सहायता मिल रही है। पहली परियोजना के अन्तर्गत अभी वितरण किया जाना है जबकि दूसरी परियोजना के अन्तर्गत, 30 जून 1981 तक 2.5 करोड़ रुपये की राशि वितरित की जा चुकी है।

3.42 वर्ष के दौरान मंजूर की गई योजनाओं के अन्तर्गत 98.4 करोड़ रुपये के पुनर्वित्त वायदे किए गए जबकि पिछले वर्ष 106.0 करोड़ रुपये के वायदे किए गए थे। प्रारम्भ से लेकर अब तक के 393.5 करोड़ रुपये के कुल वायदों में से आलोच्य वर्ष के अन्त तक 178.9 करोड़ रुपये की राशि का लाभ उठाया गया।

महाराष्ट्र

3.43 पिछले वर्ष वितरित की गई 36.9 करोड़ रुपये की राशि के मुकाबले वर्ष के दौरान 51.7 करोड़ रुपये वितरित किए गए इस प्रकार लगभग 40% की उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

3.44 राज्य भूमि विकास बैंक ने पिछले वर्ष (20.4 करोड़ रुपये) से 13.4 करोड़ रुपये का अधिक पुनर्वित्त प्राप्त किया। इसमें 65 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई। वाणिज्य बैंकों ने 1979-80 में 16.5 करोड़ रुपये का पुनर्वित्त प्राप्त किया था जबकि 1980-81 में यह बढ़कर 17.9 करोड़ रुपये हो गया। प्रयोजनों में लघु सिंचाई ही पहले की तरह प्रमुख रहा और इसमें 37.9 करोड रुपये की राशि वितरित की गई जिसमें से 86% से अधिक राशि राज्य भूमि विकास बैंक ने प्राप्त की। कृषि मशीनीकरण के लिए रखे गये 3.00 करोड रुपये की सारी राशि वाणिज्य बैंकों ने प्राप्त की और 10.8 करोड रुपयों की शेष राशि विविध प्रयोजनों से सम्बन्धित थी।

3.45 अंविसंघ की सहायता प्राप्त कमाण्ड क्षेत्र विकास परियोजना राज्य में कार्यान्वित की जा रही है। परियोजना के अन्तर्गत 30 जून 1979 तक कुल 2.7 करोड़ रुपये वितरित किए गए।

3.46 वर्ष के दौरान एक विशेष प्रगति यह हुई कि 57400 हेक्टेयर क्षेत्र में सागवान के नए बागान विकास को ध्यान में रखते हुए नागपुर, चन्द्रपुर, नासिक, थाने, भंडारा, धुले और नान्देड़ जिलों के चार वन क्षेत्रों को शामिल करके 31.5 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत की एक वन-उद्योग परियोजना अनुमोदित की गई इसमें निगम का वायदा 18.6 करोड़ रुपये का रहा। इसके अलावा, ग्रैंड पेरन्ट स्टाक के आयात पर प्रस्तावित रोक के प्रसंग को ध्यान में रखते हुए राज्य में निगम द्वारा अनुमोदित की गई, बेबकोक लेयर और काब ब्रोयलर के शुद्ध स्टाक के विकास और अनुसंधान तथा प्रजनन के लिए दो मुर्गीपालन विकास केन्द्रों की स्थापना के लिए मंजूर की गई परियोजना का भी हवाला दिया जा सकता है।

3.47 वर्ष के दौरान किए गए 78.2 करोड़ रुपये के पुनर्वित्त वायदों सहित वर्ष के अन्त तक कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के संचयी वायदे 331.1 करोड़ रुपये के हो गए जिसमें से कुल 219.9 करोड़ रुपये का संचयी आहरण किया गया।

मणिपुर

3.48 वर्ष के दौरान कृषिविनि द्वारा वितरित किए गए कुल 9 लाख रुपयों के पुनर्वित्त में से रासबैंक और वाबैंकों ने क्रमशः 7 लाख रुपये और 2 लाख रुपये का उपयोग किया। प्रयोजनवार, कृषि मशीनीकरण ने प्रमुख हिस्सा अर्थात् 6 लाख रु. और लघु सिंचाई ने एक लाख रुपये प्राप्त किये। 2 लाख रुपये की शेष राशि बैल योजनाओं जैसे अन्य विविध प्रयोजनों के लिए थी। राज्य में भू-आकृति सम्बन्धी बाधाओं के कारण भूजल क्षमता का उपयोग नहीं किया जा रहा था। कमजोर सहकारी ऋण ढांचा, किसानों में उत्साह की कमी, पहाड़ी इलाकों में भूमि सम्बन्धी रिकार्ड का न होना आदि कुछ ऐसे कारण हैं जिनसे राज्य में कृषि विकास की योजनाएं बनाने तथा इनके कार्यान्वियन में, निरंतर बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं। इन परिस्थितियों का उल्लेख गत वर्ष की रिपोर्ट में भी किया था। वर्ष के अन्त में 2.7 करोड़ रुपये के वायदों के मुकाबले संचयी आहरण 1करोड रुपये का रहा।

मेघालय

3.49 वर्ष के दौरान मेघालय के एक वाणिज्य बैंक को मंजूर की गई डेरी विकास योजना के अन्तर्गत 1980-81 में कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम से पहली बार 1.0 लाख रुपये का पुनर्वित्त प्राप्त किया गया। वन विकास मुख्य प्रयोजन था जिसके लिए कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम द्वारा 44 लाख रुपये का वायदा किया गया, लेकिन दस्तावेजी कार्य के पूरे होने पर भी इस योजना के अन्तर्गत अब तक कोई आहरण नहीं किया गया है।

3.50 वर्ष के दौरान 54.0 लाख रुपये की वित्तीय सहायता और 49 लाख रुपये की पुनर्वित्त सहायता सहित 5 (4 डेरी और 1 सन्तरा बागान) योजनाएं मंजूर की गई। राज्य में मंजूर की गई योजनाओं की संख्या बढ़कर 10 हो गई है। इनमें कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के संचयी वायदे 1.1 करोड रुपये के हैं जिनमें से 72 लाख रुपये के वायदे वाणिज्य बैंकों तथा 36 लाख रुपये के वायदे राज्य सहकारी बैंक के पक्ष में किए गए।

नागालैंड

3.51 इसके पहले मंजूर की गई योजनाओं के सन्दर्भ में वर्ष के दौरान पुनर्वित्त आहरित नहीं किया गया। वर्ष के दौरान राज्य में 26 लाख रुपये की पुनर्वित्त सहायता और 29 लाख रुपये की वित्तीय सहायता सहित काफी बागान की एक योजना मंजूर की गई। जून 1981 के अन्त में राज्य में मंजूर की गई योजनाओं की संख्या 9 थी और इनमें कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के वायदे 88 लाख रुपये के थे जिनमें से 30 लाख रुपये भूमि विकास तथा 58 लाख रुपये की शेष राशि विविध प्रयोजनों से सम्बन्धित थी। वर्ष के दौरान पुनर्वित्त आहरित नहीं हुआ। संचयी वितरण पिछले वर्ष की रिपोर्ट के अनुसार ही 18.00 लाख रुपये के स्तर तक रहे। राज्य में कृषि विकास की प्रगति को रोकने वाले तत्वों में भूमि सम्बन्धी रिकार्डों का न होना, किसानों में उत्साह का अभाव तकनीकी स्टाफ की कमी, मूलभूत सुविधाओं की कमी जैसे कारण भी जुड़े हुए हैं।

उड़ीसा

3.52 वर्ष के दौरान राज्य द्वारा उपयोग किये गये 19.8 करोड़ रुपये के पुनर्वित्त की राशि, पिछले साल (13.2 करोड़ रुपये) की राशि से लगभग 50% अधिक थी। हालांकि दो वर्ष पूर्व (1978-79 में 8.7 करोड़ रु.) की स्थिति से यह दुगुनी से भी अधिक थी। वाणिज्य बैंक इस सम्बन्ध में पहले की भांति अग्रणी रहे और उन्होंने कुल का 50% अथवा 10 करोड़ रुपये प्राप्त किए वर्ष के दौरान राज्य भूमि विकास बैंकों का आहरण 1978-79 के 2.9 करोड़ रुपये से बढ़कर 7.4 करोड़ रुपये हो गया। 2.4 करोड़ रुपये की शेष राशि राज्य सहकारी बैंक ने प्राप्त की। 13 जिलों में से 8 में यदि बाढ़ न आई होती तो वर्ष के दौरान वित्तपोषक बैंकों का कार्य और बेहतर होता।

3.53 लघु सिंचाई की योजनाओं के अन्तर्गत 12.8 करोड रुपये वितरित किए गए और 7.00 करोड़ रुपये की शेष राशि विविध प्रयोजनों के लिए दी गई। वर्ष के दौरान एक सराहनीय बात यह हुई कि एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत 125 ब्लाकों को शामिल करते हुए 8 बैंकिंग योजनाएं मंजूर की गई जिनमें 22.8 करोड़ रुपये के कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के वायदे थे और इनके अन्तर्गत 1.5 करोड़ रुपये की राशि वितरित की गई।

3.54 कुएं खोदने की योजना बनाने के लिए कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के अधिकारियों द्वारा आदिवासी खंडों में किए गए दौरे का उल्लेख पिछली वार्षिक रिपोर्ट में किया गया है। यह योजना वर्ष के दौरान गंजम जिले के रायगढ़ खण्ड में केवल आदिवासी लाभार्थियों को शामिल करते हुए 5.8 लाख रुपये के कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के वायदे सहित मंजूर की गई।

3.55 वर्ष के दौरान राष्ट्रीय बीज परियोजना चरण II के अन्तर्गत सम्बलपुर जिले के बारगढ़ में एक बीज अभिसंस्करण संयंत्र कांप्लेक्स और बहुराज्यीय काजू परियोजना के अन्तर्गत छोटी जोतवालों के लिए एक काजू कार्यक्रम की मंजूरी दी गई।

3.56 अन्तर्देशीय मत्स्यपालन परियोजना के अन्तर्गत 2 इंजीनियरों की लागत आंक ली गई है और इनकी योजनाओं की रूपरेखा बना ली गई है तथा इनमें से एक योजना को भारत सरकार की केन्द्रीय परियोजना इकाई ने अनुमोदित कर दिया है।

3.57 वर्ष के दौरान किए 46.8 करोड़ रुपये के पुनर्वित्त वायदों से वर्ष के अन्त में कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के संचयी वायदे 145.6 करोड़ रुपये के हो गए जिनमें से कुल 60.2 करोड़ रुपये का संचयी वितरण किया गया।

पंजाब

3.58 वर्ष 1979-80 के 50.2 करोड़ रुपयों के मुकाबले वर्ष के दौरान राज्य के सदस्य बैंकों ने 67.5 करोड़ तक के पुनर्वित्त का उपयोग किया। दो वर्ष (1978-79 में 16.3 करोड़ रुपये) पहले की स्थिति के मुकाबले यह वृद्धि चौगुनी से भी अधिक है। वाणिज्य बैंक पहले की तरह इस सम्बन्ध में अग्रणी रहे और इन्होंने 49.9 करोड़ रुपये अथवा कुल वितरण की 74% राशि प्राप्त की। राज्यभूमि विकास बैंकों ने 1978-79 में केवल 3.5 करोड़ रुपये प्राप्त किए थे जबकि इस वर्ष 17 करोड़ रुपये लिए गए। राज्य सहकारी बैंक ने 0.6 करोड़ रुपये की शेष राशि प्राप्त की। अन्य बातों के अलावा, राज्य भूमि विकास बैंक का वसूली कार्य अच्छा होने के कारण राज्य में विकास वित्त की तेजी से विस्तार हुआ।

3.59 कृषि मशीनीकरण की योजनाओं के अन्तर्गत 43.3 करोड़ रुपये की राशि का उपयोग किया गया और परिणाम-स्वरूप ट्रैक्टरों की बढ़ती हुई मांग पहले जैसी बनी रही। इसी प्रकार लघु सिंचाई और विविध प्रयोजनों के लिए क्रमशः 15.5 करोड़ रुपये और 8.7 करोड़ रुपये की राशि वितरित की गई। लघु सिंचाई के अन्तर्गत प्रमुख वितरण, अविसंघ की सहायता प्राप्त पंजाब सिंचाई परियोजना में जलनालियां और गहरे नलकूप बनाए जाने के लिए किया गया। वर्ष के दौरान खुशी की एक बात यह भी हुई कि राज्य भूमि विकास बैंक ने पहली बार डेरी, मुर्गीपालन और पशु चालित गाड़ियों जैसे विविध प्रयोजनों की योजनाओं के लिए वित्त प्रदान किया, जिससे ग्रामीण समुदाय के कमजोर वर्गों का अत्यधिक हित हुआ। इसके अलावा, राज्य सरकार ने 5 वर्ष की अवधि में फलोद्यान लगाने के लिए 25,000 एकड़ क्षेत्र में बागबानी के विकास के लिए राज्य में एक महत्वाकांक्षी परियोजना प्रस्तावित की है। कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने प्रथमतः 2 वर्ष की अवधि में 10,000 एकड़ के विकास के लघु कार्यक्रम का ही अनुमोदन किया है। इस प्रकार की योजनाओं से राज्य में ऋण वितरण पद्धति की विविधता के अच्छे परिणाम निकलने चाहिए।

3.60 सिंचाई परियोजना के अलावा, राज्य में अविसंघ की सहायता प्राप्त राष्ट्रीय बीज परियोजना, चरण I कार्यान्वित की जा रही है। इस परियोजना के अन्तर्गत वर्ष के दौरान कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने जालंधर जिले के करतारपुर में एक बीज अभिसंस्करण संयंत्र स्थापित किए जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया है।

3.61 वर्ष के दौरान किए गए 58.5 करोड़ रुपये के पुनर्वित्त वायदों के साथ वर्ष के अन्त में कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के संचयी वायदे 291.7 करोड़ के हो गए जिसमें से कुल 211.0 करोड़ रुपये का संचयी आहरण किया गया।

राजस्थान

3.62 पुनर्वित्त का समग्र वितरण 1978-79 के 16.2 करोड़ रुपये से बढ़कर 1979-80 में 18.2 करोड़ रुपये तथा 1980-81 में 18.9 करोड़ रुपये का हो गया। राज्य भूमि विकास बैंक द्वारा लिए गए 6.9 करोड़ रुपये की तुलना में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को सम्मिलित करते हुए वाणिज्य बैंकों ने 11.4 करोड़ रुपये का अधिक भाग प्राप्त किया। राज्य में सबसे गरीब व्यक्तियों को वित्तीय सहायता दिलाने के लिए बनाए गए अन्त्योदय कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्य सहकारी बैंक ने 0.6 करोड़ रुपये की शेष राशि प्राप्त की। लघु सिंचाई और भूमि विकास कार्यों ने कुल वितरित राशि का बड़ा हिस्सा (10 करोड़ रुपये) लिया जो कुल वितरण का 53 प्रतिशत बनती है। अन्य विविध प्रयोजनों के अन्तर्गत वितरण की प्रवृत्ति सामान्यतः पिछले वर्ष जैसी रही। कृषि-मशीनीकरण के अन्तर्गत किए गए वितरण में लगभग 2.3 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई।

3.63 सीमेन्ट और कोयले जैसे निर्माण के सामान की कमी, भूमि के हस्तांतरण से सम्बन्धित प्रक्रियात्मक कठिनाइयों, कृषकों के अधिकतर अतिदेयों, भूमि रिकार्डों को अद्यतन बनाने में देरी आदि कारणों से अविसंघ/अपुवि बैंक की सहायता प्राप्त 2 कमाण्ड क्षेत्र विकास परियोजनाओं की प्रगति धीमी रही 30 जून, 1981 तक बैंकों ने कुल 8.2 करोड़ रुपये की राशि इन परियोजनाओं के अन्तर्गत आहरित की। वर्ष के दौरान, कृषि विकास हेतु अंतर्राष्ट्रीय कोष (आई एफ एडी) की सहायता प्राप्त कमाण्ड क्षेत्र विकास और बन्दोबस्त परियोजना को अन्तिम रूप दे दिया गया।

3.64 वर्ष के दौरान राज्य को किए गए 27.8 करोड़ रुपये के पुनर्वित्त वायदे सहित वर्ष के अन्त में संचयी वायदे 183.3 करोड़ रुपये के हो गए जिसमें से 89.7 करोड़ रुपये बैंकों ने प्राप्त किए।

सिक्किम

3.65 बैंकिंग की कुछ आधारभूत कठिनाइयों के कारण कृपुवित्त इस राज्य में अभी तक अपनी पुनर्वित्त सुविधाएं उपलब्ध नहीं करवा पाया है। सिक्किम के राज्यपाल द्वारा कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के साथ हुए विचार-विमर्श के आधार पर उन दो वाणिज्य बैंकों द्वारा प्रायोजित योजनाओं का वित्त-पोषण करना मंजूर कर लिया गया जिनकी शाखाएं इस राज्य में हैं।

तमिलनाडु

3.66 वर्ष 1980-81 के दौरान तमिलनाडु के बैंक 12.9 करोड़ रुपये की सुविधा प्राप्त कर सके, जबकि पिछले वर्ष उन्होंने 9.6 करोड़ रुपये ही प्राप्त किए थे। वाणिज्य बैंकों ने पुनर्वित्त सुविधाओं का अधिकतम लाभ उठाया। राज्य भूमि विकास बैंक मुख्य रूप से पुनर्व्यवस्था के कार्यों में ध्यस्त रहा; इसलिए केवल 1.3 करोड़ रुपये का ही पुनर्वित्त प्राप्त कर सका। क्योंकि कई प्राभुवि बैंकों को प्रात्रता प्राप्त नहीं थी।

3.67 वर्ष के दौरान राज्य में एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम की योजनाओं ने तेजी पकड़ ली है तथा वाणिज्य बैंकों ने एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत दिए गए अग्रिमों के संबंध में 4.9 करोड़ रुपये तक का पुनर्वित्त प्राप्त किया। पंडियन ग्रामीण बैंक ने एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रमों में अत्यंत उत्साह दिखाया और कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम से 77.0 लाख रुपये प्राप्त किए। वाणिज्य बैंकों द्वारा अपनाई गई अन्य योजनाओं में विविध प्रयोजनों के लिए ऋण देने की योजना भी थी जिसमें कृषि मशीनीकरण भी शामिल था।

3.68 राज्य भूमि विकास बैंक अपने बड़े पैमाने के बकाया ऋणों की वसूली और प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित किसानों के बकाया ऋणों के पुनश्चरणीकरण के कार्य में लगे रहे। राज्य सरकार ने बकाया राशि की वसूली करने में सक्रिय सहायता दी तथा जून 1981 के अन्त तक 21 करोड़ रुपये की राशि जुटाई गई। इससे तथा प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित किसानों की ऋणों की किस्तों के पुनश्चरणीकरण कर दिए जाने से अधिक संख्या में प्राथमिक भूमि विकास बैंक ऋण वितरण के पात्र बन गए। 182 इकाइयों के मुकाबले 161 इकाइयों नए सिरे से ऋण देने की पात्र बन गई। इसमें यह आशा की जाती है कि वर्ष 1981-82 में

राज्य में राज्य भूमि विकास बैंक द्वारा ऋण देने के कार्य में और तेजी आएगी।

3.69 वर्ष के दौरान कुल 16 7 करोड़ रुपये का पुनर्वित्त मंजूर किया गया। इससे कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के सचयी वायदे 145 5 करोड़ रुपये के हो गए और उनमें से 116 8 करोड रुपये का सचयी आहरण किया गया।

त्रिपुरा

3 70 राज्य में पिछले वर्ष वितरित किए गए 11 लाख रुपये के पुनर्वित्त के मुकाबले वर्ष के दौरान केवल 7 लाख रुपए प्राप्त किए गए। प्रयोजनवार वितरण के अन्तर्गत कृषि मशीनीकरण के लिए 1 लाख रुपये व 6 लाख रुपये की शेष राशि विविध प्रयोजनो के लिए उपयोग की गई, जिसमें से 1 लाख रुपय मत्स्य-पालन विकास, 4 लाख रुपये बागान और बागबानी तथा 1 लाख रुपये अन्य प्रयाजना के लिए वितरित किए गए। यद्यपि त्रिपुरा वन विकास और बागान निगम को मजूर की गई वन विकास योजना के अन्तर्गत कोई आहरण नही किया गया, योजना की अच्छी प्रगति हुई और दस्तावेजी कार्य के पूरा होते ही आहरण कर लिया जाएगा।

3.71 सहकारी ऋण के ढाचे की कमजोरी, मूलभूत सुविधाओ की कमी, अद्यतन भूमि रिकार्डों का न मिलना, जनजातियों में उत्साह की कमी आदि के कारण राज्य के कृषि विकास की प्रगति में रुकावट आई।

3 72 राज्य में जून 1981 के अन्त तक कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के कुल वायदे 4 2 करोड रुपये के हुए थे, जिनमें से 44 योजनाओ के लिए 3 1 करोड रुपये के वायदे वर्ष का दौरान किए गए। वर्ष के अन्त में राज्य के वित्तपोषक बैको ने 30 लाख रुपये का पुनर्वित्त लिया।

उत्तर प्रदेश

3 73 यह राज्य कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम से निरन्तर बडी मात्रा में पुनर्वित्त प्राप्त करता आ रहा है और इसने 1978-79 में 48 8 करोड रुपये। 1979-80 में 56 6 करोड रुपये तथा 1980-81 में 72 5 करोड रुपये प्राप्त किए। राज्य भूमि विकास बैंक ने 38 2 करोड रुपये का पुन-र्वित्त प्राप्त किया जबकि वाणिज्य बैंको ने 34 3 करोड रुपये ही प्राप्त किए। राज्य भूमि विकास बैंको के कार्य में सुधार हुआ है और इसने करीब 10 करोड रुपये की अधिक राशि प्राप्त की (1979-80 के 28 7 करोड रुपये से 1980-81 में 38 2 करोड रुपये), जबकि वाणिज्य बैंकों ने पिछले वर्ष से 6 4 करोड रुपये अधिक प्राप्त किए।

3.74 पपसेटो के विद्युतीकरण सहित लघु सिंचाई के अन्तर्गत (51 4 करोड रुपये) बडी राशि का उपयोग किया गया और इसके बाद का स्थान कृषि मशीनीकरण का रहा (6 5 करोड रुपय)। विविध प्रयोजनो के पक्ष में केवल 4 6 करोड रुपये की राशि प्राप्त की गई। 2 नए खण्डो के लिए योजनाए अनु-मोदित कर दिए जाने के कारण राज्य के सारे खण्डो को कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम की सहायता प्राप्त हो रही है।

3 75 राष्ट्रीय बीज परियोजना चरण II और अविसघ की सहायता प्राप्त अन्तर्देशीय मत्स्यपालन परियोजना राज्य में कार्या-न्वित की जा रही है। इस प्रकार कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने बीज परियोजना के अन्तर्गत फार्म विकास और बीज अभि-सस्करण व शीतगृह के प्रस्ताव को मजूर किया है तो अन्तर्देशीय मत्स्यपालन परियोजना के अन्तर्गत तालाबों में मत्स्यपालन के विकास की कुछ योजनाओं का अनुमोदन किया है।

3.76 वर्ष के दौरान किए गए 149 7 करोड रुपये के पुन-र्वित्त के वायदों को मिलाने से वर्ष के अन्त तक कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम से सचयी वायदे 626 4 करोड रुपये के हो गए जिसमें से कुल 334 8 करोड रुपये का सचयी आहरण किया गया।

पश्चिम बगाल

3 77 वर्ष 1980-81 के दौरान राज्य में 9 84 करोड रुपये का पुनर्वित्त प्राप्त किया गया जो पिछले वर्ष प्राप्त किए 9 81 करोड रुपये की तुलना में कुछ अधिक था। वाणिज्य बैंक पुनर्वित्त प्राप्त करने में इस बार भी अग्रणी रहे और इन बैंकों ने 6 4 करोड रुपये प्राप्त किए जो कुल वितरित राशि का 65% बनता है जबकि राज्य भूमि विकास बैंक ने कुल वितरित राशि में से 35% अर्थात् 3 4 करोड रुपये ही प्राप्त किए।

3.78 अविसघ की सहायता प्राप्त कृषि विकास परियोजना राज्य में पूर्णरूप से कार्यान्वित कर ली गई और 31 मार्च 1981 को समाप्त हो गई है।

3 79 प्रयोजनवार वितरण के अन्तर्गत लघु सिंचाई योजनाओं ने अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त किया और इसमें 5 1 करोड रुपये आहरित किए गए। बागान और वन-उद्योग सहित विविध प्रयोजनो के लिए 4 7 करोड रुपये की राशि वितरित की गई।

3 80 पश्चिम बगाल सरकार ने यह निर्णय किया है कि सामुदायिक प्रकृति की योजनाओ को एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत पचायत समितियो और जिला परिषदो के माध्यम से कार्यान्वित किया जाए। कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने पचायत समितियों और जिला परिषदो को ऋण देनेवाले बैंको को राज्य सरकार से मिले आश्वासनो और सुरक्षाओ के अधीन प्रयोगात्मक आधार पर पुनर्वित्त देना स्वीकार कर लिया है। राज्य सरकार, कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम और वित्त-पोषक बैंको के बीच सम्बन्धित त्रिपक्षीय करार इस समय निष्पा-दित किये जा रहे है।

3 81 अविसघ की सहायता प्राप्त अन्तर्देशीय मत्स्यपालन परि-योजना के अन्तर्गत कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने 1 2 करोड रुपये की पुनर्वित्त सहायता सहित अब तक 28 योजनाओ को मजूरी दी है।

3 82 राज्य में की गई विशेष प्रगति के अन्तर्गत सुन्दरबन क्षेत्र के विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा एक परियोजना बनाई गई जिसमें कृषि विकास हेतु अन्तर्राष्ट्रीय कोष से वित्तीय सहा-यता प्राप्त होगी। यह परियोजना अनुमानित लागत 31 8 करोड रुपये और कृषि विकास हेतु अन्तर्राष्ट्रीय कोष के 14 0 करोड रुपये के ऋण के साथ अनुमोदित हो गई है। इसमें से सस्थागत ऋण की सहायता से कार्यान्वित किए जानेवाले कार्य-क्रम का कुल परिव्यय 2 0 करोड रुपये होगा जिसके लिए कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम से 1.7 करोड रुपये के पुन-र्वित्त की आवश्यकता पडेगी।

3 83 वर्ष के दौरान किए गए 26 5 करोड रुपये के पुनर्वित्त वायदो को मिलाकर जून 1981 के अन्त तक राज्य में कृषि पुन-र्वित्त और विकास निगम के सचयी वायदे कुल 105 2 करोड रुपये के हो गए जिसमें से 47 6 करोड रुपये का सचयी आह-रण किया गया।

वर्ष के दौरान लिए गए नीति सम्बन्धी प्रमुख निर्णय

(1) पंपसैटों के लिए ऋण की अवधि

पंपसैटों के ऋण की अवधि बढ़ाने के लिए वित्तपोषक संस्थाओं, विशेषकर राज्य भूमि विकास बैंकों से प्राप्त अभिवेदनों को ध्यान में रखते हुए निगम ने सभी प्रकार के किसानों के पंपसैटों के ऋण के परिपक्व होने की अवधि 7 वर्ष से 9 वर्ष करने का निर्णय लिया है। कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम की परिभाषा के अंतर्गत छोटे किसानों के लिए सम्मिश्र ऋणों की अधिकतम अवधि 15 वर्ष ही रहेगी, किन्तु पंपसैटों से संबंधित ऋण की चुकौती की अवधि 9 वर्ष कर दी गई है। पंपसैटों के ऋण परिपक्व होने की बढ़ी हुई अवधि 1 अक्तूबर 1980 के बाद वित्तपोषक संस्थाओं द्वारा वितरित नए ऋणों पर लागू की गई।

(2) ब्याज दरें

4 2 अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की ब्याज की आमदनी पर 1980-81 में भारत सरकार के, कर पुनः लगाने और इस कर भार को अंतिम ऋणकर्ताओं पर डालने के निर्णय के कारण कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम योजनाओं के अन्तर्गत अंतिम ऋणकर्ताओं से वित्तपोषक बैंकों द्वारा ली जानेवाली ब्याज की दर कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने 1 जुलाई 1980 से भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी किए गए निदेशों के आधार पर परिशोधित की है

प्रयोजन	अन्तिम ऋणकर्ताओं द्वारा देय ब्याज दर (अधिकतम)
(क) लघु सिंचाई और भूमि विकास	10.25 प्रतिशत प्रतिवर्ष
(ख) विविध प्रयोजन	
(i) लघु कृषक	10 25 ,,
(ii) अन्य	11.35 ,,

जिन वाणिज्य बैंको, राज्य भूमि विकास बैंकों और राज्य सहकारी बैंकों को कर नहीं देना पड़ता था, उनके द्वारा लिए जानेवाले ब्याज की दरों में एकरूपता बनाए रखने के लिए, उन्हें अपने ऋणकर्ताओं से उपर्युक्त दरें लेने का परामर्श दिया गया।

4 3 मार्च 1981 में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा सामान्य ब्याज दर ढांचे में परिशोधन करने के कारण कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम की योजनाओं के अंतर्गत अंतिम ऋणकर्ताओं से लिए जानेवाले ब्याज की दर में निगम ने नीचे बताये अनुसार परिशोधन किया है और कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम की योजनाओं के अंतर्गत वित्तपोषक बैंकों द्वारा मंजूर किए गए ऋणों पर ये दरें 2 मार्च 1981 से लागू की हैं

प्रयोजन	अन्तिम ऋणकर्ताओं द्वारा देय ब्याज दर
(क) लघु सिंचाई और भूमि विकास	10.25 प्रतिशत प्रति वर्ष
(ख) विविध प्रयोजन	
(i) लघु कृषक	10.25 ,,
(ii) अन्य	12.50 ,,

बैंको के लिए निर्धारित दरें लेना अनिवार्य है। किन्तु 1 जुलाई 1930 से तुरन्त पहले वित्तपोषक संस्थाओं द्वारा लिए गए कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के पुनर्वित्त पर ब्याज की दरों में कोई परिवर्तन नहीं किया गया।

4 4 कमाण्ड क्षेत्र विकास कार्यक्रम में कार्यान्वयन करनेवाली एजेंसी के लिए मार्जिन 2 प्रतिशत से 3 प्रतिशत तक बढ़ाने के विचार से वित्तपोषक बैंकों से कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम द्वारा लिए जाने वाले ब्याज की दर और बाद में कार्यान्वयन करनेवाली एजेंसी द्वारा लिए जानेवाले ब्याज की दर तथा कमाण्ड क्षेत्र विकास परियोजना के अंतर्गत पात्र किसानों से विशेष ऋण खातों पर लिए जानेवाले ब्याज की दरें, निगम ने 1 जुलाई 1980 से नीचे लिखे अनुसार परिशोधित की हैं :

विवरण	पुरानी ब्याज दर	परिशोधित ब्याज दर
(क) विशेष ऋण खाते में से कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के पुनर्वित्त पर वित्तपोषक बैंक द्वारा देय दर	10 प्रतिशत प्रति वर्ष	9 प्रतिशत प्रति वर्ष
(ख) वित्त पोषक बैंकों द्वारा भूमि विकास निगम/कमाण्ड क्षेत्र प्राधिकरण को दिए गए ऋण पर	11 प्रतिशत प्रति वर्ष	10 80* प्रतिशत प्रति वर्ष
(ग) भूमि विकास निगम/कमाण्ड क्षेत्र प्राधिकरण द्वारा अपात्र लाभभोगी किसानों को दिये गये ऋण पर	13 प्रतिशत प्रति वर्ष	13 80 प्रतिशत प्रति वर्ष

*इसमें वाणिज्य बैंको द्वारा देय कर भी शामिल है।

(3) जनता बायोगैस (गोबर गैस) संयंत्र लगाने के लिए पुनर्वित्त की सुविधा

4 5 कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने पहले खादी और ग्राम उद्योग आयोग द्वारा तैयार किए गए डिजाइन के आधार पर गोबर गैस संयंत्र लगाने के लिए पुनर्वित्त की सुविधा प्रदान की थी। इस वर्ष के दौरान निगम ने जनता टाइप के बायोगैस संयंत्र लगाने के लिए पात्र संस्थाओं को कुछ शर्तों के साथ पुनर्वित्त की सुविधा प्रदान करने का निर्णय लिया है।

(4) ग्राम दूध सहकारी समितियों द्वारा दूध-घर बनाने के लिए पुनर्वित्त

4 6 राष्ट्रीय डेरी परियोजना (दुग्ध क्रांति चरण I और II) के अन्तर्गत अगले कुछ वर्षों के लिए देश में बहुत बड़ी संख्या में डेरी सहकारी समितियों के गठन पर ध्यान दिया गया। धन की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, ग्राम सहकारी डेरी समितियों द्वारा दूध-घर बनाने के लिए पात्र संस्थाओं को, चयनात्मक आधार पर पुनर्वित्त प्रदान करने पर कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम सहमत हो गया है। कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम की पुनर्वित्त से सम्बन्धित शर्तों सहित उपर्युक्त मार्ग-निर्देश जारी किए गए हैं।

(5) मशीनरी/उपकरणों को बदलने/मरम्मत करने के लिए पुनर्वित्त सुविधा

4 7 पूंजीगत लागत में बचत करने और वर्तमान उपकरणों में उनके कुछ हिस्से बदलकर, उनका अच्छा उपयोग करने तथा उन्हें अधिक टिकाऊ बनाने के विचार से कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ऐसे बैंकों को पुनर्वित्त देने के लिए सहमत हो गया जो मछली पकड़ने की मशीनयुक्त नावों, दूध अभिसंस्करण संयंत्रों, ट्रैक्टरों/स्प्रिंगिंग रिगों जैसे उपकरणों के भाग हिस्से बदलने

या/और जोड़ने के लिए ऋण प्रदान करते हैं, जिनकी लागत 0.50 लाख रुपये या उससे अधिक हो।

(6) वाणिज्य बैंकों के वसूली कार्य

4.8 वाणिज्य बैंकों के कृषि मीयादी ऋणों के वसूली कार्य में सुधार लाने के बारे में अपनाए गए उपायों का उल्लेख कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने अपनी पिछली वार्षिक रिपोर्ट में किया था। वाणिज्य बैंकों के माध्यम से कृषि ऋण देने से सम्बन्धित समिति की सिफारिशों को ध्यान में रखते हुए बैंकों को परामर्श दिया गया कि यदि मीयादी ऋण के अन्तर्गत शाखाओं पर, मांग के 50 प्रतिशत से अधिक अतिदेय बढ़ जाता है तो इन वाणिज्य बैंकों को, अतिदेय कम करने के लिए किए गए/किए जानेवाले उपायों की ठोस रूपरेखा योजना-प्रस्तावों के साथ पेश करनी होगी। यदि बैंकों द्वारा दी गई सूचना या सुझाए गए उपाय कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम को सन्तोषजनक नहीं लगे तो निगम और उपाय बतला सकता है, जिनके आधार पर ही पुनर्वित्त मंजूर किया जाएगा।

(7) पुनर्वित्त मंजूर करने की प्रत्यायोजित शक्तियों में वृद्धि

4.9 जैसा कि वर्ष 1978-79 की रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है, योजनाओं की शीघ्र मंजूरी के लिए निगम ने अपने प्रधान कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों और क्षेत्रीय कार्यालयों के प्रभारी अधिकारियों को पुनर्वित्त मंजूर करने के अधिकार दिए थे। वर्ष के दौरान कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने इस विषय की समीक्षा की और इन अधिकारियों को दी गई शक्तियों की सीमा में उपयुक्त वृद्धि कर दी।

(8) एकीकृत ग्रामीण विकास परियोजना के अन्तर्गत प्राथमिक भूमि विकास बैंकों द्वारा लघु कृषकों को ऋण-अतिदेयों की दिशा में छूट

4.10 देश के सभी खण्डों में एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम को लागू करने और विशेष कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के प्रशासन निगरानी तथा पर्यवेक्षण करने के लिए प्रत्येक जिले में एक अलग एजेंसी अर्थात् जिला ग्रामीण विकास एजेंसी की स्थापना के भारत सरकार के निर्णय के आधार पर, विशेष कार्यक्रमों के अन्तर्गत उपलब्ध रिआयत के साथ साथ एकीकृत ग्रामीण और विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत भी, लघु कृषकों को ऋण देने वाले प्राथमिक भूमि विकास बैंकों/शाखाओं को उनके प्रतिदेयों के सम्बन्ध में भारतीय रिजर्व बैंक/कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने रिआयत देने का निर्णय लिया है। तदनुसार, जिन प्राथमिक भूमि विकास बैंकों/राज्य भूमि विकास बैंकों की शाखाओं को नए ऋण देने की पात्रता है, उनको एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम में शामिल किए गए परिवारों के वित्तपोषण के लिए खुली छूट से ऋण देने की पात्रता होगी और जो प्राथमिक भूमि विकास बैंक/शाखाएं अतिदेय के मानदण्डों के आधार पर नया ऋण देने की पात्र नहीं हैं, वे भी एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत शामिल किए गए परिवारों की सहायता करने के लिए खुली छूट से ऋण देने की पात्र होंगी, बशर्ते कि भारतीय रिजर्व बैंक/कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम की सन्तुष्टि के अनुसार सम्बन्धित प्राथमिक भूमि विकास बैंक/शाखा के लिए पुनर्प्रतिष्ठा कार्यक्रम तैयार किया जाए।

प्रमुख लक्ष्य और उपलब्धियां

निगम ने राष्ट्रीय नीति और प्रमुख मुद्दों तथा एक वित्तीय संस्था के नाते अपनी भूमिका को ध्यान में रखते हुए, अपने उद्देश्यों के संबंध में नया दृष्टिकोण अपनाया है। निगम ने अपने सामने निम्नलिखित प्रमुख उद्देश्य रखे हैं : (1) कृषि-उपज में वृद्धि और कृषि एवं इससे संबंधित क्षेत्रों में निवेश के माध्यम से रोजगार बढ़ाना; (2) क्षेत्रीय असन्तुलन को कम करना; (3) एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम में अधिकाधिक भाग लेकर योजनाओं के अंतर्गत छोटे किसानों और अन्य कमजोर वर्गों को शामिल करना और (4) संस्था निर्माण। इन प्रमुख उद्देश्यों को साधने के लिए निगम ने वर्ष के दौरान कई कदम उठाए हैं। निगम ने बैंकों और राज्य सरकारों को, उनके विकास कार्यक्रमों को बैंक योग्य परियोजनाओं में परिवर्तित करने की दिशा में आवश्यक सहायता दी है और उनके कार्यान्वयन के लिए पुनर्वित्त की मदद की है। यह अध्याय 1 और 3 में उल्लिखित कार्य की समीक्षा से भी देखा जा सकता है।

5.2 पहले ही कार्यान्वित की गई कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम की योजनाओं के मूल्यांकन से पता चलता है कि आधुनिक तकनीक के उपयोग से सिंचाई कार्यक्रम को बढ़ावा देकर अधिक कृषि-उपज का मुख्य उद्देश्य किसी हद तक पूरा कर लिया गया है और इससे किसानों की आमदनी भी सन्तोषजनक रही है। इस वर्ष के दौरान कम विकसित क्षेत्रों में योजना निर्माण के प्रयत्नों को और बढ़ा दिया गया है। 1979-80 के 164 करोड़ रुपये के वितरण के मुकाबले इस वर्ष कुल 499 करोड़ रुपये के वितरण में से 192 करोड़ रुपये का वितरण इस कार्य के लिए किया गया (देखें सारणी 16)।

सारणी 16—कम विकसित/अधिकसित राज्यों में किया गया वितरण

(करोड़ रुपये)

वर्ष	मंजूरियां		वितरण
	योजनाओं की संख्या	कृपुविनि के वायदे	
1976-77	725	128	101
1977-78	917	141	113
1978-79	1237	273	127
1979-80	1749	371	164
1980-81	1970	413	192
30 जून 1981 तक	7448	1781	875

5.3 संस्था निर्माण के अपने प्रयत्नों के रूप में कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने भारतीय रिजर्व बैंक के सहयोग से पांच राज्यों अर्थात् बिहार, तमिलनाडु, गुजरात, महाराष्ट्र और कर्नाटक में एकात्मक ढांचे के अंतर्गत राज्य भूमि विकास बैंकों और उनसे सम्बद्ध प्राथमिक बैंकों या उनकी शाखाओं के लिए पहले एक पुनर्व्यवस्था कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई थी। प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित इलाकों में इन राज्य भूमि विकास बैंकों के ऋणकर्ताओं के ऋण का पुनश्चरणीकरण करना इस कार्यक्रम का एक प्रमुख पहलू था और परिणामस्वरूप राज्य भूमि विकास बैंकों को अपनी वित्तपोषक एजेंसी के दायित्वों का स्थगन करना था। कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम और भारतीय रिजर्व बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों के एक दल ने इन राज्यों का दौरा किया और इस प्रकार के प्रस्तावों को अंतिम रूप दे दिया है। भारतीय रिजर्व बैंक/कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के परामर्श पर संबंधित राज्य सरकारों ने इन राज्य भूमि विकास बैंकों की वित्तीय स्थिति मजबूत करने के लिए आवश्यक वित्तीय सहायता प्रदान की है। वाणिज्य बैंकों के कृषि संबंधी अतिदेयों को नियंत्रित करने के लिए कार्यदल ऋण समिति की सिफारिशों के आधार पर कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने वाणिज्य बैंकों को मार्गनिर्देश

जारी किए हैं, जिनमें वसूली कार्य के लिए पर्याप्त और अनुभवी स्टाफ को लगाना, जानबूझकर ऋण न चुकाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध वसूली कार्य के लिए पैरवी करना/प्रपीडक कदम उठाना और प्राकृतिक आपदाओं के मौकों पर ऋणकर्ताओं के ऋण का अन्य प्रकार के ऋण में परिवर्तन/पुनश्चरणीकरण कर, समय पर, सहायक देना शामिल है। कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने वाणिज्य बैंकों को यह भी परामर्श दिया है कि कार्यान्वयन करनेवाली शाखाएं, अतिदेयों से संबंधित सूचना, योजना-प्रस्तावों के साथ अनिवार्य रूप से भेज दें और यदि अतिदेय मांग के 50 प्रतिशत से अधिक बढ़ जाते हैं तो ऐसे कदम उठाए जाएं जो कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम को ठीक लगें।

लघु कृषकों का समावेश

5.4 कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने 1975 से अपनी योजनाओं के अन्तर्गत छोटे किसानों को शामिल करने की बात पर अधिक जोर दिया है। निवेश पूर्व अवधि में 5 व्यक्तियों के ग्रामीण परिवार के जीवन निर्वाह के लिए अपेक्षित आमदनी के स्तर का ध्यान रखते हुए छोटे किसानों को अलग से वर्गीकृत किया गया है। 1972 के मूल्यों के आधार पर पहले निर्धारित की गई 2,000 रुपये की सीमा को इस वर्ष के दौरान 1979-80 के मूल्यों के आधार पर परिशोधित कर 3,500 रुपये कर दिया गया है। राज्यवार वर्गीकरण के अनुसार इस आमदनी की सीमा में 3200 रुपये से 3900 रुपये तक का अन्तर आता है। कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम द्वारा प्रस्तुत लाभभोगी छोटे किसानों की इस परिभाषा में भूमिहीन किन्तु आर्थिक दृष्टि से कमजोर ग्रामीण व्यक्ति भी आते हैं।

5.5 कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम छोटे किसानों द्वारा किए जानेवाले निवेशों के लिए कम तत्काल अदायगी, कम ब्याज दर और चुकौती की अधिक अवधि जैसी रियायतें देता रहा है। भारत सरकार की जिन विशेष योजनाओं में पूंजी सहायता शामिल है, कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम द्वारा उनको भी पुनर्वित्त दिया जाता है। इन कार्यक्रमों में भूमि पर आधारित निवेश और गैर-भूमि पर आधारित निवेश शामिल हैं। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों को अधिकाधिक शामिल करने पर भी जोर दिया गया है।

5.6 पिछले 5 वर्षों के अथक प्रयत्नों के परिणामस्वरूप कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम योजनाओं के अन्तर्गत कुल ऋण वितरण में लघु कृषकों का हिस्सा वर्ष 1975-76 के 35% से बढ़कर वर्ष 1979-80 में 58% तक हो गया और फिर समीक्षाधीन वर्ष के दौरान 66.3% हो गया। (देखें सारणी 17)

सारणी 17—लघु कृषकों को वित्तपोषण*

करोड़ रुपए

प्रयोजन	1980-81 के दौरान कुल वितरण	1980-81 के दौरान लघु कृषकों के लिये वितरण		प्रतिशत
		राशि	खातों की संख्या	
लघु सिंचाई और भूमि विकास	276.5	176.5	235000	63.8
विविध प्रयोजन	78.7	37.6	94000	47.8
जोड़	355.2	214.1	329000	60.3

टिप्पणी इसमें कृषि मशीनीकरण, भण्डार और बाजार केन्द्र राज्य भूमि विकास बैंक को अन्तरिम वित्तपोषण, एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम, वन-उद्योग और राष्ट्रीय बीज परियोजनाएं शामिल हैं।

*आंकड़े अनन्तिम हैं।

यद्यपि ये आंकड़े बैंकों से मिली सूचना के आधार पर हैं, फिर भी, कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम का यह अनुभव रहा है कि लघुकृषकों को परिभाषित करने में लघु कृषक विकास एजेंसी-एकड़ सीमा के अपनाने के कारण बैंकों का रुख लघु कृषक उपलब्धियों को कम दिखाने की ओर रहा है।

5.7 एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने लक्ष्य-वर्ग के हित के लिए बनाए गए एक विशेष कार्यक्रम में पहल की है, जिसमें 1538 खण्डों को शामिल करते हुए 208 बैंकिंग प्लान तैयार करना शामिल है। और इसमें जून 1981 तक कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के 146.4 करोड़ रुपये के वायदे हैं। इनके अन्तर्गत कुल आहरण 17.2 करोड़ रुपये का ही हुआ है जिसका प्रमुख कारण वाणिज्य बैंकों द्वारा विभेदक ब्याज दर की योजनाओं के अंतर्गत ऋण दिया जाना और वितरण तथा पुनर्वित्त के आहरण में होनेवाली देरी बताया जाता है। देश के सभी खण्डों को शामिल करने के लिए इस कार्यक्रम को व्यापक बनाने के साथ-साथ भारतीय रिजर्व बैंक की सहमति से, कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने अग्रणी बैंकों को उनके वार्षिक कार्य की रूपरेखा के एक अंग के रूप में ऐसे प्लान बनाने का कार्य सौंप दिया है।

विदेशी सहायता प्राप्त परियोजनाएं

अविसंधि/अपुवि बैंक की सहायता प्राप्त परियोजनाएं

जून 1981 के अन्त तक कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम विश्व बैंक समूह की सहायता प्राप्त चालीस परियोजनाओं के कार्यान्वयन में लगा हुआ है। 5,250 लाख डालर की सामान्य पंक्ति की तीन ऋण परियोजनाओं के अलावा, अन्य चलाई जा रही परियोजनाओं में, बारह कृषि ऋण परियोजनाएं, सात कमाण्ड क्षेत्र विकास परियोजनाएं, तीन डेरी विकास परियोजनाएं, तीन बीज परियोजनाएं, तीन मत्स्यपालन परियोजनाएं, दो बाजार केन्द्र परियोजनाएं, दो बागबानी सम्बन्धी विपणन परियोजनाएं, दो सिंचाई परियोजनाएं, एक एकीकृत ग्रामीण विकास परियोजना, एक बहुराज्यीय काजू परियोजना तथा एक रेशम उत्पादन परियोजना शामिल है। इन परियोजनाओं के अन्तर्गत विश्व बैंक समूह द्वारा मंजूर किए गए 20,600 लाख डालर के कुल ऋण में से 12,000 लाख डालर का ऋण संस्थागत ऋण की सहायता से किए जाने वाले निवेशों के लिए कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के माध्यम से दिया जाएगा। जून 1981 के अन्त तक विश्व बैंक समूह की विविध परियोजनाओं के अन्तर्गत कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम द्वारा वितरित पुनर्वित्त की राशि 1290.0 करोड़ रुपये तक पहुंच गई जिसमें देश को 9050 लाख डालर की विदेशी मुद्रा का लाभ हुआ।

6.2 प्रयोजनवार ऋण वितरण कार्यक्रम के सम्बन्ध में परियोजनाओं के अधीन अब तक किए गए वितरण और जून 1981 के अन्त तक प्रतिपूर्ति योग्य अविसंधि ऋण की राशि का ब्यौरा ऊपर सारणी 18 में दिया गया है।

6.3 चालू परियोजनाओं का संक्षिप्त विवरण सारणी 11 में दिया गया है। ऋण वितरण कार्यक्रम, वितरण और अन्य आंकड़ों से सम्बन्धित विवरण सारणी 12 में दिया गया है।

सारणी 18—अंविसंघ/अंपुवि बैंक परियोजनाएं—प्रयोजनवार करोड़ रुपए

प्रयोजन	अंविसंघ ऋण के उपयोग के लिए आवश्यक वितरण	कृपुविनि कार्यक्रम के लिए अंविसंघ/ अंपुवि बैंक की सहायता की राशि	30 जून 1981 तक कृपुविनि द्वारा दिया गया पुनर्वित्त	30 जून 1981 तक भारत सरकार के माध्यम से अंविसंघ/ अंपुवि बैंक द्वारा वितरित राशि	कृपुविनि वितरण के मुकाबले अंविसंघ से ग्राह्य ऋण की राशि
				लाख डॉलर	
1. लघु सिंचाई	1230.9	682.7	1021.6	587.1	7612
2. भूमि विकास	11.7	8.3	5.8		
3. कृषि मशीनीकरण	95.4	59.7	65.0		
4. बाजार केन्द्र विकास	23.8	17.2	22.3	17.3	217
5. बागबानी-उपज का अभिसंस्करण और विपणन	14.3	12.6	3.7	—	45
6. डेरी विकास	41.1	33.6	0.3	—	33
7. कमाण्ड क्षेत्र विकास	68.6	46.5	13.6	8.1	106
8. बीज उत्पादन	51.0	35.9	3.6	2.2	25
9. मत्स्यउद्योग विकास	28.7	15.5	2.7	1.2	17
10. रूई विकास और अभिसंस्करण	16.1	10.3	8.5	4.8	75
11. रेशम उत्पादन	5.9	3.5	0.2	—	1
12. काजू विकास	20.7	11.8	0.3	—	3
13. विविध प्रयोजन	120.5	61.8	136.4	62.3	903
14. अन्य	50.6	24.0	6.0	3.1	44
	1779.3	1023.4	1290.0	66.1	9051@

*केरल कृषि विकास परियोजना के अन्तगत रबड़ अभिसंस्करण, नारियल विकास इत्यादि,

†एरूविप के अन्तर्गत उन्नत किस्म की रूई उत्पादन के लिए अलग रखा गया 75 लाख डालर का अल्पावधि ऋण शामिल है

@दानी देशों से प्राप्त ऋण शामिल नहीं है।

6.4 समीक्षाधीन वर्ष में दो योजनाएं, अर्थात् पश्चिम बंगाल कृषि विकास परियोजना और कर्नाटक कृषि थोक बाजार परियोजना पूरी की गई हैं। इस प्रकार जून 1981 के अन्त तक 6340 लाख डालर के अंविसंघ ऋण की सामान्य पंक्ति की दो ऋण परियोजनाओं सहित (2750 लाख डालर ऋण की), सोलह परियोजनाएं पूर्ण रूप से कार्यान्वित की गई हैं। विश्व बैंक समूह की सहायता प्राप्त चालू योजनाओं के कार्यान्वयन में हुई प्रगति पर नीचे प्रकाश डाला गया है।

क. कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम सात परियोजनाएं

6.5 जनवरी 1980 से 2500 लाख डालर ऋण की तीसरी कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम परियोजना कार्यान्वित की जा रही है। इस योजना के अन्तर्गत कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने लघु सिंचाई, भूमि विकास जैसे प्रयोजनों के लिए 274.9 करोड़ रुपये का पुनर्वित्त वितरित किया है तथा विविध प्रयोजनों के सन्दर्भ में कृषि पुनर्वित्त का वितरण 102.1 करोड़ रुपयों का रहा है। जून 1981 के अन्त तक इस योजना के अन्तर्गत वितरित 377.0 करोड़ रुपये की राशि (प्रशिक्षण के खर्च को छोड़कर) परियोजना का मूल्यांकन करते समय अनुमान लगाई गई राशि 335.0 करोड़ रुपये को पार कर गई। प्रशिक्षण घटकों के अन्तर्गत अब तक 1.0 करोड़ रुपये की राशि खर्च की गई है।

6.6 लघु सिंचाई निवेश और भूमि विकास योजनाओं की दिशा में इस परियोजना के अन्तर्गत उन्नीस राज्य/संघशासित क्षेत्र लाभान्वित हुए हैं। विविध प्रकार की ऋण वितरण योजनाओं के लिए इस परियोजना के अन्तर्गत बाईस राज्य/संघशासित क्षेत्रों में ऋण वितरण किया गया है। इस वर्ग के अन्तर्गत वितरित राशि परियोजना मूल्यांकन के समय लगाए गए अनुमान से कहीं ज्यादा थी। विविध प्रयोजनों में कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने बागान और बागबानी (23.8 करोड़ रुपये), मत्स्योद्योग विकास (14.6 करोड़ रुपये), पशुपालन (20.4 करोड़ रुपये) के कार्यक्रम के लिए बड़ी मात्रा में ऋण वितरण किया है।

6.7 परियोजना के एक अंग के रूप में योजनाओं के पर्यवेक्षण के लिए एक अखिल भारतीय कार्यक्रम बनाने के उद्देश्य से और लघु सिंचाई की स्थिति में सुधार लाने की दृष्टि से छः राज्यों में प्रायोगिक अध्ययन चलाए गए हैं और वे पूरे हो गए हैं इन अध्ययनों से प्राप्त अनुभवों के आधार पर प्रत्येक राज्य में योजनाओं के गुण-नियंत्रण के उपाय निर्धारित करने के लिए मार्गनिर्देश बनाए जाएंगे।

6.8 अंविसंघ से कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम को चौथे सामान्य पंक्ति के ऋण की स्वीकृति के लिए परियोजना प्रस्ताव

तैयार करने का उल्लेख पिछली वार्षिक रिपोर्ट में किया गया था। वर्ष के दौरान सम्बन्धित परियोजना रिपोर्ट भारत सरकार के माध्यम से अंविसंघ को प्रस्तुत की गई है। अंविसंघ के 3500 लाख डालर ऋण की इस परियोजना का मूल्यांकन विश्व बैंक ने पूरा कर लिया है। आशा है, ऋण सम्बन्धी बातचीत शीघ्र ही शुरू हो जाएगी।

ख. राज्य कृषि ऋण परियोजनाएं

6.9 कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने वर्ष 1980-81 में अंविसंघ के 220 लाख डालर के ऋण का उपयोग करने के लिए पश्चिम बंगाल कृषि विकास परियोजना के अन्तर्गत कुल 25.9 करोड़ रुपये का वितरण किया जो इस वर्ष परा हो गया। इसके अलावा 1 लाख डालर ऋण का दावा और प्रस्तुत किया गया है ताकि कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम को पुनः आवंटित अतिरिक्त राशि का उपयोग किया जा सके। कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम में एक परियोजना-समाप्ति रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

6.10 राज्योन्मुख कृषि ऋण परियोजना के वर्ग में एक-मात्र केरल कृषि विकास परियोजना इस समय कार्यान्वित की जा रही है। जून 1981 के अन्त तक छोटी जोतवाले किसानों का विकास, काजू विकास और रबड अभिसंस्करण विकास कार्यक्रम के सम्बन्ध में कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने 19.5 करोड रुपये के वायदे किए हैं जिनमें से जून 1981 के अन्त तक 6 करोड रुपये की राशि वितरित की गई है। कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के प्रतिनिधि सहित केरल सरकार के एक दल ने इस परियोजना का मध्यावधि पुनर्मूल्यांकन किया था। यह अध्ययन इस ओर इशारा करता है कि नारियल के पेड लगाने के कार्य को और व्यापक करने की गुंजाइश प्रमख रूप से सिंचाई-स्थितियों पर निर्भर करती है। इस सन्दर्भ में यह भी सुनिश्चित करना आवश्यक हो जाता है कि पम्प सैटों का ऊर्जीकरण अपेक्षित मात्रा में किया जाता है। ये तथा अध्ययन दल की अन्य सिफारिशें केरल सरकार के विचाराधीन हैं। कालीमिर्च की बेल लगाने की योजना के अन्तर्गत पन्द्रह अतिरिक्त पैकेज इकाइयां और परियोजना क्षेत्र के बाहर भी नारियल के पेड़ लगाने के कार्य के अन्तर्गत दो इकाइयां अंविसंघ के सहयोग से चलाई जानेवाली परियोजना में शामिल कर ली गई हैं। काजू विकास की स्थिति यह है कि विकास कार्य के लिए आवश्यक 1470 हेक्टेयर वन्य भूमि में से केवल 1120 हेक्टेयर भूमि ही केरल के बागान निगम को विकास के लिए दी गई है। निर्माण सामग्री के न मिलने के कारण रबड के नरम टुकडों के अभिसंस्करण-कारखाने की स्थापना में देरी हो गई है।

ग. कमाण्ड क्षेत्र विकास परियोजना

6.11 कमाण्ड क्षेत्र विकास परियोजनाओं में आधुनिकीकरण निकास नालियों का सुधार, खेत-विकास कार्य, आधारभूत बस्तओं का विकास जैसे संयक्त कार्य शामिल हैं। इन परियोजनाओं के अन्तर्गत कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के माध्यम से केवल खेत-विकास कार्यक्रम के लिए ऋण दिया जा रहा है। ऐसी सात परियोजनाएं इस समय चल रही हैं जिनमें आन्ध्र प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और उडीसा राज्यों में एक-एक और राजस्थान में दो परियोजनाएं शामिल की गई हैं। आन्ध्र प्रदेश सिंचाई और कमाण्ड क्षेत्र विकास की संयुक्त परियोजना में 1.78 लाख एकड में विकास कार्यक्रम पूरा किया जाना था। इसमें कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने 1.58 लाख एकड के लिए एक कार्यक्रम मंजूर किया है। 12.4 करोड रुपये के अपने वायदे में कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने जून 1981 के अन्त तक 2.7 करोड़ रुपये की राशि वितरित की है।

6.12 कर्नाटक सिंचाई परियोजना के अन्तर्गत मलप्रभा और घटप्रभा कमाण्ड क्षेत्र विकास कार्यक्रम में 31,000 हेक्टेयर भूमि को खेत-विकास कार्यक्रम में समाविष्ट करना था जिसमें से विकास के लिए करीब 11,000 एकड भूमि को अधिसूचित किया गया है। कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने कुल 5.3 करोड़ रुपये की 13 योजनाएं मंजूर की हैं। परन्तु इन परियोजनाओं के अन्तर्गत कोई वितरण नहीं किया गया है। किसानों की सहमति और उनके ऋण आवेदन पत्रों को इकट्ठा किया जा रहा है।

6.13 मध्य प्रदेश चम्बल कमाण्ड क्षेत्र विकास परियोजना में शुरू में 12,000 हेक्टेयर क्षेत्र में खेत-विकास कार्य किए जाने थे परन्तु उनमें काट-छांट कर 5,000 हेक्टेयर ही रखने पड़े। कार्य-प्रणाली में देरी, चकबन्दी के सम्बन्ध में काश्तकारों का विरोध और सहमति-व-आवेदन पत्र के निष्पादन के सम्बन्ध में किसानों की अनिच्छा के कारण खेत-विकास कार्यों के लिए वितरण नगण्य (केवल 24,000 रुपये) रहा।

6.14 महाराष्ट्र सिंचाई और कमाण्ड क्षेत्र विकास की संमिश्र परियोजना के अन्तर्गत अंविसंघ कार्यक्रम जायकवाडी 3 और 4 कमाण्ड में करीब 45,000 हेक्टेयर तक ही सीमित रहा। कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने अब तक 8.3 करोड़ रुपये की पुनर्वित्त सहायता मंजूर की है जिसमें से 2.7 करोड रुपये की राशि वितरित की गई है। प्रशासनिक विलम्ब के कारण परियोजना की प्रगति में अब भी बाधा पहुंच रही है।

6.15 उडीसा सिंचाई परियोजना में बैंक-ऋण के संसाधनों के बिना खेत-विकास कार्यक्रम को योजना-निधियों के उपयोग से कार्यान्वित करने के बारे में उडीसा सरकार सोच रही है।

6.16 राजस्थान नहर कमाण्ड क्षेत्र विकास परियोजना में खेत-विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत 2 लाख हेक्टेयर (1400 चक*) क्षेत्र समाविष्ट किया जाना है। कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने अब तक 1332 चकों में योजनाएं निश्चित कर ली है और 664 चकों में काम पूरा हो गया है तथा 887 चकों में योजनाएं प्रगति कर रही हैं। स्वयं राजस्थान भूमि विकास निगम ने वित्तपोषक संस्थाओं से 8.5 करोड रुपये तक की वित्तीय सहायता हासिल कर ली है तथा इसी प्रकार इन संस्थाओं ने 6.8 करोड रुपये की पुनर्वित्त सहायता प्राप्त कर ली है।

6.17 चम्बल (राजस्थान) कमाण्ड क्षेत्र विकास परियोजना में खेत-विकास कार्य में कुल 50,000 हेक्टेयर क्षेत्र को समाविष्ट करने का लक्ष्य रखा गया था। कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने 7 योजनाएं पास कर दी हैं और जून 1981 के अन्त तक 1.4 करोड़ रुपये का पुनर्वित्त वितरित कर दिया है। कानूनी एवं प्रक्रियात्मक अडचनें, दुर्लभ निर्माण सामग्री का न मिलना, खेत-विकास कार्य के महत्व को किसानों द्वारा न समझा जाना, मशीनरी इत्यादि कारणों से राजस्थान की कमाण्ड क्षेत्र विकास परियोजनाओं की प्रगति मन्द पड गई, इसलिए चम्बल कमाण्ड क्षेत्र विकास परियोजना (राजस्थान) की समाप्ति अवधि जून 1982 तक बढ़ा दी गई है।

6.18 कमाण्ड क्षेत्र विकास परियोजनाओं में ऐसे किसानों के खेत में विकास कार्य का वित्तपोषण करने के लिए, जो किसी न किसी कारणवश बैंकों से वित्तीय सहायता पाने के पात्र नहीं हैं, उनके लिए कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम में एक विशेष ऋण खाता बनाया गया है जिसमें भारत सरकार, कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम और सम्बन्धित राज्य सरकारें अंश-दान दे रही हैं। इस खाते में जून 1981 के अन्त तक 4.7 करोड

*एक चक=120 हेक्टेयर (अंदाजन)

रुपये की राशि जमा हुई है। इस राशि से राजस्थान नहर कमाण्ड क्षेत्र विकास परियोजना के अन्तर्गत केवल 1.6 करोड़ रुपये आहारित किए गए है।

6.19 भारत सरकार ने अप्रैल 1980 में यह निर्णय लिया है कि कमाण्ड विकास परियोजना के सम्बन्ध में 5 से 8 हेक्टेयर तक के खण्डों के लिए जलमार्ग/खेतों में नालियों का निर्माण बजट स्त्रोतों से किया जाना चाहिए।

6.20 विश्व बैंक समूह की सहायता प्राप्त विविध कमाण्ड क्षेत्र विकास परियोजनाओं के अन्तर्गत विश्व बैंक से प्राप्त पुनर्वित्त के अंश में 25 से 65 प्रतिशत के बीच का अंतर आया है। कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम/भारत सरकार द्वारा प्रस्तुत एक अभिवेदन के परिणामस्वरूप अब विश्व बैंक विशेष ऋण खाते से दिए जानेवाले ऋण सहित सभी किसानों के खेत में किए जाने वाले खेत-विकास कार्य के लिए, कमाण्ड क्षेत्र विकास परियोजना के अन्तर्गत किए जानेवाले कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम वितरण को 65 प्रतिशत तक की प्रतिपूर्ति करने को सहमत हो गया है। इस निर्णय से परियोजना के अन्तर्गत किए जानेवाले आहरण की स्थिति में सुधार होगा।

घ. डेरी विकास परियोजनाएं

6.21 कर्नाटक, मध्य प्रदेश और राजस्थान के लिए अंविसंघ द्वारा स्वीकृत तीन डेरी विकास परियोजनाओं के अन्तर्गत कर्नाटक डेरी विकास परियोजना में केवल संकर गायों के कार्यक्रम को कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम की पुनर्वित्त सहायता से अन्तिम रूप दिया जा रहा है। जून 1981 के अन्त में कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने केवल 28 लाख रुपयों की राशि वितरित की है। इस धीमी प्रगति का कारण यह बताया जाता है कि संकर गायें बहुत कम मिल पाती थीं और इकाई लागत की दरें कम थीं। इसलिए अब कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने इकाई लागत में वृद्धि कर दी है। किन्तु फिर भी, कर्नाटक डेरी विकास निगम ने भारत सरकार के समक्ष यह प्रस्ताव रखा है कि उपलब्धियों के वर्तमान स्तर पर ही खेत-विकास कार्यक्रम को छोड़ दिया जाए और बची हुई राशि को अन्य वर्गों में लगा दिया जाए।

ङ बाजार केन्द्र परियोजनाएं

6.22 कर्नाटक कृषि थोक बाजार परियोजना के अन्तर्गत कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के माध्यम से दी जानेवाली अंविसंघ-ऋण-राशि को समा लेने के लिए आवश्यक कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम वितरण (6.5 करोड़ रुपये) वर्ष के दौरान पूरा कर लिया गया है। 47 में से 15 बाजार केंद्र परियोजनाएं पूरी की जा [illegible] 19 और योजनाएं अब तक पूरी हो गई होंगी। बाकी 13 बाजारों के अक्तूबर 1981 तक तैयार होने की संभावना है। इस परियोजना के सम्बन्ध में एक परियोजना समाप्ति रिपोर्ट कर्नाटक सरकार द्वारा तैयार की जा रही है। इस परियोजना के पूरे होने के साथ-साथ अंविसंघ द्वारा मंजूर की गई दोनों विकेन्द्रीकृत परियोजनाओं के अधीन वितरण पूरा कर लिया गया है।

च. मत्स्यपालन परियोजनाएं

6.23 दो समुद्री मत्स्यपालन परियोजनाएं अर्थात आन्ध्र प्रदेश मत्स्यपालन परियोजना और गुजरात मत्स्यपालन परियोजना तथा पांच राज्यों अर्थात् बिहार, मध्य प्रदेश, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में फैली हुई अन्तर्देशीय मत्स्यपालन परियोजना भी कार्यान्वित की जा रही है।

6.24 आन्ध्र प्रदेश मत्स्यपालन परियोजना के अन्तर्गत लागत में हुई वृद्धि के सम्बन्ध में अध्ययन करने के बाद कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने मछलीमार नौकाओं की इकाई लागत में वृद्धि करना स्वीकार कर लिया है। निवेश वस्तुओं की दरों में हाल ही में हुई वृद्धि के कारण संभव है, ऐसे निवेशों की अर्थव्यवस्था में संशोधन करना पड़े। इस सम्बन्ध में क्षेत्रीय कार्यालय नवीनतम आंकड़े तैयार करेगा। विकास कार्य में तेजी लाने की दृष्टि से कार्यक्रम के वित्तपोषण के लिए 5 और बैंकों को शामिल कर लिया गया है।

6.25 गुजरात मत्स्यपालन परियोजना में गुजरात मत्स्यपालन केन्द्रीय सहकारी संघ के माध्यम से अभिसंस्करण सुविधाएं देने, मशीनयुक्त मछलीमार नौकाएं बनवाने और परम्परागत मछुआरों को डोंगियां दिलवाने के कार्यक्रम से कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम का सम्बन्ध रहा है। मशीनयुक्त मछलीमार नौकाओं के भौतिक कार्यक्रम के सम्बन्ध में की गई समीक्षा के आधार पर मांग की कमी और लागत में हुई वृद्धि के कारण नावों की संख्या 270 से घटाकर 168 कर दी गई है। हिमीकरण बर्फ संयंत्र की स्थापना के समग्र कार्यक्रम को भी बन्द कर दिया जाएगा क्योंकि वेरावल और मंग्रोल के परियोजना क्षेत्र में पहले से चल रही इकाइयों में पर्याप्त विद्यमान है। कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने इस परियोजना के अन्तर्गत 30 जून 1981 तक 2.1 करोड़ रुपये का वितरण किया है।

6.26 अंविसंघ की मूल्यांकन रिपोर्ट के अनुसार अन्तर्देशीय मत्स्यपालन परियोजना के अन्तर्गत मछलियों के तालाब सुधारने का कार्यक्रम वर्ष 1981-82 से शुरू किया जाना था। 32 योजनाओं के इस वर्ग के लिए कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने 1.7 करोड़ रुपये का वायदा पहले ही कर लिया है जिसके अन्तर्गत 1 लाख रुपये की मामूली-सी राशि का वितरण भी कर दिया है। परियोजना के महत्व को समझाने के लिए, इसमें भाग लेनेवाली विविध एजेंसियों के हित में कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम राज्यस्तरीय कार्यशालाओं का आयोजन कर रहा है, ताकि समस्याएं सुलझाई जा सकें और कार्यान्वयन की गति में तेजी लायी जा सके। पटना में पहले ही ऐसी एक कार्यशाला का आयोजन किया जा चुका है। परियोजना के अन्तर्गत मछलियों के अण्डे सेने के लिए अण्डाघर बनाने के बारे में विचार किया गया है। कुछ कारणों से अण्डाघर बनाने की जगह के चयन में देरी हो रही है। जून 1981 के अन्त तक केन्द्रीय परियोजना इकाई (भारत सरकार) द्वारा मंजूर किए गए एक स्थान के सम्बन्ध में विस्तृत प्लान और लागत-अनुमान तैयार कर लिए गए हैं। प्रयोगात्मक आधार पर चुने हुए स्थान के सम्बन्ध में सम्बन्धित मत्स्य बीज विकास निगम ने मिट्टी की जांच वगैरह का काम शुरू कर दिया है।

छ. सिंचाई परियोजनाएं

6.27 पंजाब और हरियाणा, दोनों राज्यों में एक-एक सिंचाई परियोजना का कार्यान्वयन किया जा रहा है। कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने जून 1981 के अन्त तक पंजाब सिंचाई परियोजना में 29 करोड़ रुपये के अपने चरणबद्ध वायदे के मुकाबले 15 करोड़ रुपये की राशि वितरित की है। 2820 जलनालियां बनाने की इस परियोजना में कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने लम्बाई के हिसाब से 498.6 लाख फुट नालियों के लिए योजनाएं मंजूर की हैं। उपलब्ध आंकड़ों से यह पता लगता है कि 122.8 लाख फुट तक की नालियां बना दी गई हैं। इस परियोजना में हुई प्रगति की समीक्षा हाल ही में की गई है और कार्यान्वयन की गति में तेजी लाने की कार्यविधि निश्चित की गई है।

6.28. हरियाणा सिंचाई परियोजना में जलनालियों का आधुनिकीकरण, नए नलकूपों के निर्माण और उनके बिजलीकरण, बाजार केन्द्रों के निर्माण और भूमि समतलीकरण के लिए वित्त-पोषक संस्थाओं के माध्यम से कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम से सहायता दिए जाने की बात पर विचार किया गया है। कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम विविध मदों के लिए अब तक 64.4 करोड़ रुपये के वायदे कर चुका है और जून 1981 के अन्त तक परियोजना के अन्तर्गत 18.2 करोड़ रुपये की राशि का वितरण भी कर चुका है। सभी 2215 जलनालियां कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम द्वारा मंजूर की गई है और उनमें 787 जलनालियां पूरी की जा चुकी हैं। परियोजना के कार्यान्वियन में तेजी लाने और वस्तुएं जुटाने और उनके बांटने में प्रभावकारी समन्वय लाने की दृष्टि से राज्य सरकार ने एक कार्यदल का गठन किया है। भूमि अधिग्रहण में हुई देरी और निर्धारित जगहों को विपणन बोर्ड को अन्तरित करने के कारण बाजार केन्द्र घटक में धीमी प्रगति हुई है।

ज. बागबानी परियोजनाएं

6.29. हिमाचल प्रदेश सेब अभिसंस्करण और विपणन परियोजना में श्रेणीकरण और पैकिंग केन्द्रों की स्थापना, शीतगृह, रस गाढ़ा करने के संयत्र इत्यादि से संबंधित कार्य में सन्तोषजनक प्रगति हो रही है। जून 1981 के अन्त तक मंजूर की गई कुल 4.2 करोड़ रुपये की पुनर्वित्त सहायता की राशि में से 3.5 करोड़ का वितरण किया जा चुका है। पांच केन्द्रों में पैकिंग और श्रेणीकरण केन्द्रों की स्थापना का कार्य पूरा हो गया है और 4 केन्द्रों में काम शुरू हो गया है। इनके शीघ्र ही पूरा हो जाने की संभावना है। एक केन्द्र में सितम्बर 1981 तक एक पैकिंग-घर के पूरा हो जाने की संभावना है जबकि शीतगृह इकाई की स्थापना में थोड़ा समय और लग जाएगा। तकनीकी आर्थिक साध्यता की रिपोर्ट प्राप्त होते ही कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम एरियल कोबिल पथों के प्रस्ताव पर विचार करेगा। बढ़ाई गई समाप्ति अवधि अर्थात् 31 दिसम्बर 1981 तक इस परियोजना के पूरी हो जाने की सम्भावना है।

6.30. जम्मू और कश्मीर बागबनी परियोजना में कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने 9 सेब श्रेणीकरण केन्द्र तथा अखरोट के छिलके उतारने और सुखाने के 8 केन्द्रों की योजनाएं मंजूर की हैं और इनमें कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के 2.8 करोड़ रुपये का पुनर्वित्त शामिल है और जून 1981 के अन्त तक 25 लाख रुपये का वितरण किया जा चुका है। सेब श्रेणीकरण केन्द्र और अखरोट के 7 केन्द्रों का सिविल-निर्माण कार्य जारी है। इस परियोजना के अन्तर्गत सेब, अखरोट और कुकुरमुत्ते के उत्पादकों को अल्पावधि ऋण देने की बात पर भी विचार किया गया है। कृषकों की अनिच्छा और सहकारी और वाणिज्य बैंकों द्वारा लगाई गई ब्याज दरों में समानता न होने के कारण इस वर्ग के अन्तर्गत आहरण कम हुआ है।

झ. राष्ट्रीय बीज परियोजनाएं

6.31. राष्ट्रीय बीज परियोजना चरण 1 और 2 में 9 राज्य समाविष्ट हैं। इस परियोजना में अनाज, मूंगफली और सब्जी के बीजों की खेती के लिए अच्छे बीज के उत्पादन की ओर अधिक ध्यान दिया गया है।

6.32. राष्ट्रीय बीज परियोजना चरण 1 के अन्तर्गत कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने वर्ष के दौरान राज्य बीज निगमों की 7 योजनाएं मंजूर की हैं और उनमें कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के वायदे 3.9 करोड़ रुपये के हैं। महाराष्ट्र में अकोला के कृषि महाविद्यालय के लिए एक परियोजना मंजूर की गई है। इस परियोजना के अन्तर्गत दो राज्यों में जून 1981 तक 87 लाख रुपये का वितरण किया गया है। योजना-समाप्ति की अवधि जून 1984 तक बढ़ा दी गई है। राष्ट्रीय बीज परियोजना चरण 2 के अन्तर्गत तीन राज्यों में बीज अभिसंस्करण इकाई की 3 योजनाएं मंजूर की गई हैं और वर्ष के दौरान 84 लाख रुपये की राशि वितरित की गई है।

6.33. कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम कृषि महाविद्यालयों, सहभागी बैंकों और रुचि लेने वाली अन्य एजेंसियों के लिए कार्यशालाएं चलाने की बात पर विचार कर रहा है ताकि इन संस्थाओं को परियोजना के अन्तर्गत मंजूर किए जाने वाले ऋण से सम्बन्धित कार्यप्रणाली के पहलुओं की अच्छी जानकारी दी जा सके।

ञ. एकीकृत रूई विकास परियोजना

6.34. एकीकृत रूई विकास परियोजना के अन्तर्गत कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने 1980-81 के रूई के मौसम के दौरान अल्पावधि ऋण-वर्ग के अन्तर्गत 5.6 करोड़ रुपये का वितरण किया है। कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने इस वर्ग के अन्तर्गत जून 1981 के अन्त तक 3.8 करोड़ रुपये का दावा अभिसंघ के समक्ष पेश किया है जिससे इस वर्ग के अधीन निर्धारित 75 लाख डालर अभिसंघ ऋण में से 48 लाख डालर ऋण के लिए कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम हकदार हो गया। दीर्घावधि ऋण के अन्तर्गत हरियाणा में दो ओटाई और एक बीज अभिसंस्करण इकाई की और महाराष्ट्र में एक विलायक संदोहन इकाई की स्थापना की जा चुकी है और इनमें काम शुरू हो गया है। हरियाणा में तीसरी ओटाई इकाई और एक रूई बीज अभिसंस्करण इकाई तथा महाराष्ट्र में 3 रूई बीज अभिसंस्करण इकाइयों के प्रस्ताव, कार्यान्वियन के विविध स्तरों पर हैं। इस परियोजना में निहित इन दीर्घकालीन निवेशों को ध्यान में रखते हुए, ऐसा लगता है कि समाप्ति अवधि (31 दिसम्बर 1981) को कम से कम 2 साल के लिए बढ़ानी पड़ेगी।

ट. रेशम परियोजना

6.35. कर्नाटक रेशम परियोजना के अन्तर्गत शहतूत की उन्नत किस्म के पेड़ लगाने, रेशम के कीड़े पालने के उपकरण जैसे खेत विकास कार्यक्रम के लिए सदस्य बैंकों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के कार्य से कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम सम्बद्ध रहा है। कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने 4.6 करोड़ रुपये के वायदे के साथ एक कार्यक्रम मंजूर किया है और इसके लिए अब तक 16 लाख रुपये का वितरण हो चुका है।

ठ. बहुराज्यीय काजू परियोजना

6.36. छोटी जोतवाले किसानों के लिए बनाए गए कार्यक्रम के अन्तर्गत 4 राज्यों में 27,500 हेक्टेयर क्षेत्र के लिए 9 योजनाएं मंजूर की गई हैं। इन योजनाओं के अन्तर्गत कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने 4.7 करोड़ रुपये के वायदे किए हैं और 32 लाख रुपये की राशि वितरित की है। बागान निगम के लिए 5 योजनाएं मंजूर की गई हैं और इनमें कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने 3.7 करोड़ रुपये के वायदे किए हैं। इनमें से बहुतसी योजनाएं हाल ही में मंजूर की गई हैं और 1981-82 से वितरण कार्य शुरू हो जाने की सम्भावना है।

सहायता देनेवाली अन्य अन्तर्राष्ट्रीय एजेंसियों से सहायता प्राप्त परियोजनाएं

क. अन्तर्राष्ट्रीय कृषि विकास कोष से सहायता

6.37. अन्तर्राष्ट्रीय कृषि विकास कोष ने राजस्थान और पश्चिम बंगाल, दोनों राज्यों में एक-एक परियोजना मंजूर की

है। इनमें निधि का एक अंश कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के माध्यम से दिया जाता है। कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने राजस्थान कमाण्ड क्षेत्र विकास और बन्दोबस्त परियोजना के बैंकिंग प्लान को अंतिम रूप दे दिया है। पश्चिम बंगाल की सुन्दरबन विकास परियोजना को गांवों में तालाब खोदने, डीजल पम्पसेटों की खरीद और ग्राम सहकारी समितियों के माध्यम से ग्रामीण गोदामों के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के कार्य से कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम सम्बद्ध रहा है। यह परियोजना हाल ही में लागू हुई है और भारत सरकार के साथ सहायक ऋण करार के निष्पादन का कार्य हो रहा है।

ख. क्रेडिटनस्टल्ट फर वेडराफबाउ (केएफडब्ल्यू) से सहायता प्राप्त तवा कमाण्ड क्षेत्र विकास परियोजना

6.38 मध्य प्रदेश के होशंगाबाद जिले में कार्यान्वित की जा रही तवा कमाण्ड क्षेत्र विकास परियोजना के अन्तर्गत कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने जून 1981 के अन्त तक 2.5 करोड़ रुपये का वितरण किया है। प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं की कमी, काम करने के मौसम की सीमित अवधि, लाभार्थी कृषकों की अनिच्छा, दस्तावेज से सम्बन्धित औपचारिकताओं के निभाने में कानूनी अड़चनों से होने वाली देरी, परियोजना के कार्यान्वयन में बाधा उत्पन्न कर रही है।

ग. द्विपक्षीय सहायता

6.39 विश्व बैंक समूह द्वारा दिए जाने वाले ऋण के अलावा पिछले कुछ वर्षों से सहायता देने वाली अन्य अन्तर्राष्ट्रीय एजेंसियां भी कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के माध्यम से अपनी द्विपक्षीय सहायता देने में अधिक रुचि दिखा रही हैं। जब दूसरी कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम साख परियोजना बनाई गई थी और अंविसंघ द्वारा मंजूर की गई थी, तब यह आशा नहीं थी कि इतनी बड़ी मात्रा में सहायता मिल सकेगी, परन्तु कुछ राष्ट्रों, जैसे यू. के. ने ओवरसीज डेवलपमेण्ट एडमिनिस्ट्रेशन और कनाडा ने सी आई डी ए और ई ई सी के जरिए अपने विशेष कार्रवाई खातों से वर्ष 1979 में कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम को कुल 960 लाख अमरीकी डालर का ऋण प्रदान किया है। दानी देशों की निधियों के प्रवाह के एक उचित माध्यम के रूप में काम करनेवाले कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम में उनकी निरन्तर दिलचस्पी को देखते हुए, तीसरी कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम साख परियोजना की तैयारी के समय यह आशा की गई थी कि परियोजना की दो वर्ष की अवधि में कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के ऋण वितरण कार्यक्रम का वित्तपोषण करने के लिए दानी देशों से 1800 लाख तक के अमेरिकी डालर प्राप्त हो जाएंगे। तदनुसार भारत सरकार के माध्यम से विभिन्न प्रकार की मुद्राओं के बराबर लगभग 2500 लाख अमरीकी डालर की (लगभग 20,550 लाख रुपये) की 10 द्विपक्षीय ऋणों की बातचीत हो गई है। इनमें से समीक्षाधीन वर्ष के दौरान 356 लाख डालर का यू.एस.ए.आय.डी., 110 लाख यू. के. पाउण्ड, 620 लाख डी. एम. और 380 लाख डी.एम.के., 2 के.एफ.डब्ल्यू. (पश्चिम जर्मनी) ऋण तथा 500 लाख डी.एफ.एल.के. नीदरलैण्ड ऋण की बातचीत हुई।

6.40 सामान्यतया जिन प्रयोजनों के लिए द्विपक्षीय ऋण दिया जाता है वे अंविसंघ से दिए जानेवाले सामान्य पंक्ति के ऋण के अन्तर्गत प्रतिपूर्ति के पात्र हो जाते हैं, इसके साथ-साथ सी. आई. डी. ए. ऋण में राज्य विद्युत बोर्डों के माध्यम से पम्पसेटों का ऊर्जीकरण, वन उद्योग और बाजार केन्द्र भी समाविष्ट है।

6.41 पिछले 3 सालों के दौरान आहरित द्विपक्षीय ऋण 1978-79 में 2225 लाख रुपये, 1979-80 में 8011 लाख और 1980-81 में 13320 लाख रुपये के बराबर थे।

अन्य विकास कार्य

निगरानी और मूल्यांकन

वर्ष के दौरान निगम ने कृपुविनि और सदस्य बैंकों की निगरानी और मूल्यांकन प्रणाली में सुधार लाने का प्रयास किया। इस संबंध में जो कदम उठाए गए हैं वे हैं—(क) अलग-अलग योजनाओं की निगरानी के बदले क्षेत्र विशेष पर आधारित निगरानी प्रारम्भ करना; (ख) सदस्य बैंकों को निगरानी और मूल्यांकन कक्षों की स्थापना करने और उन्हें सक्षम बनाने के लिए प्रोत्साहित करना; (ग) कृपुविनि, वाणिज्य बैंकों और अन्य अनुसंधान संस्थाओं द्वारा 50 मूल्यांकन अध्ययन पूरे करने के लिए दो वर्ष का एक कार्यक्रम प्रारम्भ करना; और (घ) कृपुविनि और बैंकों के स्टाफ के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाना ताकि निगरानी और मूल्यांकन अध्ययन करने में वे अधिक सक्षम हो सकें।

7.2 पिछले वर्ष की रिपोर्ट में यह जिक्र किया गया था कि निगम ने योजना पर आधारित निगरानी की बजाय जिला उन्मुख निगरानी प्रारम्भ करने का निर्णय किया है। यह नई परिवर्तित पद्धति जनवरी 1981 से प्रभावी हो गई और इसका तात्कालिक उद्देश्य यह था कि प्रति वर्ष प्रत्येक राज्य के 20 से 25 प्रतिशत तक जिलों की निगरानी की जाए। 2 प्रायोगिक अध्ययनों के आधार पर बनाई गई जिला उन्मुख निगरानी प्रणाली का उद्देश्य, चालू विकास कार्यक्रमों के संदर्भ में एक जिले में चल रही सब योजनाओं का एकीकृत पुनरीक्षण करना है ताकि आम समस्याओं को पहचाना जा सके और सहभागी बैंकों, सरकारी एजेंसियों और कृपुविनि के सम्मिलित प्रयत्नों से उनका हल ढूंढा जा सके तथा नए निवेशों की संभावनाओं का पता लगाया जा सके।

7.3 अगले दो वर्षों के दौरान वाणिज्य बैंकों ने हमारी ओर से 25 मूल्यांकन अध्ययन करना स्वीकार कर लिया है और 10 अनुसंधान संस्थाओं ने 14 मूल्यांकन अध्ययन करने का वचन दिया है।

7.4 कार्यान्वित की जा रही योजनाओं की निगरानी में कुशलता लाने की दृष्टि से सदस्य बैंकों को परामर्श दिया गया था कि वे अपने यहां निगरानी और मूल्यांकन कक्षों की स्थापना करें और उनमें योग्यता प्राप्त और प्रशिक्षित स्टाफ रखें। 17 वाणिज्य बैंकों ने ऐसे कक्षों की स्थापना कर ली है। मूल्यांकन अध्ययन आयोजित करने में सम्बन्धित अधिकारियों की क्षमताओं में सुधार लाने की दृष्टि से कृपुविनि ने वर्ष के दौरान बम्बई में 3 सेमिनार आयोजित किए जिनमें निगम के 30 और वित्तपोषक बैंकों के 66 अधिकारियों ने भाग लिया।

7.5 वर्ष के दौरान निगम ने 15 मूल्यांकन अध्ययन किए। वर्ष के अन्त तक इनमें से 12 पर कार्य चल रहा था और 3 अन्य अध्ययन पूरे किए जा चुके थे और उनकी रिपोर्टों को अन्तिम रूप दिया जा चुका है। पूरे किए गए अध्ययन इन विषयों से सम्बन्धित थे :—

(1) आंध्र प्रदेश के नेल्लूर जिले में खट्टे नीबू के उद्यानों का विकास;

(2) बिहार के भोजपुर जिले में नलकूपों से सिंचाई, और

(3) राजस्थान के कोटा जिले में लघु सिंचाई।

नेल्लूर जिले की खट्टा-नींबू उद्यान योजना के अन्तर्गत 28 प्रतिशत का वित्तीय लाभ हुआ। वित्तीय परिव्यय 2.5 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से बढ़कर 3.6 करोड़ रुपये तक पहुंच गया परन्तु भौतिक उपलब्धियां अपने लक्ष्य के मुकाबले थोड़ा कम हुई। अर्थात् 7 प्रतिशत तक कम हो गई, भोजपुर जिले की नलकूप सिंचाई योजना के अन्तर्गत, लाभान्वित हुए लघु कृषकों की संख्या काफी संतोषजनक पाई गई जो 63 प्रतिशत रही और वित्तीय आय भी काफी ऊंची रही जो 43 प्रतिशत तक पहुंच गई। इस योजना से लगभग 460 श्रम वर्षों* के वार्षिक रोजगार का भी निर्माण हुआ। कोटा जिले में लघु सिंचाई के सम्बन्ध में चलाए गए अध्ययन से यह ज्ञात हुआ कि इस योजना से 2.80 करोड़ रुपये के कुल उत्पादन की वृद्धि हुई है और लगभग 8000 श्रम वर्षों के वार्षिक रोजगार का निर्माण हुआ है और 27 प्रतिशत का वित्तीय लाभ हुआ है।

परियोजना समाप्ति रिपोर्ट

7.6 वर्ष के दौरान निगम ने दूसरी कृषिविनि ऋण परियोजना और बिहार कृषि परियोजना से सम्बन्धित परियोजना समाप्ति रिपोर्ट पूरी कर ली। इन्हें मिलाकर, निगम द्वारा पूरी की गई परियोजना समाप्ति रिपोर्टों की संख्या 12 हो गई है जिनमें से 10 विभिन्न राज्यों की कृषि ऋण परियोजनाओं से सम्बन्धित हैं और 2 का सम्बन्ध पहली और दूसरी कृषिविनि ऋण परियोजनाओं से है। पश्चिम बंगाल कृषि ऋण परियोजना से सम्बन्धित परियोजना समाप्ति रिपोर्ट का कार्य भी इस वर्ष प्रारम्भ किया गया है। इससे सम्बन्धित आवश्यक क्षेत्र सर्वेक्षण का काम भी पूरा किया जा चुका है।

7.7 दूसरी कृषिविनि ऋण परियोजना से यह संकेत मिलता है कि 401 करोड़ रुपये की कुल वित्तीय सहायता में से लघु सिंचाई ने 310 करोड़ रुपये (77 प्रतिशत) प्राप्त किए और बाकी के 91 करोड़ रुपये (23 प्रतिशत) विविध प्रयोजनों के हिस्से में आए। बढ़ा हुए उत्पादन का कुल मूल्य, चालू कीमतों के हिसाब से 360 करोड़ रुपये हुआ है। उपर्युक्त परियोजना के कार्यान्वयन के परिणामस्वरूप लगभग 9 लाख श्रम वर्षों का निर्माण हुआ। परियोजना से लाभान्वित किसानों में लघु कृषकों का हिस्सा भी औसतन 56 प्रतिशत पाया गया जबकि निर्धारित लक्ष्य 50 प्रतिशत का था।

7.8 बिहार कृषि ऋण परियोजना से सम्बन्धित उपलब्धियां भी परियोजना के अन्तर्गत अनुमानित लक्ष्यों से वास्तव में अधिक हो गई। लगभग 68,000 नलकूप खोदे गए और 35,500 पंपसेट लगाए गए जबकि मूल्यांकन के आधार पर 55,300 नलकूपों और 29,000 पंपसेटों का लक्ष्य रखा गया था। निर्मित आस्तियों से 1.28 लाख श्रम वर्षों के वार्षिक रोजगार का निर्माण हुआ। परियोजना की एक अन्य उल्लेखनीय बात यह है कि इसमें बड़ी संख्या में लघु कृषकों को शामिल किया गया, दूसरे शब्दों में कुल लाभभोगियों में 80 प्रतिशत लघु कृषक ही थे। उत्पादन में हुई वृद्धि का शुद्ध मूल्य वर्तमान कीमतों के हिसाब से 65 करोड़ रुपये बनता था।

प्रकाशन

7.9 वर्ष के दौरान निगम ने भेड़पालन, सूअर पालन और रबड़, काजू और नारियल जैसे बागानों के लिए योजनाएं बनाने के सम्बन्ध में छोटी-छोटी पुस्तिकाएं प्रकाशित कीं। वर्ष के दौरान प्रकाशित अन्य पुस्तिकायें निम्नलिखित हैं :—

(1) मार्डल फार प्रेजेन्टेशन आफ टेक्निकल अप्रेजल आफ

(क) डगवेल स्कीम इन हार्ड राक फोर्मेशन्ज।

(ख) शैलो ट्यूबवैल इन एल्लूवियल फोरमेशन्ज।

(ग) डीप ट्यूबवैल स्कीम इन एल्लूवियल फोरमेशन्ज।

(2) सोइल एण्ड वाटर कंजरवेशन।

(3) कृषि पंपसेटों के चयन के लिए मार्गनिर्देश।

(4) खेती में काम आनेवाले पंपसेटों का चयन—फील्ड कार्यकर्ताओं एवं किसानों के लिए सहायिका।†

अनुसंधान और विकास निधि

7.10 पिछले वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट में कृषिविनि की एक योजना का जिक्र किया गया था जिसके अन्तर्गत यह अपनी अनुसंधान और विकास निधि में से भूमि विकास बैंकों को उनके द्वारा तकनीकी कक्षों की स्थापना करने में कुछ आवर्ती किस्म की मदों पर किए गए खर्च के 50 प्रतिशत तक अनुदान उपलब्ध करवाएगा। योजना की कार्यविधि की समीक्षा वर्ष के दौरान की गई है और कुछ प्रतिबंध ढीले कर दिए गए हैं। संशोधित योजना के अन्तर्गत पहले साल राभूवि बैंकों को शत प्रतिशत सहायता उपलब्ध होगी और चौथे वर्ष तक 20 प्रतिशत रह जाएगी। राज्य भूमि विकास बैंकों द्वारा अपने निगरानी और मूल्यांकन कक्षों के लिए प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्त किए गए और सीधे भर्ती किए गए तकनीकी स्टाफ पर हुए खर्च के लिए भी कुछ शर्तों के अधीन उक्त निधि से सहायता प्राप्त होगी। कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम कृषि के लिए योजनाबद्ध तरीके से सावधि ऋण देने में लगे, कुछ चुने हुए राज्य सहकारी बैंकों को भी इसी तरह की सहायता देने के लिए राजी हो गया है।

7.11 ग्रामीण विकास के क्षेत्र में कार्याभिमुख परियोजनाओं और अनुसंधान को समर्थन देने के लिए भी इस निधि से सहायता उपलब्ध रहेगी। विशेष समिति अर्थात् अनुसंधान और विकास निधि समिति की वर्ष में दो बार बैठक हुई। यह समिति, कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम को निधि के प्रबन्ध के सम्बन्ध में परामर्श देने के लिए स्थापित की गई है। समिति ने अनुसंधान संस्थाओं को निधि से 7.26 लाख रुपयों की सहायता देने के लिए तीन प्रस्तावों की सिफारिश की, जिसमें गुजरात के एक जिले में खोदे गए कुओं के सम्बन्ध में एक शोध अध्ययन और कृषि ढांचे में क्षेत्रीय विभिन्नताओं पर किया गया एक अध्ययन शामिल है। ये सिफारिशें निगम ने स्वीकार कर ली हैं।

समितियां, कार्यबल, अध्ययन आदि

7.12 कृषि और ग्रामीण विकास के लिए संस्थागत ऋण सम्बन्धी व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए 1978-79 में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा श्री. शिवरामन की अध्यक्षता में गठित की गई उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट भारतीय रिजर्व बैंक ने वर्ष के दौरान प्रकाशित की, चूंकि समिति की सिफारिशें कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम से सम्बन्धित हैं, अतः उनकी जांच निगम द्वारा की जा रही है।

7.13 विभिन्न राज्यों में असफल कुओं से सम्बन्धित वर्तमान पूरक योजनाओं की समीक्षा करने और एक आदर्श योजना सुझाने की दृष्टि से, कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के प्रबन्ध निदेशक श्री मन्त दास की अध्यक्षता में एक अनौपचारिक दल का गठन किया गया। इस दल को असफल कुओं की एक संतोषजनक परिभाषा भी सुझानी थी। दल ने योजना का नमूना तैयार कर लिया है और इसकी रिपोर्ट को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है।

*एक श्रम वर्ष का अर्थ 250 श्रम दिवस से है।

†हिन्दी तथा अंग्रेजी दोनों में।

7.14 वाणिज्य बैंकों द्वारा दिए जानेवाले कृषि ऋणों के संबंध में उनकी वर्तमान कार्यप्रणाली की समीक्षा करने तथा उनमें सुधार लाने के लिए उपयुक्त उपायों की सिफारिश करने के लिए कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम द्वारा गठित की गई स्थायी समिति ने (वाणिज्य बैंकों के माध्यम से दिए जानेवाले कृषि ऋणों पर स्थायी समिति) प्रमुख वाणिज्य बैंकों की चुनी हुई शाखाओं में कृषि के सावधि ऋणों पर रहे अतिदेयों के सम्बन्ध में इसके अनौपचारिक दल की अध्ययन रिपोर्ट पर विचार किया और वसूली कार्य में सुधार लाने के लिए अनेक उपायों की सिफारिश की। उक्त समिति की सिफारिशों और अध्ययन रिपोर्ट के आधार पर भारतीय रिजर्व बैंक ने वाणिज्य बैंकों को उपयुक्त मार्गनिर्देश जारी कर दिए हैं। प्रमुख वाणिज्य बैंकों द्वारा कृषि ऋणों के कार्य में लगाए गए स्टाफ के नियुक्त करने से सम्बन्धित मानदण्डों का गहन अध्ययन करने के लिए समिति ने कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम और भारतीय रिजर्व बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों को शामिल करते हुए एक अनौपचारिक दल की स्थापना की थी। बैंकों की चुनी शाखाओं का क्षेत्र अध्ययन पूरा कर लिया गया है और दल की रिपोर्ट बनाई जा रही है। कृषि ऋणकर्ताओं के प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित होने पर, उन्हें राहत देने के लिए किए गए प्रावधानों से सम्बन्धित वर्तमान मार्गनिर्देशों की भी समिति ने समीक्षा की और वर्तमान मार्ग निर्देशों में विस्तार किए जाने की सिफारिश की। भारतीय रिजर्व बैंक/भारत सरकार को सिफारिशें आवश्यक कार्रवाई के लिए भेज दी गई हैं।

7.15 कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने एकीकृत ऋण की एक योजना चयनात्मक आधार पर शुरू करने हेतु एक कार्यकारी दल की स्थापना की थी जिससे कि राज्य भूमि विकास बैंकों से उन किसानों की अल्पावधि आवश्यकताओं के लिए वित्त प्रदान करने में सहायता मिल सके, जिन्हें सावधि ऋण दिए जा चुके हैं, विशेष रूप से उन क्षेत्रों में जहां प्राथमिक सहकारी समितियां कमजोर हैं। दल द्वारा रिपोर्ट पूरी की जा रही है।

प्रशिक्षण

(I) वरिष्ठ और मध्य स्तरीय स्टाफ

7.19 निगम ने विदेशों से आनेवाले अतिथि अधिकारियों, कृषि योजना पाठयक्रमों और 2 संक्षिप्त कृषि परियोजना पाठयक्रमों का संचालन कृषि बैंकिंग महाविद्यालय पुणे में किया गया। वर्ष के दौरान कृषि परियोजना पाठयक्रमों के भूतपूर्व प्रशिक्षणार्थियों के लिए एक सप्ताह की अवधि के दो पुनश्चर्या पाठयक्रमों की व्यवस्था कर, एक नई शुरूआत भी कृषि बैंकिंग महाविद्यालय, पुणे में की गई। इसके अलावा, देश के अलग-अलग भागों में विभिन्न विषय क्षेत्रों से सम्बन्धित 8 क्षेत्रीय कृषि परियोजना पाठयक्रम और 7 तकनीकी पाठयक्रम आयोजित किए गए। वर्ष के दौरान अभी-अभी शुरू की गई क्षेत्र पर आधारित निगरानी कार्यक्रम की भी व्यवस्था की गई। कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम, वित्तपोषक बैंकों और राज्य सरकारों आदि के कुल 1028 अधिकारियों ने उक्त कार्यक्रमों में भाग लिया। कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने अब तक 147 प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए हैं, जिनमें 3990 वरिष्ठ और मध्य स्तर के अधिकारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इनमें से भूमि विकास बैंकों के अधिकारी 1235, वाणिज्य बैंकों के 1659, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के 85 और शेष 1011 भारतीय रिजर्व बैंक, कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम और अन्य संस्थानों के अधिकारी थे।

(II) भूमि विकास बैंकों का कनिष्ठ स्तरीय स्टाफ

7.17 निगम के व्यापक मार्गदर्शन के अन्तर्गत भूमि विकास बैंक के कनिष्ठ स्तर के स्टाफ के लिए राज्य भूमि विकास बैंकों द्वारा कार्यान्वित किए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम के पांचवें वर्ष के दौरान राज्य भूमि विकास बैंकों ने अपने प्रशिक्षण केन्द्रों में 120 पाठयक्रमों का संचालन किया जिसमें उनके 2801 अधिकारियों ने भाग लिया। जिन अधिकारियों ने उक्त कार्यक्रमों के अन्तर्गत पहले प्रशिक्षण लिया था उनके ज्ञान को अद्यतन बनाए रखने के लिए, इस वर्ष से एक सप्ताह की अवधि के पुनश्चर्या पाठयक्रम प्रारंभ किए गए हैं। 14 राज्य भूमि विकास बैंकों ने ऐसे 80 पुनश्चर्या पाठयक्रम संचालित किए जिनमें 1797 कनिष्ठ स्तरीय स्टाफ ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

7.18 भूमि विकास बैंकों के कनिष्ठ स्तरीय स्टाफ को उपलब्ध वर्तमान प्रशिक्षण सुविधाओं को क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, राज्य सहकारी बैंकों और जिला सहकारी बैंकों के कनिष्ठ स्तर के स्टाफ को भी सुलभ कराने का कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने निर्णय लिया है।

(III) अन्य प्रशिक्षण व्यवस्थाएं

7.19 निगम ने विदेशों से आनेवाले अतिथि अधिकारियों, कृषि और सहकारिता से सम्बन्धित राज्य सरकार के तथा वित्तपोषक संस्थाओं के अधिकारियों के लिए अध्ययन की सुविधाएं प्रदान करना जारी रखा है। वर्ष के दौरान मैक्सिको, सियरा लियोन, कोरिया और अन्य अफ्रीकी एशियाई देशों के 10 अधिकारियों ने तथा राज्य सरकारों और वित्तपोषक बैंकों के 127 अधिकारियों ने ऐसी सुविधाएं प्राप्त की।

(IV) कार्यशालाएं और सेमिनार

7.20 निगम ने सम्बन्धित राज्य सरकार और वित्तपोषक बैंकों के अधिकारियों को परियोजना निरूपण, मूल्यांकन, अनुवर्ती कार्रवाई आदि की तकनीकी जानकारी देने के लिए पश्चिम बंगाल के कल्याणी व कूच बिहार में एक-एक तथा त्रिपुरा के अगरतला में एक, इस प्रकार तीन कार्यशालाओं का आयोजन किया।

7.21 वर्ष के दौरान निगम ने कृषि बैंकिंग महाविद्यालय, पुणे में दो सेमिनार आयोजित किए, पहला परियोजनाओं के वित्तपोषण से सम्बन्धित था और दूसरा कृषि परियोजना पाठयक्रम के भूतपूर्व सहभागियों के लिए था। प्रथम सेमिनार में राज्य भूमि विकास बैंकों के निदेशक और अध्यक्ष/उपाध्यक्ष जैसे उच्चस्तरीय कार्यपालक अधिकारी, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के अध्यक्ष और क्षेत्रीय सहकारी बैंकों के अधिकारी उपस्थित थे।

स्टाफ विकास

7.22 क्षेत्रीय प्रभारी अधिकारियों को योजनाएं मंजूर करने के सम्बन्ध में प्रत्यायोजित अधिकारों के विस्तार के अलावा क्षेत्रीय कार्यालयों में बढ़ रहे कार्यभार को सम्भालने और उन्हें सौंपी गई विकास की भूमिका को प्रभावशाली ढंग से निभाने के लिए निगम ने इन कार्यालयों से सम्बद्ध तकनीकी कक्षों में विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञता प्राप्त तकनीकी कार्मिकों की नियुक्ति कर इन कक्षों को और समक्ष बना दिया है। सात क्षेत्रीय कार्यालयों का ग्रेड बढ़ा दिया गया है और वहां वरिष्ठ निदेशकों को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। कार्यालय की प्रणालियों को सरल और कारगर बना दिया गया है तथा क्षेत्रीय कार्यालयों की पुनर्व्यवस्था से सम्बन्धित निदेशों को सम्मिलित करते हुए इस संबंध में नवीन मार्गनिर्देश जारी कर दिए गए हैं।

भावी संभावनाएं

गत वर्ष की रिपोर्ट में यह हवाला दिया गया था कि छठी पंचवर्षीय योजना अवधि (1980–85) में कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम 3000 करोड रुपये का भावी ऋण वितरण कार्यक्रम आरम्भ करेगा। यह कार्यक्रम निम्नलिखित उद्देश्यों को

ध्यान में रख कर बनाया गया था : (1) कृषि तथा ग्रामीण विकास के लिए संस्थागत ऋण की मात्रा में वृद्धि; (2) कमजोर वर्गों के लिए अधिक से अधिक ऋण सहायता; (3) ऋण का प्रावधान कर क्षेत्रीय असन्तुलनों को कम करना; (4) विभिन्न साख संस्थाओं के बीच अच्छा समन्वय; स्थापित करना और (5) ऋण के निरन्तर पुनश्चक्रण को सुनिश्चित करने की दृष्टि से संस्थागत ऋणों के वसूली कार्यों में सुधारा लाना। आमतौर पर कृपविनि के उद्देश्य वही हैं जो छठी पंचवर्षीय योजना में संस्थागत ऋण के लिए निर्धारित किए गए हैं।

8.2 छठी पंचवर्षीय योजना की अवधि के दौरान सहकारी ऋण संस्थाओं के दीर्घावधि ऋण को 1979-80 के 275 करोड़ रुपये (अनुमानित) से बढ़ाकर 1984-85 में 555 करोड़ रुपये किए जाने की सम्भावना है और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों सहित वाणिज्य बैंकों के लिए इस राशि को 1979-80 के 400 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 1984-85 में 620 करोड़ रुपये तक बढ़ाने की संभावना है। इसकी तुलना में 1979-80 के दौरान ऋण संस्थाओं द्वारा वास्तविक दीर्घावधि ऋण कुल 850 करोड़ रुपये रहा, जिसमें कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने 412 करोड़ रुपये का पुनर्वित्त प्रदान किया अर्थात कुल राशि का 48.5 प्रतिशत। यदि पुनर्वित्त का यही स्तर बना रहा तो छठी पंचवर्षीय योजना में कृषि और इससे संबद्ध क्षेत्रों में निवेश के लिए ऋण देनेवाली संस्थाओं द्वारा अपेक्षित कुल 1175 करोड़ रुपये के वितरण में से 570 करोड़ रु. का पुनर्वित्त 1984-85 तक वितरित कर दिए जाने की संभावना है हालांकि कृपविनि ने यह उम्मीद रखी है कि 1984-85 के दौरान इसका वितरण 750 करोड़ रु. तक पहुंच जाएगा जो कि ऊपर बताए गए संभावित वितरण का 64% होगा। इसका अर्थ यह है कि आनेवाले वर्षों में कृषि तथा इससे सम्बन्धित क्षेत्रों में निवेशों को प्रोत्साहित करने में कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम का योगदान काफी बड़ा होगा।

8.3 ग्रामीण समाज के कमजोर वर्गों को दिए जानेवाले ऋण के हिस्से में वृद्धि करने के लिए कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम इन वर्षों में लघु कृषि विकास से काफी नजदीकी से जुड़ा रहा। निरन्तर प्रयत्नों के परिणामस्वरूप हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर और असम राज्यों को छोड़कर प्रत्येक राज्य में कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम–योजनाओं के अन्तर्गत लघु कृषक समावेशन 50% से अधिक रहा, जैसा कि विभिन्न प्रयोजनों में होता है, विविध प्रयोजनों के मुकाबले लघु सिंचाई योजनाओं के अन्तर्गत लघु कृषकों को अधिक शामिल किया जो कई राज्यों में तो 60% से भी ज्यादा होता है। वियेदक ब्याज दर योजना के अन्तर्गत वाणिज्य बैंकों द्वारा डेरी विकास, मुर्गीपालन, आदि के निवेशों के लिए दी जानेवाली वित्तीय सहायता के कारण विविध प्रयोजनों के अन्तर्गत लघु कृषक उपलब्धियों का स्तर अधिक रहा। थोड़े से राज्यों में, वितरित राशि का अधिकांश हिस्सा ट्रैक्टरों जैसे प्रयोजनों के लिए था जो सीमित जोतवाले लघु कृषकों को लाभान्वित नहीं कर सकता था। आगामी वर्षों में, समाज के कमजोर वर्गों और लघु कृषकों के लाभ के लिए बैंकों के माध्यम से कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम बहुत सी योजनाएं बनाने की ओर ध्यान देगा। इस दिशा में पहले कदम के रूप में, कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने विशेषकर लक्ष्य वर्ग का ही ध्यान रखनेवाले एग्राविका के अन्तर्गत बनाए गए कृषि विकास कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के लिए बैंकिंग योजनाएं तैयार करने में पहल की है। देश के सभी खण्डों को इस कार्यक्रम के अन्तर्गत लाने के भारत सरकार के निर्णय के साथ ही, कृषि पनर्वित्त और विकास निगम और भारतीय रिजर्व बैंक ने वाणिज्य बैंकों को कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के क्षेत्रीय कार्यालय के सक्रिय सहयोग से कार्यक्रमों के लिए क्रेडिट प्लान बनाने के कार्य में शामिल कर लिया है। कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने अपने अन्य कार्यक्रमों के सम्बन्ध में ऋण देने के लिए परियोजना और क्षेत्र-आधार का जो रूख अपनाया है, वही एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए भी स्वीकार कर लिया गया है। भविष्य में इस दिशा में और ठोस प्रयास किए जाएंगे। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के 30% लाभार्थियों को इस कार्यक्रम में शामिल करने के अपने उद्देश्यों को पूरा करने पर कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम बल देगा।

8.4 कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने भावी ऋण वितरण कार्यक्रमों में कम विकसित राज्यों और राज्यों के भीतर ऐसे कम विकसित क्षेत्रों के लिए अधिक धन निर्धारित किया है। इन क्षेत्रों में उचित निवेशों के लिए ऋण देने हेतु विभिन्न स्तरों पर योजना निर्माण के लिए वित्तीय सहायता देने की दिशा में कदम उठाए गए हैं।

8.5 छठी पंचवर्षीय योजना के दौरान लघु सिंचाई योजनाओं के अन्तर्गत 8 लाख हेक्टेयर भूमि के लिए अतिरिक्त सिंचाई क्षमता का निर्माण किए जाने की संभावना है, जिसमें 1 लाख हेक्टेयर के लिए सतही जल का और 7 लाख हेक्टेयर के लिए भूमिगत जल का उपयोग किया जाएगा। पर्वी तथा उत्तर-पर्वी राज्यों में और अन्य राज्यों के "श्वेत" क्षेत्रों में जल उपलब्धि की अपेक्षाकृत प्रचुर सम्भावनाएं हैं। लघु सिंचाई योजनाओं के निर्माण के लिए काफी प्रयास किए जाएंगे। कृषि पनर्वित्त और विकास निगम राज्य भूजल संगठनों को बराबर यह समझाता रहेगा कि वे अन्यथा "काले" माने गए क्षेत्रों पर भूजल क्षमता की खोज करने के लिए काफी गहन अध्ययन प्रारंभ करें। इसके साथ-साथ अखिल भारतीय आधार पर, कृषि पनर्वित्त और विकास निगम, गुण नियंत्रण कार्यक्रम आरम्भ करने की कोशिश कर रहा है, विशेष कर इकाइयों की क्षमता अत्यधिक करने और ईंधन बचाने की दृष्टि से पंपसेटों का चयन करने के सम्बन्ध में गुणवत्ता पर नियंत्रण रखने से सम्बन्धित कार्यक्रमों के अन्तर्गत 6 राज्य पहले से आ चुके हैं और इसके अतिरिक्त कृषि पनर्वित्त और विकास निगम 7 अन्य राज्यों में भी ऐसे ही प्रयोगात्मक अध्ययन करवाने को सोच रहा है।

8.6 संस्थाओं के विकास को प्रोत्साहन देने से सम्बन्धित नीति के रूप में गहरे नलकूप लगाने, जलमार्गों को पक्का करने और उद्वहन सिंचाई इकाइयों आदि के लिए राज्य सरकारों द्वारा स्थापित सांविधिक निगमों की कार्यविधि का अध्ययन कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम जारी रखेगा ताकि निर्मित सिंचाई क्षमता के उपयोग में सुधार लाया जा सके और ध्यान में आई विभिन्न रूकावटों को दूर किया जा सके।

8.7 कृषि ऋणों के सम्बन्ध में, वाणिज्य बैंकों और सहकारी संस्थाओं, दोनों के अतिदेयों के बढ़ते हुए स्तर से काफी चिंता हो रही है। छठी योजना के दस्तावेज में विशेष रूप से इस बात पर बल दिया गया है कि वसूली स्थिति को सुधारने के उपाय किए जाएं ताकि पहले से ही कम पूंजी साधनों के पुनश्चक्रण में सुविधा हो। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा गठित कृषि और ग्रामीण विकास के लिए संस्थागत ऋण व्यवस्था के उच्च अधिकारों की समिति ने इस विषय पर कई सिफारिशें की हैं और जब इन्हें कार्यान्वित किया जाएगा तो बैंकों की वसूली में सुधार होगा और अच्छी वसूली के लिए वातावरण भी तैयार होगा। संस्था निर्माण के प्रयासों के रूप में, कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम, भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से, जिन 6 राज्य भूमि विकास बैंकों के अतिदेय स्तर ऊंचे हैं, उनके संगठन, वितरण-व्यवस्था और गतिविधियों में सुधार लाने के लिए बहुत से उपाय खोज रहा है। जो वाणिज्य बैंक कृषि पनर्वित्त और विकास निगम के पुनर्वित्त वितरणों के 50% से भी अधिक का उपयोग

कर रहे हैं उनकी वसूली स्थिति सुधारने की ओर भी कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम बहुत ध्यान दे रहा है।

8.8 कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम और सदस्य बैंक, दोनों द्वारा किए गए वितरणों की बढ़ती हुई मात्रा से, ऋण वितरण की गुणवत्ता में सुधार लाने आदि के साथ लाभार्थियों द्वारा जान बूझकर ऋण न लौटाने के खिलाफ प्रभावी निरीक्षण करने की बहुती जिम्मेदारी भी आ जाती है। अतः सभी स्तरों पर परियोजना निगरानी को मजबूत बनाने की व्यवस्था भी करनी होगी।

8.9 राष्ट्रीय कृषि और विकास बैंक स्थापित किए जाने का भी प्रस्ताव है। इस सम्बन्ध में पार्लियामेन्ट में बिल जल्द ही प्रस्तुत किया जाएगा। इस नई संस्था का केन्द्र कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम होगा। इस प्रकार, इस नए संस्थान को कृषि और सम्बद्ध क्षेत्रों में सावधि-निदेशों के लिए कृषि पुनर्वित्त विकास निगम द्वारा तैयार किए गए तकनीकी और वित्तीय विशेषज्ञों की सेवाएं उपलब्ध होंगी। यह नया बैंक कुटीर और ग्रामीण उद्योगों, ग्रामीण दस्तकारों आदि का वित्तपोषण करने के साथ-साथ संपूर्ण ग्रामीण विकास को एकाग्रतापूर्वक अबाधित और सशक्त निदेश देने में समर्थ हो सकेगा। यह नया बैंक भारतीय रिजर्व बैंक से व्यापक साधन और अधिकार ग्रहण करेगा तथा विकेन्द्रीकरण के एक अंग के रूप में सहकारी समितियों को अल्पावधि साख के लिए पुनर्वित्त प्रदान करने का उत्तरदायित्व भी लेगा।

वित्त

अपने ऋण कार्यक्रमों को वित्तपोषित करने के लिए निगम को उपलब्ध निधियों के स्रोत 1979-80 के 450.9 करोड़ रुपये से बढ़कर 1980-81 में 590.5 करोड़ रुपये हो गए हैं।

शेयर पूंजी

9.2 कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम अधिनियम की धारा 20 (2) के अंतर्गत निगम की उधार लेने की क्षमता उसकी चुकता पूंजी और प्रारक्षित निधि की 20 गुनी राशि तक सीमित है। वर्ष के दौरान निगम की प्राधिकृत और चुकता शेयर पूंजी में कोई परिवर्तन नहीं हुआ, 30 जून 1981 को यह राशि क्रमशः 100.0 करोड़ रुपये और 57.5 करोड़ रुपये रही। 30 जून 1981 की निगम की शेयर पूंजी में शेयर धारियों के विभिन्न वर्गों का अंशदान सारणी 20 में दिया गया है।

प्रारक्षित और अन्य निधियां

9.3 वर्ष 1979-80 के लाभ में से वर्ष के दौरान 5.1 करोड़ रुपये प्रारक्षित निधि, 3.0 करोड़ रुपये अनुसंधान और विकास निधि और 5.0 करोड़ रुपये भवन-निर्माण निधि के लिए रखे गए। इसके साथ-साथ 41 लाख रुपये की ब्याज की राशि अनुसंधान और विकास निधि में विनियोजित की गई है। 1976-77 से 1980-81 तक के पिछले पांच वर्षों की अवधि के दौरान विभिन्न निधियों के स्रोतों का विवरण निम्नलिखित सारणी 19 में दिया गया है :—

सारणी 19—निधियों के स्रोत

करोड़ रुपये

स्रोत	1979–80	जोड़ का प्रतिशत	1980–81	जोड़ का प्रतिशत	जुलाई 1976 से जून 1981	जोड़ का प्रतिशत
1. प्रदत्त शेयर पूंजी और प्रारक्षित निधि	5.2	1.1	5.1	0.9	58.7	3.0
3. प्रारक्षित पूंजी	—	—	—	—	5.0	0.3
3. भारतीय रिजर्व बैंक की विशेष जमा राशियां	1.7	0.4	—	—	4.6	0.2
4. भारत सरकार से ऋण :						
(क) अंविसंघ/अंपुवि बैंक निधियां	104.4	23.2	136.1	23.0	514.9	26.6
(ख) अन्य	60.5	13.4	108.7	18.4	179.5	9.3
5. भारतीय रिजर्व बैंक की राष्ट्रीय कृषि ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्तन) निधि से लिए गए उधार	85.0	18.9	95.0	16.1	370.0	19.1
6. बांड	39.6	8.8	35.1	5.9	183.4	9.5
7. बैंकों द्वारा की गई चुकौतियां	154.4	34.2	201.7	34.2	600.4	31.0
8. शेष ऋण लेखे में जमा राशि	0.1	—	0.4	0.1	7.1	0.4
9. अनुसंधान और विकास निधि	—	—	3.4	0.6	5.4	0.3
10. भवन निर्माण निधि	—	—	5.0	0.8	5.0	0.3
जोड़	450.9	100.0	590.5	100.0	1934.0	100.0

सारणी 20—शेयर पूंजी में अंशदान—स्रोत

अभिदाता	संख्या	शेयर मूल्य (करोड़ रुपये)	जोड़ का प्रतिशत
1. भारतीय रिजर्व बैंक	31071	31.1	54.0
2. राज्य भूमि विकास बैंक	9268	9.2	16.1
3. राज्य सहकारी बैंक	4595	4.6	8.0
4. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों सहित अनुसूचित वाणिज्य बैंक	11081	11.1	19.3
5. भारतीय जीवन बीमा निगम	893	0.9	1.6
6. अन्य बीमा और निवेश कम्पनियां	592	0.6	1.0
जोड़	57500	57.5	100.0

समीक्षाधीन वर्ष में तवा कमाण्ड क्षेत्र परियोजना के लिए अपेक्षित 1.18 लाख रुपये की राशि ब्याज विभेदक निधि में अंतरित की गई है। यह भारत सरकार को कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम द्वारा चुकाई गई ब्याज की वह अधिक राशि है जो भारत सरकार द्वारा के. एफ. डब्ल्यू. को देय थी।

भारत सरकार से ऋण

9.4 वर्ष के दौरान, निगम ने 244.8 करोड़ रुपये भारत सरकार से उधार लिए जो विभिन्न परियोजनाओं के अंतर्गत वितरित की गई राशि की प्रतिपूर्ति के बराबर थे। इसमें अंविसंघ/अंपुवि बैंक परियोजनाओं के अंतर्गत 136.1 करोड़ रुपये की राशि और सहायता देने वाली अन्य अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों/देशों, जैसे ईईसी (7.0 करोड़ रुपये) यू. के. (11.0 करोड़ रुपये); सीआईडीए (17.5 करोड़ रुपये) और पश्चिम जर्मनी की के.एफ.डब्ल्यू. (42.4 करोड़ रुपये), नीदरलैंड (16.6 करोड़ रुपये); एस.आई.डी.ए. (11.7 करोड़ रुपये) और यू.एस.ए.आई.डी. (2.5 करोड़ रुपये) के अंतर्गत स्वीकृत सहायता के 108.7 करोड़ रुपये शामिल हैं।

बाजार से ऋण

9.5 वर्ष के दौरान कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने कुल 35.1 करोड़ रुपये की राशि के बांडों की सोलहवीं श्रृंखला जारी की। इन बांडों को 6.75 प्रतिशत ब्याज दर से 12 वर्ष की अवधि के लिए सममूल्य पर जारी किया गया था। जून 1981 के अन्त में कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम द्वारा खुले बाजार से लिए गए ऋण की कुल राशि 321.1 करोड़ रुपये थी। सोलहवीं श्रृंखला के लिए विभिन्न अभिदाताओं से प्राप्त अभिदान की कुल राशि तथा पिछली श्रृंखलाओं के कुल योगदान की राशि सारणी 21 में दिखाई गई है।

सारणी 21 - विभिन्न एजेंसियों द्वारा बांडों में अभिदान

(करोड़ रुपये)

अभिदाता	श्रृंखला I से XV	श्रृंखला	जोड़
1. भारतीय स्टेट बैंक और सहायक बैंक	80.0	2.6	82.6
2. राष्ट्रीयकृत बैंक	108.6	20.8	129.4
3. अन्य वाणिज्य बैंक	17.5	1.5	19.0
4. भारतीय जीवन बीमा निगम	3.7	1.0	4.7
5. अन्य बीमा और निवेश कम्पनियां	1.6	0.3	1.9
6. सहकारी बैंक	73.0	4.9	77.9
7. अन्य	1.6	4.0	5.6
जोड़	286.0	35.1	321.1

भारतीय रिजर्व बैंक से ऋण

9.6 भारतीय रिजर्व बैंक ने इस वर्ष में राष्ट्रीय कृषि ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्तन) निधि से 95.0 करोड़ रुपये का ऋण मंजूर किया और निगम ने उस ऋण का पूरा उपयोग किया है। पिछले ऋणों की किस्तें चुकाने के बाद, 30 जून 1981 के अन्त में इस शीर्ष के अंतर्गत लिए गए ऋणों की बकाया राशि 366.4 करोड़ रुपये थी।

चुकौतियां

9.7 वर्ष के दौरान सदस्य बैंकों द्वारा की गई चुकौतियों की राशि 201.7 करोड़ रुपये रही, जबकि पिछले वर्षों के दौरान उक्त राशि 154.4 करोड़ रुपये थी। जून 1981 के अन्त तक सदस्य बैंकों द्वारा 645.1 करोड़ रुपये की राशि चुकाई गई, जिसका ब्यौरा नीचे सारणी 22 में दिया गया है।

सारणी 22 – पुनर्वित्त की चुकौती

(करोड़ रुपये)

एजेंसी	कृपुविनि की योजनायें	अंविसंघ की सहायता प्राप्त योजनाएं	जोड़
1. अनुसूचित वाणिज्य बैंक	164.0	129.3	293.3
2. राज्य भूमि विकास बैंक	112.0	215.6	327.6
3 राज्य सहकारी बैंक	13.5	10.7	24.2
जोड़	289.5	355.6	645.1

लाभ

9.8 पिछले वर्ष 115.42 लाख रुपये के लाभ को समायोजन सहित वर्ष 1980-81 के दौरान विनियोजन के लिए उपलब्ध निगम का निवल लाभ 1770.71 लाख रुपये रहा। निदेशकों ने लाभ के विनियोजन की सिफारिश नीचे लिखे अनुसार की है :

	लाख रुपये
अनुसन्धान और विकास निधि में अन्तरण	300.00
प्रारक्षित निधि में अन्तरण	340.08
भवन निर्माण निधि में अन्तरण	800.00
शेयरों पर लाभांश *	330.63
जोड़	1770.71

संगठन और अन्य बातें

शेयरधारी

वर्ष 1980-81 के दौरान, पांच क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक और अंडमान निकोबार राज्य सहकारी बैंक लि. कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के सदस्य बने। पिछले वर्ष के 160 सदस्यों के मुकाबले, जून 1981 के अन्त तक निगम के कुल सदस्यों की संख्या 166 तक पहुंच गई (विवरण 14 देखें)।

निदेशक बोर्ड

10.2 वर्ष के दौरान निदेशक बोर्ड की बैठकें 6 बार हुई।

10.3 भारत सरकार ने कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम अधिनियम, 1963 की धारा 10 (सी) के अन्तर्गत श्री बलदेव सिंह के स्थान पर श्री सी. पी. साहनी, संयुक्त सचिव, भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग (बैंकिंग प्रभाग) को निगम में निदेशक के रूप में नामित किया है।

10.4 दिनांक 29 सितम्बर 1980 को हुई साधारण सभा की बैठक में कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम अधिनियम, 1963 की धारा 10 (डी.) के अन्तर्गत श्री बी. एस. विश्वनाथन के स्थान पर श्री सम्पतराव एन. पाटील को निगम के निदेशक के रूप में चुना गया था। उक्त बैठक में कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम अधिनियम की धारा 10(एफ) और 10(ई) के अन्तर्गत क्रमशः सर्वश्री पी. सी. डी. नाम्बियार और वीरप्पा कुशनूर का निगम के निदेशक के पद पर दूसरी बार चुनाव किया गया।

10.5 श्री एम. ए. चिदम्बरम् के सेवा-निवृत्ति-पूर्व छुट्टी पर जाने के बाद, भारतीय रिजर्व बैंक ने कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के निदेशक बोर्ड के परामर्श से कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम अधिनियम 1963 की धारा 10 (जी) के अन्तर्गत 1 जनवरी 1981 से श्री सन्त दास को निगम के प्रबन्ध निदेशक के रूप में नियुक्त किया।

10.6 बोर्ड ने निगम के निदेशकों के रूप में सर्वश्री बलदेव सिंह और बी. एस. विश्वनाथन तथा निगम के प्रबंध निदेशक के रूप में श्री एम. ए. चिदम्बरम् द्वारा निगम के लिए की गई अमूल्य सेवाओं की भूरि-भूरि सराहना की।

हिन्दी का प्रयोग

10.7 दिन प्रति दिन हिन्दी के अधिकाधिक प्रयोग को लोकप्रिय बनाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक की राजभाषा कार्यान्वयन समिति में कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम का प्रतिनिधित्व जारी रहा। हिन्दी में प्राप्त सभी पत्रों का उत्तर हिन्दी में दिया जाता है। श्रेणी 3 और 4 से सम्बन्धित कार्यालयपरिपत्रों को हिन्दी और अंग्रेजी, दोनों भाषाओं में जारी किया जाता है। भारतीय रिजर्व बैंक की अनिवार्य हिन्दी शिक्षण योजना के अन्तर्गत वर्ष के दौरान निगम के प्रधान कार्यालय में चलाये जा रहे केन्द्र में 21 अधिकारियों को हिन्दी का प्रशिक्षण दिया गया है। इसके अलावा, निगम के प्रधान कार्यालय में कर्मचारियों को हिन्दी में टिप्पणी व प्रारूप लिखने का प्रशिक्षण देने के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रधान कार्यालय तथा क्षेत्रीय कार्यालयों में उपयोग में आनेवाले फार्म, मानक-मसौदे, रजिस्टर, साइन-बोर्ड आदि को द्विभाषिक रूप में तैयार किया गया है। निगम के प्रधान कार्यालय तथा छः क्षेत्रीय कार्यालयों में, हिन्दी में प्रकाशित, पत्रिकाएं खरीदी जाती हैं और इन क्षेत्रीय कार्यालयों में सामान्य रुचि की हिन्दी पुस्तकों के पुस्तकालय स्थापित किए जा चुके हैं। निगम द्वारा पहले अंग्रेजी में प्रकाशित, कुछ पुस्तिकाओं के हिन्दी संस्करण भी वर्ष के दौरान प्रकाशित हो चुके हैं। कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के त्रैमासिक प्रकाशन ''एआरडीसी न्यूज'' में हिन्दी खण्ड शामिल किया गया है।

विदेश यात्रा

10.8 वर्ष 1980-81 के दौरान, निगम के वरिष्ठ अधिकारियों ने चार बार विदेश यात्राएं की और इस पर कुल व्यय 77,000 रुपये हुआ।

निदेशकों की ओर से
एम. रामकृष्णय्या
अध्यक्ष

22 अगस्त 1981

संक्षिप्त रूप	
कृऋवि	कृषि ऋण विभाग।
कृपपा	कृषि-परियोजना पाठ्यक्रम।
आप्रकेंस कृवि बैंक	आंध्र प्रदेश केन्द्रीय सहकारी कृषि विकास बैंक।
कृपविनि	कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम।
कक्षेप्रा	कमाण्ड क्षेत्र प्राधिकरण।
कक्षेवि	कमाण्ड क्षेत्र विकास।
कृबैम	कृषि बैंकिंग महाविद्यालय।
कक्षेविप्रा	कमाण्ड क्षेत्र विकास प्राधिकरण।
वाबैंकृऋस	वाणिज्य बैंकों के माध्यम से कृषि ऋण पर समिति।
कैअंविए	कैनेडियन अंतर्राष्ट्रीय विकास एजेंसी।

वाबैंक	: वाणिज्य बैंक।
कृग्राविसंऋव्यसम	: कृषि और ग्रामीण विकास के लिए संस्थागत ऋण से सम्बन्धित व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए समिति।
जिउनि	: जिला उन्मुख निगरानी।
ईईसी	: यूरोपीयन इकोनोमिक कम्युनिटी।
भास	: भारत सरकार।
अंपुवि बैंक	: अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक।
एपविप	: एकीकृत पशु विकास परियोजना।
एरूविप	: एकीकृत रूई विकास परियोजना।
अंविसंघ	: अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ।
कृविअंनिधि	: कृषि विकास के लिए अंतर्राष्ट्रीय निधि।
एग्राविका	: एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम।
केकृविप	: केरल कृषि विकास परियोजना।
कडेविनि	: कर्नाटक डेरी विकास निगम।
केएफडब्ल्यू	: क्रेडिनस्टाल्ट फर वीदरोफबाउ।
भूवि बैंक	: भूमि विकास बैंक।
भूविनि	: भूमि विकास निगम।
राकृग्रावि बैंक	: राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक।
राकृऋ (दी. प.)	: राष्ट्रीय कृषि ऋण (भारि बैंक की दीर्घावधि परिचालन निधि)।
पसरि	: परियोजना समाप्ति रिपोर्ट।
प्राभूवि बैंक	: प्राथमिक भूमि विकास बैंक।
प्राभूबं बैंक	: प्राथमिक भूमि बंधक बैंक।
भारि बैंक	: भारतीय रिजर्व बैंक।
राभूविनि	: राजस्थान भूमि विकास निगम।
ग्राआऋ कक्ष	: ग्रामीण आयोजना और ऋण कक्ष।
क्षेग्रा बैंक	: क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक।
रास बैंक	: राज्य सहकारी बैंक।
स्वीअंविए	: स्वीडिश अंतर्राष्ट्रीय विकास एजेंसी।
राभूवि बैंक	: राज्य भूमि विकास बैंक।
विकृप	: विशेष कृषि परियोजना।
संरा	: संयुक्त राज्य।
अंविअए	: अंतर्राष्ट्रीय विकास के लिए अमरीकी एजेंसी।

व्याख्यात्मक टिप्पणियां

1. राशियों को निकटतम लाख रुपयों/करोड़ रुपयों में पूर्णांकित किया गया है।

2. विवरणों में निम्नलिखित चिन्हों/संक्षिप्त नामों का उपयोग किया गया है।

चिन्ह : @अद्यतन उपलब्ध आंकड़े

—शून्य या नगण्य

संक्षिप्त नाम:

प्रयोजन:	लसिं	= लघु सिंचाई
	ग्राविनि/विकृप	= ग्रामीण विद्युतीकरण निगम/विशेष कृषि परियोजना
	भूवि/कक्षेवि	= भूमि विकास/उधार/संरक्षण/कमाण्ड क्षेत्र विकास
	कृम/कृउ/कृसेकें	= कृषि मशीनीकरण/कृषि उपकरण/कृषि सेवा केन्द्र
	बाग/बानी	= बगान/बागबानी
	मुपा	= मुर्गीपालन
	मपा	= मत्स्यपालन
	भेपा/सूपा	= भेड़ पालन/सूअर पालन
	डेवि	= डेरी विकास
	भं और बा	= भंडार और बाजार केन्द्र
	वन	= वन उद्योग
	कृवि	= कृषि विपणन
	एग्राविका	= एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम
	एरूविप	= एकीकृत रूई विकास परियोजना
	गोसं	= गोबर गैस संयंत्र
	दीअ	= दीर्घावधि
	अअ	= अल्पावधि

अन्य = अन्य
संप्र = संयुक्त प्रयोजन
अवित्त = अंतरिम वित्त

एजेंसी : 1. राभूवि बैंक = राज्य भूमि विकास बैंक
2. वा बैंक = अनुसूचित वाणिज्य बैंक (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक सहित)
3. रास बैंक = राज्य सहकारी बैंक
4. क्षेग्रा बैंक = क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक

लाख रुपए

विवरण 1

1980-81 के दौरान मंजूरियां—क्षेत्रवार और राज्यवार

क्षेत्र/राज्य/संघ शासित क्षेत्र	योजनाओं की संख्या*	वित्तीय सहायता	कृषिविनि के वायदे	राज्य सरकारों/ बैंकों के वायदे
1 2	3	4	5	6
I. उत्तरी क्षेत्र				
दिल्ली	5	34	28	6
हरियाणा	198	7813	6256	1557
हिमाचल प्रदेश	11	353	302	51
जम्मू और कश्मीर	21	349	311	38
पंजाब	253	7615	5849	1766
राजस्थान	200	3806	2781	1025
	688	19970	15527	4443
II. उत्तर पूर्वी क्षेत्र				
असम	63	2195	1975	220
मणिपुर	1	2	1	1
मेघालय	5	54	49	5
मिजोरम	1	9	8	1
नागालैण्ड	3	46	41	5
त्रिपुरा	44	349	313	36
	117	2655	2387	268
III. पूर्वी क्षेत्र				
बिहार	215	4101	3409	692
उड़ीसा	178	5422	4678	744
पश्चिम बंगाल	264	2990	2648	342
	657	12513	10735	1778
IV. मध्यवर्ती क्षेत्र				
मध्य प्रदेश	472	11495	9838	1657
उत्तर प्रदेश	492	18734	14968	3766
	964	30229	24806	5423
V. पश्चिमी क्षेत्र				
गोवा	14	225	184	41
गुजरात	142	3625	2939	686
महाराष्ट्र	367	9937	7823	2114
	523	13787	10946	2841

1	2	3	4	5
दक्षिणी क्षेत्र				
आन्ध्र प्रदेश . .	948	14330	11345	2985
कर्नाटक	290	4594	3615	979
केरल	86	1154	890	264
लक्षद्वीप	1	11	10	1
तमिलनाडु	219	2313	1673	640
पांडिचेरी	1	4	3	1
	1545	22406	17536	4870
जोड़: (I से)	4494	101560	81937	19623

*इसमें एग्राविका बैंकिंग प्लानें शामिल नहीं हैं।

टिप्पणी : वर्ष के दौरान चण्डीगढ़, अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह तथा दादरा और नगर हवेली में कोई नई योजना मंजूर नहीं की गई।

विवरण 2

30 जून 1981 तक मंजूर योजनाओं का बटवारा–प्रयोजनवार और एजेंसीवार

(क) राज्य भूमि विकास बैंक

लाख रुपए

प्रयोजन	योजनाओं की संख्या	वित्तीय सहायता	कृषिवनि के वायदे	वितरण
लघु सिंचाई	2720	164750	148540	96840
भूमि विकास	422	11859	9438	4644
कृषि मशीनीकरण	149	16126	12157	10632
बागान/बागवानी	558	12655	9736	3771
मुर्गीपालन/भेड़पालन/सूअरपालन . . .	170	2277	1739	778
मत्स्यपालन	96	1608	1389	375
डेरी विकास	249	2896	2224	917
भंडार और बाजार केन्द्र	8	130	103	--
गोबर गैस संयंत्र	32	246	186	5
अन्य	214	2096	1688	483
एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम . . .	—	3754	3374	151
जोड़ . .	4618	218397	190574	118596

(ख) वाणिज्यिक बैंक

लाख रुपए

